* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

20 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 149


भारत की वनडे में 'सबसे बड़ी' हार, ऑस्ट्रेलिया की ऐतिहासिक जीत, 37 ओवर में समाप्त हुआ दूसरा मैच











## बारिश से नुकसान : चादर तान कर सोया रहा ठेकेदार

# लोहरदगा रेलवे रैक प्वाइंट पर खुले आसमान के नीचे सड़ रहा है चावल



- लोहरदगा-गुमला जिले की राशन दुकानों के माध्यम से बंटेगा यह चावल

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर भारतीय खाद्य निगम का चावल खुले आसमान में सड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश ने चावल को पूरी तरह भिगो दिया है। एफसीआइ द्वारा रेलवे रैक प्वाइंट पर खाद्यान्न का डिपो बनाया गया है। यहां मालगाड़ी से अनाज उतरते ही उसे तुरंत गोदामों में भेजने का प्रावधान है । परिवहन के लिए पर्याप्त ट्रक नहीं होने का हवाला देकर रेलवे रैक प्वाइंट पर ही चावल को कई दिन तक खुले आसमान के नीचे छोड़ दिया गया है। यह चावल गुमला और लोहरदगा जिले में राशन दुकानों के माध्यम से गरीबों के बीच वितरित किया जाना है। बताया गया है कि दो जिलों के लिए आवंटित चावल रेलवे रैक प्वाइंट पर उतारा गया। इसे सिमडेगा के ठेकेदार सुबीर कुमार द्वारा गोदामों तक पहुंचाया जाना था, लेकिन यह तत्काल सुरक्षित गोदामों तक नहीं पहुंच सका। चावल को बारिश से बचाने का कोई कारगर उपाय भी नहीं किया गया। रविवार को इस सड़ चुके चावल के उठाव की कवायद शुरू की गयी। रेलवे रैक प्वाइंट पर चावल की देखभाल कर रहे लोगों ने दावा किया कि चावल को बारिश के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ है। बारिश से पहले पूरे स्टॉक को तिरपाल से ढंक दिया गया था।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

इस बारे में लोहरदगा डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता से तथ्यपरक जांच की जायेगी। इसमें शामिल लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध एक्शन लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सही तरीके से अनाज का उठाव कर उन्हें सुरक्षित गोदामों तक पहुंचाने के निर्देश दिये गये हैं।

### भीगा चावल गोदाम में नहीं होगा रिसीव : डीएसओ

जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा ने इस संदर्भ में कहा कि एसएसएफसी गोदाम के इंचार्ज को कड़ा निर्देश दिया गया है कि किसी हाल में भीगे और नमी वाले चावल रिसीव नहीं किये जायें। सूखा और फ्रेश चावल ही गोदाम में रिसीव किया जायेगा।

## लातेहार पुलिस को एक और कामयाबी

# 10 लाख का इनामी नक्सली बैजनाथ उर्फ चंदन गिरफ्तार

- हाल के दिनों में दबोचे गये हैं कई नक्सली

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** नक्सल विरोधी अभियान के दौरान लातेहार पुलिस को एक के बाद एक लगातार सफलता हाथ लग रही है। तीन दिन पहले पुलिस ने माओवादियों के सब जोनल कमांडर शीतल मोची और टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर कुलदीप गंझू को गिरफ्तार किया था। इस बार पुलिस ने 10 लाख रुपये के इनामी माओवादी जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह उर्फ चंदन सिंह खरवार उर्फ संजीवन को धर दबोचा है। उसकी गिरफ्तारी हेरंहज थाना क्षेत्र के सिकिद जंगल से की गयी है। गिरफ्तार जोनल कमांडर पर सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम रखा है। उस पर लातेहार, लोहरदगा और गुमला के विभिन्न थानों में संगीन धाराओं में कुल 68 मामले दर्ज हैं। पलामू आइजी राजकुमार लकड़ा ने रविवार को एसपी कार्यालय के सभागार में मीडिया को यह जानकारी दी।

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई :** आइजी ने बताया कि एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादियों का हथियारबंद दस्ता सेंट्रल कमेटी मेंबर सौरभ यादव उर्फ मारकश बाबा और रीजनल कमेटी मेंबर सुजीत जी उर्फ छोटू खरवार के नेतृत्व में मनिका और हेरहंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में किसी घटना को अंजाम देने के फेर में है। इसके अलावा कोल व्यवसायी, ठेकेदार और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी-रंगदारी वसूलने की नीयत से भ्रमणशील हैं। दस्ते में जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह, सब जोनल कमांडर कुंदन सिंह और मृत्युंजय सिंह के शामिल होने की सूचना थी। इस सूचना के सत्यापन के बाद एक टीम बना कर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।

**पुलिस ने सिकिद जंगल में बोला धावा :** छापेमारी दल ने हेरंहज थाना क्षेत्र के सिकिद जंगल में धावा बोला। पुलिस को देखते ही 10 माओवादी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने एक माओवादी को एक ऑटोमेटिक 5.56 एमएम इंसास राइफल और भारी मात्रा में गोली और पाउच के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम बैजनाथ सिंह (52) और पिता का नाम स्व गौरी सिंह बताया। उसने बताया कि वह मनिका थाना क्षेत्र के माइल (मटलौंग) का रहनेवाला है। इसके बाद चलाये गये सर्च ऑपरेशन में पुलिस को मौके से एक और ऑटोमेटिक 5.56 एमएम इंसास राइफल और गोलियां बरामद हुईं। इस संबंध में हेरहंज थाना में कांड संख्या 12/2013 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह के पास से पुलिस ने दो 5.56 एमएम इंसास राइफल, 5.56 एमएम इंसास राइफल के 370 जिंदा कारतूस, चार पॉकेट डायरी, दो वॉकी-टॉकी और इंसास राइफल का सात लोडेड मैगजीन बरामद किये हैं।




### लगातार मिल रही है सफलता : आइजी

आइजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि विगत एक वर्ष से लातेहार पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को कई सफलताएं मिली हैं। छापेमारी दल में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक बबलू कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानू प्रताप सिंह, एसआइ धर्मेंद्र कुमार महतो, गौतम कुमार, प्रदीप कुमार राय के अलावा सेट-1, सेट 126 तथा हेरहंज और मनिका थाना के रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

## चतरा में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल

# उंटा स्वास्थ्य केंद्र में रात भर कराहने के बाद प्रसूता की मौत, सोते रहे कर्मी

अजय चौरसिया

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे है। स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से आये दिन मरीजों की जान जा रही है। शुक्रवार की रात कोल्हैया पंचायत के लारा लूटुदाग गांव की प्रसूता भी इस लापरवाही की शिकार हो गयी। जानकारी के अनुसार गुंजन देवी को प्रसव के लिए उंटा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। बच्चे को जन्म देने के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत खराब हो गयी। रात भर वह कराहती रही, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया। समय रहते उसे बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल चतरा अथवा अन्य उच्च स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती नहीं कराया गया। सुबह जब मरीज की सांसें थमने लगीं, तो अस्पताल प्रबंधन ने आनन-फानन में उसे ममता वाहन से सदर अस्पताल भेजा, परंतु सदर अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही गुंजन देवी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना विभाग के वरीय अधिकारियों को भी दी गयी। उन्होंने इस मामले को अविलंब जांच करने का निर्देश चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिंद्रेला बलमुचू को दिया। इस मामले में ममता वाहन के चालक की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। वहीं सिविल सर्जन डॉ एसएन सिंह ने बताया कि इस मामले में हुई जांच की रिपोर्ट अब तक उनके पास नहीं आयी है।

# रेप पीड़ितों पर दिये बयान पर राहुल ने 4 पेज में दिया जवाब

## कांग्रेस बोली- सावरकर समझा क्या, नाम राहुल गांधी है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रेप पीड़ितों पर दिये बयान पर राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस की नोटिस पर मेल के जरिए 10 पॉइंट में 4 पेज का जवाब दिया है। राहुल ने कहा कि क्या यह मेरी ओर से अडाणी पर दिए गए बयान की वजह से हो रहा है। मैंने बयान 45 दिन पहले दिया था, जिस पर अब अचानक नोटिस देने की क्या जरूरत पड़ गयी? देश में अभी भी महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न हो रहा है। राहुल ने इस नोटिस पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए 8-10 दिन का समय मांगा है। बता दें कि दिल्ली पुलिस की एक टीम रविवार को पिछले पांच दिनों में तीसरी बार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर पहुंची।

वहीं, कांग्रेस ने ट्विटर पर लिखा, 'सावरकर समझा क्या... नाम- राहुल गांधी है।' कांग्रेस के इस ट्वीट को रिट्वीट करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'कृपया महान आत्मा वीर सावरकर का अपमान न करें। हाथ जोड़ कर विनती कर रहा हूं।'

# पाकिस्तान पहुंचा योगी का बुलडोजर मॉडल

## पूर्व पीएम इमरान खान का घर ध्वस्त : पेट्रोल बम बरामद, समर्थकों पर बरसीं लाठियां

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के चर्चित 'बुलडोजर मॉडल' की धमक सीमा पार में भी सुनाई देने लगी है। तोशखाना मामले में सुनवाई के लिए रवाना होते ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लाहौर स्थित घर पर पुलिस का बुलडोजर चल गया। अचानक इस कार्रवाई के बाद वहां उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चर्चा होने लगी। इस दौरान पुलिस और तहरीके इंसाफ पार्टी के समर्थकों में भिड़ंत भी हुई। पुलिस ने लाठियां बरसायीं। इमरान समर्थकों ने पत्थर फेंके।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने की कई कोशिश कर चुकी पुलिस ने शनिवार को उस समय उनके घर पर धावा बोला, जब वह तोशखाना मामले में सुनवाई के लिए लाहौर से इस्लामाबाद रवाना हुए थे। इमरान के रवाना होते ही लाहौर पुलिस ने इमरान खान के जमान पार्क स्थित घर पर बुलडोजर चला दिया। बुलडोजर की मदद से पुलिस ने इमरान के घर का मुख्य द्वार तोड़ दिया और भीतर घुस गयी। पुलिस पूरी तैयारी से इमरान के घर पर धावा बोलने गयी थी। पुलिस अपने साथ बुलडोजर, बख्तरबंद वाहन, वाटर कैनन आदि लेकर गयी थी।

इमरान के घर पर बुलडोजर चलने से उनके समर्थकों का आक्रोश बढ़ गया। उन लोगों ने पुलिस पर पथराव करते हुए जम कर विरोध किया। पुलिस ने भी समर्थकों पर लाठियां चटकायीं। इमरान के घर के भीतर मौजूद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार भी किया गया है। इस दौरान फायरिंग की जानकारी भी सामने आयी है।



### इमरान ने कार्रवाई को गैर-कानूनी कहा

इस बीच इमरान खान ने एक बयान जारी कर कहा कि पंजाब पुलिस ने उनके घर पर छापा मारा, जहां उनकी पत्नी बुशरा बीबी अकेली थीं। उन्होंने दावा किया कि लाहौर स्थित उनके घर के अंदर और बाहर पुलिसवाले मौजूद हैं। पुलिस अपने अभियान में तमाम चीजों को हटा रही है। इमरान ने सवाल उठाया कि आखिर किस कानून के तहत लाहौर पुलिस यह अभियान चला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा बनाये गये लंदन प्लान के तहत यह कार्रवाई हो रही है। यह कार्रवाई उस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए हो रही है, जिसमें भगोड़े नवाज शरीफ को सत्ता में वापस लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### गठबंधन वाली सरकार गिरफ्तार करना चाहती

इमरान खान ने ट्वीट कर कहा कि यह साफ है कि सभी मामलों में जमानत मिलने के बाद भी पाकिस्तान डेमेक्रे टिक मूवमेंट (पीडीएम) की गठबंधन वाली सरकार उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि उनके इन बदनीयत विचारों के बावजूद वह इस्लामाबाद की कोर्ट जा रहे हैं, क्योंकि वह कानून के शासन पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि लाहौर में उनके घर के पास जो भी घटनाक्रम हुआ, वह उन्हें जेल में बंद करने के लिए था, ताकि वह चुनाव अभियान का नेतृत्व न कर सकें।




आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,500 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो



# यात्रा की राजनीति का अखाड़ा बना बिहार का सीमांचल

## ■ अमित शाह, नीतीश और अब असदुद्दीन ओवैसी के दौरे से गरमाया माहौल

## ■ राजनीति में बेहद संवेदनशील हो गया है नेपाल-बांग्लादेश से सटा इलाका

आजाद सिपाही विशेष

**लोकतंत्र की जननी कहे जानेवाले बिहार का सीमांचल इलाका इन दिनों राजनीतिक गतिविधियों, या यों कहें कि यात्राओं की राजनीति से गरमाया हुआ है। बांग्लादेश और नेपाल से सटे पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार सीमांचल के इलाके में आते हैं और यहां का राजनीतिक माहौल आज से पहले इतना गरम कभी नहीं हुआ था। लेकिन जैसे-जैसे 2024 नजदीक आ रहा है, इस इलाके में राजनीतिक दलों, गठबंधनों और नेताओं की आवाजाही बढ़ती ही जा रही है। राजनीतिक दृष्टि से आम तौर पर शांत रहनेवाले इस इलाके के लोग इन बढ़ती गतिविधियों से भौंचक्के तो हैं, लेकिन इसके साथ वे अब अपनी राजनीतिक हैसियत को महसूस भी करने लगे हैं। इसलिए सीमांचल को बिहार के दूसरे हिस्सों से जोड़नेवाले दो राष्ट्रीय उच्च पथों, यानी नेशनल हाइवे के दोनों ओर के निवासी अब सभाओं, रैलियों और यात्राओं में अधिक संजीदगी से शामिल होने लगे हैं। लोगों की राजनीतिक जागरूकता में इस अप्रत्याशित वृद्धि की पृष्ठभूमि में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि आखिर साल के सात-आठ महीने बाढ़ से घिरे रहने और तमाम तरह की बाधाओं को झेलने के लिए अभिशप्त रहनेवाले सीमांचल का इलाका राजनीतिक दलों के लिए अचानक इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है कि तीन महीने के अंतराल में बिहार में सत्तारूढ़ जदयू-राजद के नेता, फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अब एआइएमआइएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी यहां राजनीतिक कार्यक्रम करने आ गये हैं। क्या है सीमांचल की राजनीति का फंडा और यह इलाका क्यों इतना संवेदनशील और महत्वपूर्ण हो गया है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार का सीमांचल इलाका इन दिनों राजनीतिक गतिविधियों से गुलजार है। पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और अररिया का इलाका, जो साल में सात-आठ महीने तक बाढ़ में डूबा रहता है और जहां के लोग अभाव झेलने के लिए अभिशप्त हैं, इन दिनों राजनीतिक नेताओं की यात्राओं का मंजिल बना हुआ है। पहले बिहार के सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पूर्णिया में रैली की। उसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी किशनगंज में रैली करने पहुंचे और अब देश में मुसलमानों के स्वघोषित नेता, एआइएमआइएम के अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी यहां पदयात्रा कर रहे हैं। इसे उन्होंने 'सीमांचल अधिकार यात्रा' नाम दिया है। ओवैसी की बिहार में इंट्री से राजनीतिक दलों में बेचैनी बढ़ गयी है। राजनीतिक दलों का मानना है कि एआइएमआइएम चीफ तुष्टिकरण करने के लिए सीमांचल आये हैं, लेकिन प्रदेश की जनता उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। अब सवाल है कि क्या बिहार की सत्ता सीमांचल से ही तय होगी, क्योंकि इस इलाके पर जिस तरह सभी का फोकस है, उससे लगता है कि बिहार की राजनीति का असली मुकाबला यहीं देखने को मिलेगा।

### बिहार में यात्राओं की बहार

सीमांचल से पहले यह समझना जरूरी है कि बिहार में पिछले कुछ महीनों में कितनी यात्राएं हुईं या हो रही हैं। कांग्रेस (भारत जोड़ो यात्रा), नीतीश कुमार (समाधान यात्रा), प्रशांत किशोर (जन सुराज अभियान), उपेंद्र कुशवाहा (विरासत बचाओ नमन यात्रा), जीतनराम मांझी (गरीब संपर्क यात्रा) के बाद आरसीपी सिंह, चिराग पासवान और मुकेश साहनी भी यात्रा कर रहे हैं। अब इस कड़ी में एआइएमआइएम का भी नाम शामिल हो गया है। यहां गौर करनेवाली बात यह है कि भाजपा की प्रदेश में छोटी-मोटी यात्राएं लगातार चलती रहती हैं।

### क्यों हो रही है ओवैसी की यात्रा

पिछले महीने फरवरी में एआइएमआइएम का राष्ट्रीय अधिवेशन मुंबई में हुआ था। इसमें आर्थिक पैकेज के साथ सीमांचल को विशेष दर्जा देने का प्रस्ताव, सीमांचल में अवैध प्रवासियों के बसने का झूठा आरोप और राजद द्वारा एआइएमआइएम के चार विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल करने की निंदा की गयी थी। अपनी यात्रा में ओवैसी ने किशनगंज, ठाकुरगंज, बहादुरगंज, कोचाधामन, बायसी और अमौर में अलग-अलग जगहों का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान ओवैसी के निशाने पर भाजपा के अलावा बिहार की महागठबंधन सरकार रही।







### सीमांचल में क्या छुपा है सत्ता का राज

बिहार में लोकसभा की 40 और विधानसभा की 243 सीटें हैं। इसमें से प्रदेश की 40 से 41 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर सीधा प्रभाव अल्पसंख्यकों का है, यानी 20 फीसदी सीट पर अल्पसंख्यक समाज की मजबूत पकड़ है। सीमांचल में मुस्लिमों की बड़ी आबादी है। इसकी सीमा बंगाल और असम से सटी हुई है। यहां की 24 विधानसभा सीटों पर मुस्लिमों का सीधा प्रभाव है और 12 सीटों पर 50 फीसदी आबादी मुसलमानों की है। यहां लोकसभा की तीन सीटें महागठबंधन (पूर्णिया, किशनंगज और कटिहार) के पास हैं और एक (अररिया) भाजपा के पास है। अब आते हैं विधानसभा सीट पर। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में सीमांचल में एनडीए (भाजपा-जदयू) ने 12 सीटें जीती थीं, सात महागठबंधन और पांच एआइएमआइएम को मिली थी। हालांकि बाद में एआइएमआइएम के चार विधायक राजद में शामिल हो गये थे। अब भाजपा-जदयू के अलग होने के बाद कुल 16 सीटों पर महागठबंधन का कब्जा है। इनमें कांग्रेस के पास पांच, राजद के पास सात और जदयू के पास चार सीटें हैं। यानी सत्ता का एक बड़ा दरवाजा सीमांचल से होकर गुजरता है और यही वजह है कि सभी की निगाह सीमांचल पर टिकी हुई है।

### ओवैसी की यात्रा से क्या हो सकता है

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद सबसे बड़ा दल बन कर उभरा था, लेकिन वह सत्ता पर काबिज होने से चूक गया था। पार्टी से जुड़े नेताओं की मानें, तो एआइएमआइएम की वजह से उसे भारी नुकसान हुआ था। उनका कहना है कि अगर एआइएमआइएम ने अपने प्रत्याशी कई जगहों पर न उतारे होते, तो मुसलमानों का वोट नहीं बंटता और इसका फायदा राजद को मिलता। बाद में राजद ने एआइएमआइएम के पांच में से चार विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया था। राजद के इस कदम के बाद से ओवैसी के निशाने पर लालू यादव की पार्टी है। पिछले साल बिहार एआइएमआइएम के अध्यक्ष अख्तरुल इमान ने राजद पर निशान साधते हुए कहा था कि जो लोग अल्पसंख्यकों की बात करते थे, उन्होंने अल्पसंख्यक समाज की पार्टी को तोड़ा है। राजद को हमने धूल चटायी और वे हमारे चार विधायक ले गये हैं, लेकिन अब अगले चुनाव में हम 24 विधायक लेकर आयेंगे।

### तेजस्वी यादव ने एआइएमआइएम को बताया भाजपा की बी टीम

फरवरी में अमित शाह भी बिहार दौरे पर आये थे और इसी दिन महागठबंधन ने भी सीमांचल के पूर्णिया में एक जनसभा की थी। इस जनसभा में बिहार के डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिना नाम लिये एआइएमआइएम को भाजपा की बी टीम बताया था। उन्होंने कहा था कि ये लोग अभी फिर आयेंगे और आपको डरायेंगे, लेकिन इनके बहकावे में नहीं आना है। राजद नेता ने कहा था कि वोट के लिए ये 2024 से पहले कुछ बड़ा करनेवाले हैं।

### भाजपा और महागठबंधन की भी सीमांचल पर निगाह

भाजपा बिहार में लगातार सीमांचल को केंद्र में रखी हुई है। अमित शाह से लेकर पार्टी के तमाम नेता क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं। वे यहां पर जनसंख्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा उठा रहे हैं। भाजपा सीमांचल में जनसंख्या और घुसपैठ का मुद्दा उठा कर बिहार के बाकी हिस्सों में खासकर बहुसंख्यक वोटरों को संदेश देना चाहती है। वहीं, महागठबंधन विशेषकर राजद यहां पर खुद को मजबूत करना चाह रहा है। इसलिए सीमांचल को भाजपा और महागठबंधन, दोनों साधना चाहते हैं। इसलिए अमित शाह ने पिछले साल पूर्णिया के रंगभूमि मैदान से लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज किया था। वह चाहते हैं कि वैसे क्षेत्रों से चुनावी शंखनाद करें, जहां भाजपा का प्रभाव कम है। सीमांचल वह इलाका है, जिससे बंगाल और पूर्वोत्तर दोनों जगहों पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा सीमांचल में माइ (मुस्लिम-यादव) समीकरण है और राजद यहां अभी कमजोर है। इसलिए वह इस इलाके में पैठ बनाने की कोशिश कर रहा है।

### ओवैसी की मजबूती से राजद को टेंशन

इस बात में कोई संदेह नहीं कि अगर बिहार में एआइएमआइएम मजबूत होता है, तो इसका सीधा नुकसान राजद को होगा, क्योंकि पार्टी का कोर वोटर मुस्लिम-यादव है। ओवैसी की पार्टी का विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद से उत्साह बढ़ गया है। एआइएमआइएम को लगता है कि सीमांचल की सियासी जमीन उसकी राजनीति के लिए उपजाऊ है और इसलिए वह बार-बार भाजपा के साथ राजद-जदयू पर हमलवार है। हालांकि राजद नेता कहते हैं कि ओवैसी की यात्रा से महागठबंधन को कोई चिंता नहीं है। उनकी पूरी राजनीति भारतीय जनता पार्टी को फायदा पहुंचाने और धार्मिक ध्रुवीकरण के लिए की जाती है। वह भाजपा के राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर सीमांचल की यात्रा कर रहे हैं। ओवैसी जैसे लोग भाजपा की मदद कर रहे हैं, यह चिंता का विषय सभी के लिए होना चाहिए।

### भाजपा के लिए सीमांचल ही क्यों

दरअसल, भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव और 2025 विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से अपनी जमीन तैयार करने में जुट गयी है। दूसरी तरफ भाजपा को ओवैसी की यात्रा से कोई अंतर नहीं पड़नेवाला है, क्योंकि उसके वोटर इंटैक्ट दिख रहे हैं। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि नीतीश से अलग होने के बाद भाजपा के पास अब अपने हिंदुत्व के एजेंडे के सहारे वोटर को रिझाने का मौका है।

---

# देवघर समेत सभी एम्स में होंगी नियुक्तियां




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय देशभर के एम्स में केंद्रीय स्तर पर नियुक्तियां करने पर विचार कर रहा है। ये नियुक्तियां शैक्षिक और गैर शैक्षिक दोनों स्तरों पर होंगी। बता दें कि देश में नये खुले एम्स में कर्मचारियों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। यही वजह है कि केंद्र सरकार खुद इन संस्थानों में नियुक्तियां करने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। अभी एम्स संस्थान खुद अपने स्तर पर ही अपने यहां कर्मचारियों की नियुक्तियां करते हैं।

### सरकार ने गठित की कमेटी

एम्स में केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति की संभावनाओं पर विचार के लिए एक कमेटी बनायी गयी है, जिसमें नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी, नयी दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक शामिल हैं। बता दें कि देश के 18 नये एम्स में करीब 44 प्रतिशत फैकल्टी पद खाली हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार, देश के 18 नये एम्स में 4026 पद मंजूर किये गये थे, जिनमें से 2259 पद ही भरे जा सके हैं। एम्स में नियुक्ति के लिए सरकार ने प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के लिए उम्र सीमा भी 50 साल से बढ़ाकर 58 साल कर दी है। साथ ही सरकारी मेडिकल कॉलेज से भी फैकल्टी को डेप्युटेशन पर लेने की मंजूरी दी थी। इसके अलावा साथ ही रिटायरमेंट की उम्र भी बढ़ाकर 70 साल कर दी गयी है। विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों की भी एम्स में फैकल्टी पद पर नियुक्ति की छूट दी गयी थी। हालांकि इतने प्रावधानों के बावजूद एम्स स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं।

---

## जुलूस निकालने को लेकर की गयी एफआइआर वापस लेने की मांग

# भूख हड़ताल पर बैठे युवकों की बिगड़ी तबीयत

**ख्याति प्राप्त रामनवमी की पहचान को कुंद करने की साजिश चल रही : विधायक मनीष जयसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रशासनिक निर्णय के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे युवकों की रविवार दोपहर स्थिति बिगड़ गयी। सूचना पर पहुंचे विधायक सहित अन्य ने इस दौरान युवकों से अस्पताल में इलाज कराने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी।

अनशन पर बैठे युवक धारा 144 के तहत जुलूस निकालने को लेकर की गयी प्राथमिकी वापस लेने और डीजे पर पूर्ण पाबंदी को हटाने की मांग कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर चार युवा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं।

सबसे ज्यादा खराब स्थिति अजय कुमार सिंह की थी। स्वास्थ्य परीक्षण में स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी नहीं होने पर चिकित्सक द्वारा अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराने की सलाह दी गयी, लेकिन चिकित्सा कर्मियों की बात युवकों ने नहीं मानी।

मौके पर उपस्थित विधायक ने कहा कि विधानसभा में उठाये गये सवालों पर जवाब नहीं देने के बाद हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी पर वह असंतुष्ट हैं। जिला प्रशासन भी राज्य सरकार के नक्शे कदम पर चल रहा है। विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि जिला प्रशासन का जो वक्तव्य इस मामले में आ रहा है, वह अलग-अलग प्रकार का आ रहा है।



उन्होंने कहा कि पुलिस का कुछ और कहना है और प्रशासनिक स्तर के लोग कुछ अलग कहते हैं। ऐसे में हजारीबाग का माहौल खराब हो रहा है और प्रशासन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी तो महज कुछ लोग धरने पर बैठे हुए हैं, अगर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई तो बहुत सारे लोग इस मुहिम से जुड़ कर इस लड़ाई को आगे बढ़ाने को तैयार हैं। विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का हवाला है कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर निर्धारित समय तक ही बजाना है। फिर सिर्फ डीजे पर प्रतिबंध लगाना उचित नहीं है, ध्वनि तो तासा, बैंड से भी होती है।

अगर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को माना जाये तो फिर ध्वनि फैलाने वाले सभी प्रकार की चीजों पर प्रतिंध लगना चाहिए। अगर सिर्फ डीजे को प्रतिबंधित किया जाता है तो हजारीबाग की पारंपरिक रामनवमी के वैभव को कम करने का कोशिश की जा रहा है, ख्याति प्राप्त रामनवमी की पहचान को कुंद करने की साजिश चल रही है।

मौके पर विशेष रूप से समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास, विधायक प्रतिनिधि विशाल वाल्मिकी, भाजपा नेता टोनी जैन, रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान, निशांत प्रधान, अटल सांस्कृतिक मंच के दीपक नाथ सहाय, भाजपा नेत्री प्रियंबदा, अखौरी ब्रजेश सहाय, सन्नी सौरभ, कुमार गौरव, शंशाक शेखर, शैलेश चंद्रवंशी, मेहुल खंडेलवाल, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

# अमित कुमार को एसएससी सीजीएल में ऑल इंडिया स्तर पर तीसरा रैंक

**अमित कुमार ने बढ़ाया जिले का मान, लोगों में खुशी**

सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के शास्त्रीनगर निवासी शैलेंद्र राय के पुत्र अमित कुमार ने एसएससी सीजीएल की परीक्षा में सफल होकर पूरे जिले का बढ़ाया मान। उसके सफलता पर गिरिडीह जिले के शास्त्री नगर में खुशी का माहौल है।

एसएससी सीजीएल 2021 की परीक्षा में अमित कुमार को ऑल इंडिया स्तर पर तीसरा रैंक प्राप्त हुआ है। जबकि जिला में वह पहले स्थान पर है। अमित कुमार अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया है, उन्होंने कहा कि माता-पिता के सहयोग से ही इमानदारी से हौसले बुलंद कर पढ़ाई की है।

इसका परिणाम है कि सफलता प्राप्त हुई है। उनके पिता शैलेंद्र राय सहायक अध्यापक हैं और माता सविता राय गृहणी है। वह दो बहन और एक भाई हैं जिनमें वह सबसे छोटे हैं। अमित कुमार ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की पढ़ाई बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल गिरिडीह से की है। उन्होंने बताया कि मैट्रिक में उन्हें 10 सीजीपीए और इंटरमीडिएट में 94.8 फीसदी मार्क्स आये थे। फिर उसने बीटेक एनआइटी



जमशेदपुर से सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच से किया। बीटेक में उनके 90.4 फीसद मार्क्स आये थे। एक प्राइवेट कंपनी में बिजनेस एनालिसिस के पद पर दो महीने तक कार्य किया। फिर आगे की तैयारी करने के लिए जॉब को छोड़ दिया आगे तैयारी करके एसएससी सीजीएल का एग्जाम दिया, उन्हें ऑल इंडिया रैंक तीसरा आया है और उन्हें प्रमंडलीय लेखापाल का पद प्राप्त हुआ है। अमित कुमार ने कहा कि आगे में यूपीएससी की तैयारी करना चाहता हूं ताकि मैं अपने देश सेवा में अपना अधिकतम योगदान दे सकूं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## विविधता, समानता और समावेशन पर रोटरी क्लब का डिस्ट्रिक्ट सेमिनार

# हमारी परंपरा सदा सबको अपनाने वाली रही है : पूर्व न्यायाधीश रौशन शमीम






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रोटरी क्लब रांची ने रविवार को स्वर्णभूमि बैंक्वेट रांची में विविधता, समानता और समावेशन पर डिस्ट्रिक्ट सेमिनार का आयोजन किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश रौशन शमीम दलवी, डिस्ट्रिकट गवर्नर संदीप ठाकुर, प्रोजेक्ट चेयरमेन मुकेश तनेजा क्लब अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, सचिव हितेश भगत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डिस्ट्रिकट गवर्नर संदीप ठाकुर ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य देश की वर्तमान परिस्थितियों और आनेवाली चुनौतियों से निपटने के लिए रोटरी की तैयारियों से सभी को अवगत कराना। मुख्य अतिथि

### हमें शांति के नये रास्ते भी तलाशने होंगे : अजय छाबड़ा

पूर्व न्यायाधीश रौशन शमीम दलवी ने कहा कि हमारा समाज आज भी कई वजहों से बंटा हुआ है। जिसमें जाति, रंग, धर्म, दिव्यांगता और क्षेत्रवाद मुख्य है। भारत देश में इस तरह की स्थिति का होना आश्चर्यजनक है, क्योंकि हमारी परंपरा सदा सबको अपनाने वाली रही है। मंगोलियन, यहूदी, क्रिश्चियन, पारसी, सिंधी, तिब्बती, मुस्लिम सभी को इस देश ने अपनाया। सभी के मिलने से कारवां बनता गया। भारत ऐसे ही बना है। प्रोजेक्ट चेयरमेन मुकेश तनेजा ने कहा कि रोटरी में हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें विविधता, समानता और समावेशन का अनुकरण और समावेश होना चाहिए। प्रोगाम कॉर्डिनेटर मनोज तिवारी ने कहा कि एक विविध, न्यायसंगत और समावेशी संस्कृति के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एकजुट होकर स्थायी परिवर्तन लाने का प्रयास करने की जरूरत है।

डिस्ट्रीक रोटरी ट्रेनर पूर्व गवर्नर आर भारत ने कहा कि हम विविधता को महत्व देते हैं। इसलिए उम्र, जाति, नस्ल, रंग, अक्षमता, शैली, धर्म, आस्था, सामाजिक आर्थिक स्थिति, संस्कृति, भाषा, लिंग से परे होकर सभी पृष्ठभूमि के लोगों के योगदान को स्वीकारते हैं। रोटरी सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम एक समावेशी संस्कृति बनाने का प्रयास करते हैं। सेमिनार में पूर्व गवर्नर संदीप नारंग, मास्टर ऑफ शिरोमणि शाहिद पॉल, अजय छाबड़ा, जोगेश गंभीर, रोनी डीकोस्टा, राजीव मोदी, बिंदु सिंह, विवेक कुमार, राजन गंडोत्रा, प्रतिम बनर्जी, एसपी बागड़िया, विपिन चाचन, शिल्पी चाचन, असिस्टेंट गवर्नर अनंत सिन्हा, हेमंत गुप्ता, अजयदीप वाधवा, एसके मल्होत्रा, भंडारी लाल, सुमित अग्रवाल, रेखा सिंह, हरमिंद्र सिंह, आदित्य मल्होत्रा, अमित अग्रवाल, विनय छापड़िया, संजय कश्यप, प्रदीप चड्ढा, प्रदीप बहल, गिरीश अग्रवाल, लोकेश साहू, गौरव बागराय उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के जीवन पर आधारित पुस्तक का हुआ विमोचन

# वक्ताओं ने कहा-युवाओं के लिए प्रेरणादायी है रामचंद्र केशरी का जीवन



### राम मनोहर लोहिया चेतना मंच द्वारा आयोजित था कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को लोहियावादी विचारधारा के प्रबल समर्थक भाजपा नेता रामचंद्र केशरी की जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन रविवार को रांची में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने किया। इस दौरान भाजपा के कई नेता और पूर्व मंत्री मौजूद थे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर आधारित पुस्तक सड़क से सदन तक संघर्ष के क्रांतिवीर रामचंद्र केशरी का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने किया। रांची के हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में राम मनोहर लोहिया चेतना मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन किया गया। बताते चलें कि विजय केशरी द्वारा संपादित पुस्तक में पूर्व मंत्री और लोहियावादी नेता रामचंद्र केशरी के 50 वर्षों की लंबी संघर्षपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक यात्रा के अनुभवों को शामिल किया गया। इस मौके पर भाजपा झारखंड के प्रदेश महामंत्री बालमुकंद सहाय ने कहा कि रामचंद्र केशरी का जीवन हमेशा समाज के उन वर्गों के लिए रहा जो शोषित और वंचित है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद, लोहिया के समाजवाद और नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास के काम में आज भी रामचंद्र केशरी लगे हुए हैं। यह पुस्तक युवाओं को संघर्ष के लिए आगे आने की प्रेरणा देगा। समस्याओं से जूझते हुए समाजवाद का झंडा बुलंद करना आसान नहीं वहीं पूर्व मंत्री भानुप्रताप शाही ने कहा कि यह पुस्तक भूतकाल की अभिव्यक्ति है, पलामू की राजनीति में जिन लोगों का नाम अविस्मरणीय है उनमें रामचंद्र केशरी का नाम भी एक है। गांव से निकलकर तमाम समस्याओं से जूझते हुए समाजवाद का झंडा बुलंद करना आसान नहीं रहा होगा। समाजवादी नेता के 50 वर्षों की संघर्ष गाथा है पुस्तक में वहीं पूर्व मंत्री सह विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सड़क से सदन तक कोई सामान्य पुस्तक नहीं, बल्कि एक समाजवादी नेता के 50 वर्षों के संघर्ष की जीवन गाथा है। राजनीतिज्ञों का संघर्ष कोई कम नहीं होता। अपने जीवन के सात वर्ष में ही पिता के निधन के बाद से ही रामचंद्र केशरी का जीवन संघर्ष शुरू हो गया था।

### रामचंद्र केशरी पार्टी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक और झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि रामचंद्र केशरी हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक हैं। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि हम लोग बचपन में नारा लगाते थे भारत माता के तीन लाल गांधी, लोहिया और दीनदयाल उन्हीं में से एक नाम मनोहर लोहिया के अनुयायी पर लिखित पुस्तक के लोकार्पण में शामिल होने की खुशी है, लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि आज के युवाओं की तरुणाई और संघर्ष का माद्दा कम हो गया है। ऐसे युवाओं के लिए यह पुस्तक प्रेरणादायी होगी।

### रामचंद्र केशरी का जीवन युवाओं के लिए अनुकरणीय: बाबूलाल मरांडी

वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी 83 वर्ष के उम्र में भी अपना हर कार्य व्यवस्थित तरीके से करते हैं। इनसे नयी पीढ़ी सीख सकती है।




## ब्रेकर में अनियंत्रित होकर दूसरे वाहन में टकराने से चालक घायल



**चरही (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाइवे 33 घाटों मैड के समीप रविवार को अहले शुबहा बारह चक्का ट्रक यूपी 83 ए टी 0241 को ब्रेकर में आगे जा रहे वाहन अचानक ब्रेक लगने के कारण से अनियंत्रित हो कर आगे चल रहे वाहन में टकराने के कारण से ट्रक का हैडिंग टूट गया बिना हैडिंग के लगभग आधा किलो मीटर जाकर लालदेव साव का झोपड़ी में घुस गया। जहां बड़ी घटना होते होते बच गया। ज्यादा शुबहा होने के कारण से लोगों का जमावड़ा नहीं था प्रेस मिडिया में हमेशा अवैध तरह का अतिक्रमण का समाचार आते ही रहता है लेकिन इसपर फोर लाइन का अधिकारी या स्थानीय प्रशासन या जनप्रतिनिधियों द्वारा सज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। इधर बड़े पैमाने पर चरही के नेशनल हाइवे के जमीन पर कब्जा कर झुग्गी झोपड़ी का निर्माण हो गया है और जनता इधर जान को जोखिम में डालकर चलने पर मजबूर है समय रहते अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया तो बड़ी घटना हो सकती है।

## झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न, लिये गये कई निर्णय



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड स्तरीय बैठक का अयोजन सोनी धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा एवं संचालक प्रखंड सचिव वासुदेव यादव ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 4 अप्रैल को हजारीबाग में होने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44 वा स्थापना दिवस को सफल बनाने को लेकर के चर्चा किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने कहा झारखंड सरकार द्वारा जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं चलाएं जा रहे हैं उनको लाभ उठाएं और झामुमो के सभी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। श्री राणा ने बताया कि जल्द ही झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन, सदस्यता अभियान चला कर पार्टी को और मजबूती प्रदान किया जाएगा। वही पार्टी के वरिष्ठ नेता सा प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा का झंडा सभी कार्यकर्ता अपने अपने घर में लगाएं तभी आपका पहचान होगा। मौके पर उपस्थित झामुमो वरिष्ठ नेता सह मुखिया इलियास अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, युवा नेता संजय भुइयाँ, दीपक साव, नन्दकिशोर भुइयाँ, बसंत ठाकुर, अरविन्द महतो, लालचंद यादव, पवन तूरी, अशोक कुमार गुप्ता, जानिसार आलम, उमेश कुमार, बरजु राम, टेकलाल प्रजापति, मोहम्मद मुख्तार, बबलू अंसारी, मोहम्मद सागर हरि राम, शौकत अली, रामचंदर भुइयाँ, नरेश राणा, गोपाल शर्मा, सुरेश यादव, रेवा पासवान, हरिलाल मांझी, बाबूलाल सोरेन सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## इचाक के ऋषभ ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में पायी सर्वोच्च सफलता, आइएएस बनने का है लक्ष्य



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक बाजार मोदी मुहल्ला निवासी ऋषभ ने कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक स्तरीय एसएससी सीजीएल 2021 परीक्षा का परिणाम आया है। इस परीक्षा में सर्वोच्च स्थान ऋषभ कुमार ने प्राप्त किया है। ऋषभ कुल 700 में से 636 अंक लेकर यह कामयाबी हासिल की है। उन्होंने अपनी पहली प्राथमिकता सहायक अनुभाग अधिकारी केन्द्रीय सचिवालय सेवा को दिया था। पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर इन्होंने अपने परिवार और शहर का नाम रौशन किया है। ऋषभ, इचाक के मोदी मुहल्ला निवासी अजय अग्रवाल के छोटे भाई अरविंद कुमार और रंजू देवी के पुत्र हैं। ऋषभ के पिता सरस्वती शिशु मंदिर ईचाक में शिक्षक हैं। ऋषभ एक भाई और एक बहन में से ऋषभ अपनी बहन ऋद्धि से छोटे हैं। ऋषभ बचपन से ही विलक्षण थे। ऋषभ ने वर्ष 2011 में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास कर 6 क्लास में सैनिक स्कूल तिलैया में प्रवेश लिया। वर्ष 2016 में इन्होंने 10 सीजीपीए के साथ मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। सैनिक स्कूल से ही वर्ष 2018 में आइएससी 94% अंकों से पास की। इसके बाद वर्ष 2021 में स्नातक इन्होंने जेएनयू, दिल्ली से फारसी भाषा में 7.2 सीजीपीए के साथ किया। वर्ष 2021 में भी ऋषभ ने एससीसी सीजीएल 2020 की परीक्षा में शामिल हुए तथा उत्तीर्ण हुए थे। पर उस समय उन्होंने स्नातक की परीक्षा पास नहीं की थी इसलिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में शामिल नहीं हुए थे। ऋषभ अपने जीवन में आईएएस बनने का लक्ष्य रखते हैं। इसी कारण से उन्होंने केंद्रीय सचिवालय सेवा का चयन किया है ताकि वो दिल्ली में रहकर सिविल सेवा की तैयारी कर सकें।

## रामनगर चौक से जबरन खींच कर घर ले जाकर युवक की बेरहमी से की गयी पिटाई



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रामनगर चौक पर खड़े युवक गौतम सिंह को खींच कर घर ले जाकर रस्सी में बांधकर बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश के आया है। घटना रविवार दोपहर की है। युवक गौतम सिंह का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। गौतम सिंह ने बताया की रामनगर चौक पर हम खड़े थे। वहां पर उदय पांडे, शिवदत पांडे, अमित पांडे आदि लोग आकर मुझे मारने लगे। उसके बाद जबरजस्ती मुझे खींच कर अपने घर ले गया वहां रस्सी से बांध कर बेरहमी से मेरी पिटाई की है। साथ ही सादे कागज पर मेरा अंगूठे की निशानी भी लिया है। बोल रहा था की जमीन काहे नहीं बेच रहा है। तुमसे जबरजस्ती रजिस्ट्री करवा लेंगे। पूरे शरीर पर रड से पिटाई किया गया है। मेरे साथ मेरा एक रिश्तेदार भी था उसके साथ भी मारपीट की गई है। मुझे खुद पुलिस आकर उन लोगों से छुड़ाया और इलाज कराने के लिए अस्पताल भेजा।

## हजारीबाग रामनवमी के इतिहास पर दो पुस्तकें विजय शंखनाद होंगी प्रकाशित

# सहायक अध्यापक डॉ हितेंद्र अनुपम, आदित्य नारायण और अमरदीप यादव लिखेंगे पुस्तक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** विजय शंखनाद संस्था हजारीबाग द्वारा मधुवन धर्मशाला हजारीबाग में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ हिंतेंद्र अनुपम, अध्यक्ष अमरदीप यादव और सचिव आदित्य नारायण कुशवाहा ने संयुक्त रूप से कहा कि विजय शंखनाद द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है जो हजारीबाग की सांस्कृतिक इतिहास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। विजय शंखनाद संस्था द्वारा पहली बार हजारीबाग की रामनवमी को झारखंड के राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने के लिए 27 फरवरी 2022 को शुरूआत की गई थी।



### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

**प्रेस वार्ता में अजीत गुप्ता, सूरज अग्रवाल, भारतदेशम अग्रवाल, रामचंद्र राम उर्फ पप्पू, चंद्रदीप यादव, कैलाश साव, अनूप यादव, राहुल यादव, दिव्यदीप यादव, सुबोध सिंह आदि मौजूद थे।**

इसके लिए संस्था सतत चिंतनशील एवं प्रयत्नशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में संस्था द्वारा हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के ऐतिहासिक सांस्कृतिक महत्व को दशार्ते हुए दो पुस्तकों को व्यापक प्रकाशन का संकल्प लिया गया है इसके माध्यम से हजारीबाग की रामनवमी से जुड़े समग्र तथ्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर संकलित, प्रचारित एवं प्रसारित करने की योजना है।

## झामुमो ने किया नरकी पंचायत कमिटी का गठन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झामुमो पंचायत कमिटी के गठन को लेकर नरकी सरहुल ग्राउंड में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बाबु चंद मांझी एवं संचालन झामुमो हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष देबी राम हेंब्रम ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य कपिलदेव चौधरी ने कहा कि मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन कि सरकार राज्य हित मे बेहतर काम कर रही है। सर्व सहमति से बाबु चंद मांझी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, प्रदीप रविदास बाबु लाल मुर्मू, विजय महतो को संगठन सचिव तथा सुरेन्द्र गंझु को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संयुक्त सचिव ताजुद्दीन अंसारी कार्यकारणी सदस्य में नरकी पंचयात के नारायण गंझु, नारायण मरांडी, खलील अंसारी, सुरेश गंझू, होपन हेंब्रम, कुलदीप महतो, मुस्तकीम अंसारी, कालीचरण महतो, का चयन किया गया।

## डिवाइन स्कूल में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में नये सत्र को लेकर अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और स्वागत गान से किया गया। विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक-अभिभावक बैठक हुई। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के माता पिता और शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्राचार्य ने उपस्थित अभिभावक एवं जनप्रतिनिधियों से बच्चों के विकास में सहयोग करने की अपील की। दरअसल अभिभावक और शिक्षक के आपस में बातचीत



का मुख्य मकसद बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना होता है। विद्यालय निदेशक आइपी भारती ने कहा कि कुछ पेरेंट्स को लगता है कि उनका बच्चा स्कूल में बहुत अच्छा कर रहा है, तो पीपीएम में जाने की क्या जरूरत है? लेकिन आपके बच्चे के विकास से जुड़ी बातें तो स्कूल जाने पर ही पता चलती है। इसलिए आपको अपने बच्चे का विकास जानने के लिए विद्यालय आना आवश्यक है। जिससे उनकी कमियों को दूर किया जा सके। विद्यालय के शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया। बैठक में शिक्षक काशीनाथ महतो, कुलदीप पासवान अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, देवेश चंद्रा, संजीव सिन्हा, विवेक कुमार, भरत मंडल, सौरभ सिन्हा, संगीता यादव, सुरेंद्र कुमार, पुनित कुमार, अशोक पासवान, प्रीति प्रभा, शबनम खातुन, सुलेखा मोदी, राधा देवी समेत अन्य अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## चाइल्ड लाइन 1098 टोल फ्री सेवा के विस्तार के लिए चौकीदार की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** जिला प्रशासन, समर्पण एवं चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन 1098 टोल फ्री सेवा के विस्तार एवं जागरूकता के लिए जयनगर थाना परिसर में चौकीदार बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार पासवान ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा व उनके अधिकारों को सुनिश्चित कराने की दिशा में चाइल्ड लाइन की टीम एवं हम पुलिस प्रशासन हमेशा तत्पर रहते हैं। जहां कहीं से भी सूचना आती है उनके संरक्षण के लिए दौड़ पड़ते हैं। उन्होंने सभी ग्रामीण पुलिस से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने गांव समाज में जहां कहीं भी बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना होती नजर आये या जरूरतमंद बेबस एवं लाचार बच्चे दिखाई दे तो



तुरंत 1098 पर कॉल कर जानकारी दें या उन्हें अपेक्षित सहयोग करें। चाइल्ड लाइन के टीम सदस्य जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि चाइल्डलाइन 24 घंटे चलने वाली निशुल्क आपातकालीन फोन एवं पहुंच सेवा है। उन्होंने बाल विवाह बाल मजदूरी तस्करी जैसे मुद्दों से प्रखंड को मुक्त करने का आह्वान किया। मौके पर चाइल्डलाइन के टीम सदस्य नूतन कुमारी, मैरियन सोरेन, जयमंगल राण, योगेश कुमार, चंद्रदेव पासवान, द्वारिका पासवान, भुनेश्वर दुसाद, बद्री प्रसाद यादव, अजय पासवान, राजेश्वर पासवान सहित कई ग्रामीण पुलिस मौजूद थे।

## बिजली चोरी के मामले में दर्ज करायी प्राथमिकी

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जिले के विभिन्न इलाकों में शनिवार को विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान झुमरीतिलैया, कोडरमा एवं डोमचांच में 91 जगहों पर छापेमारी कर 35 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इन सभी के विरुद्ध अलग-अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज कर कुल आठ लाख 98 हजार 146 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि झुमरीतिलैया में छापेमारी टीम ने 24 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान 5 लोगों को विद्युत चोरी करते पाये जाने पर इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इन पर 4 लाख 95 हजार 90 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। वहीं कोडरमा में टीम के द्वारा 36 जगह पर छापेमारी कर 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इन लोगों पर दो लाख सात हजार 45 रुपया का जुमार्ना लगाया गया है, जबकि डोमचांच में टीम के द्वारा 31 जगह पर छापेमारी की गई। इस दौरान 10 लोगों पर दो लाख 36 हजार 11 रुपया का जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पुलिस ने अवैध महुआ शराब भट्टी के विरुद्ध चलाया अभियान

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया पुलिस ने रविवार की सुबह लगभग 8 बजे जरगा वन क्षेत्र के जंगल में अवैध महुआ शराब की भट्टियों पर धावा बोला एवं 24 सिंटेक्स जार में रखे जावा महुआ को नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले उपकरणों को भी नष्ट किया गया। हालांकि छापामारी के दौरान किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई। सभी मौके से फरार हो गये। छापामारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई आनंद मोहन एवं काफी संख्या में तिलैया पुलिस एवं झंडी पिकेट के जवान शामिल थे।

## रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न

# हिंदू नव वर्ष पर हर छत पर लहरेगा भगवा ध्वज

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी आश्रम परिसर में रामनवमी महासमिति कोडरमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। शहर को हनुमान पताका से सजाने के साथ अखाड़ों में विधिवत पूजा करने का निर्णय लिया गया। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासमिति की ओर से कोडरमा गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में विभिन्न अखाड़ा समितियों पर



पुष्पवर्षा करते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। शाम 6 बजे से कार्यक्रम स्थल पर शौर्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। झांकी और शौर्य प्रदर्शन में बेहतर करनेवाले अखाड़ा समिति एवम प्रतिभागियों को निर्णायक मंडली द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

### गठित नयी कमेटी में हुए शामिल

रामनवमी को लेकर गठित नयी कमेटी में अध्यक्ष गोपाल कुमार गूतुल, महासचिव मनोज कुमार झुन्नू, व्यवस्था प्रमुख अजय पांडेय, उपाध्यक्ष प्रवीण चंद्रा, सूर्य प्रताप, प्रदीप पांडेय, राजेश सिंह, रेखा देवी, सचिव नरेंद्र पाल, चंदन सिंह, सह सचिव राजा सिंह, प्रवीन पांडेय, कोषाध्यक्ष विनय सिंह, सह कोषाध्यक्ष सुजीत सिंह बनाये गये। जबकि कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पवन महाराज, चंदन पांडेय, आदित्य पांडेय, सोनू श्रीवास्तव, दिनकर कृयष्णा, गोपाल यादव, राज वर्णवाल, सत्येंद्र सिंह, उदय वर्णवाल, मंटू यादव, छोटी यादव, लालू यादव को सक्रिय सदस्य बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार यादव, राजेश सिंह राजू भैया, अजय झा, महादेव पांडेय, राजेश पांडेय समेत अन्य को रखा गया।

## छावनी अखाड़ा रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने मुनेंद्र मेहता, शत्रुघ्न राम बने सचिव



**इचाक (आजाद सिपाही)।** छावनी अखाड़ा में रामनवमी को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुनेंद्र मेहता उर्फ मुन्नीलाल मेहता एवं संचालन डॉ अर्जुन मेहता ने किया। सर्वसम्मति से सरकार के गाडलाइन के तहत एवं सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमे मुनेंद्र मेहता को अध्यक्ष, चंदन मेहता को उपाध्यक्ष, सचिव शत्रुघ्न राम, उप सचिव सचिव डॉ कौशल मेहता, कोषाध्यक्ष कुरहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राकेश मेहता, सहयोगी सदस्य डॉ अर्जुन मेहता, सतन मेहता, प्रदीप मेहता, केदार मेहता कुरहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य, लीलो मेहता, रामा मेहता, किशोरी नंदन मेहता, गोविंद मेहता, राजेंद्र उर्फ. मलखान मेहता, त्रिलोकी मेहता, मनोज राम, कुलेश्वर राम, आदित्य पांडे, नागेश्वर मेहता, वजीर मेहता, खेदन मेहता, भीम मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सदारो में श्री रामनवमी पूजा महासमिति का हुआ गठन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सदारो के देवी मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक संतोष अगरिया की अध्यक्षता में हुई संचालन सनोज अगेरिया ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हमलोग रामनवमी का पूजा करेंगे। इसके लिए पूजा समिति का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष सनोज कुमार अगेरिया, सचिव अजय अगेरिया कोषाध्यक्ष राजू अगेरिया, सयोजक संतोष अगेरिया, उपाध्यक्ष महेश अगेरिया, उप सचिव मुकेश कुमार अगेरिया, उप कोषाध्यक्ष जमुना अगेरिया को चयनित किया गया. वही महिला समिति का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोसोमात शनिचरी, सचिव सुमित्रा देवी, कोषाध्यक्ष अंजू देवी को बनाया गया। चयनित अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को आग्रह किया की पूजा में जुलूस के दौरान कोई भी व्यक्ति नशापान नहीं करेंगे. शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पूजा करेंगे। बैठक में किशोर कुमार, दीपक कुमार, राजेश साव, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, पवन कुमार, शंकर कुमार, शिव कुमार, जमुना अगरिया, महेश अगरिया, राजू अगरिया, मुकेश अगरिया, अजय अगरिया, पप्पू अगरिया, कृष्णा अगरिया, सोनिया देवी, प्यासा देवी, फागुनी देवी, कलावती देवी, सकुंतला देवी, रीता देवी, बेबी देवी, किरण देवी, गीता देवी, सीमा देवी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## नाबार्ड महाप्रबंधक और जिला विकास प्रबंधक ने इचाक ग्रीन एग्रो फार्मर प्रोड्यूशर कंपनी का दौरा किया



**इचाक (आजाद सिपाही)।** नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चरल एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) के महाप्रबंधक डॉ एम श्रीनिवास राव और जिला विकास प्रबंधक प्रेम कुमार ने इचाक ग्रीन एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का दौरा किया। उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य नई योजनाओं और कार्यक्रमों का आयोजन करना था। उन्होंने नई और लोकप्रिय योजनाओं के बारे में जानकारी दी जो किसानों और ग्रामीण लोगों के लिए बहुत उपयोगी हो सकती हैं। इसी क्रम में उन्होंने इचाक ग्रीन एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के नर्सरी केंद्र का भी भ्रमण किया और कम्पनी के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान कम्पनी के डायरेक्टर अशोक कुमार मेहता, अनिल कुमार मेहता, प्रेम नाथ, गोविंद कुमार, रमजय कुमार मेहता, जितेंद्र कुमार सिंह, सीबीबीओ सतीश कुमार, सीईओ अनुराग कनिष्क आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, 20 मार्च से नया सत्र का शुभारंभ





**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी रोड सलैया में स्थित दिव्यांग पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अंजली कुमारी तथा अम्फलेक्स कुमार विद्यालय टॉपर रहा। विद्यालय निदेशक बिनोद प्रसाद ने सभी विधार्थी को उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाए दी, वही उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नर्सरी कक्षा के छात्र प्रीत रंजन, एलकेजी मे अम्फलेक्स यूकेजी में अंजलि प्रथम कक्षा में सिमरन कुमारी, द्वितीय कक्षा में दीपा कुमारी, तृतीय कक्षा में शुभम यादव, चतुर्थ कक्षा में शिवम कुमार पंचम कक्षा में आशीष कुमार छठा कक्षा में शिवम कुमार यादव प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रिंसिपल अजय कुमार प्रबंधक कुंज बिहारी प्रसाद शिक्षक, पप्पू प्रसाद बाल्योगेश्वर, प्रसाद इत्यादि का अहम योगदान रहा।

## बरियातू में रामनवमी पूजा समिति का गठन




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरियातू पंचायत के गुरगुटिया में रामनवमी पूजा समिति का गठन रविवार को किया गया। रामनवमी पूजन के सफल आयोजन के लिए एक समिति का भी गठन किया गया। बैठक में युवा पत्रकार अशोक बंटी राज को पूजा समिति का अध्यक्ष, किशोर राणा को सचिव, अशोक राणा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार मिथिलेस ठाकुर को उपाध्यक्ष, विकास कुमार ठाकुर को संयुक्त सचिव व राहुल राणा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं सक्रीय सदस्य के रूप में रितलाल राणा, संजय कुमार ठाकुर, कृष्णा राणा, बालेश्वर राणा, भोला राणा, बीरू राणा, शंकर राणा, रंजीत कुमार साव, केदार साव, हरी साव, राहुल राणा, वकील प्रजापति, संजय शर्मा, सुनील कुमार, प्रमोद राणा, मधु राणा, बाबूलाल ठाकुर, भोला राणा सहित दर्जनों लोगों को शामिल किया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in
05

## संस्थान खुलने से बेहतर होगा शिक्षा का स्तर: चंद्रप्रकाश



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। छतरमांडू स्थित इंफिनिटी क्लासेस का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने फीता काटकर किया। मौके पर सांसद का स्वागत किया गया। सांसद श्री चौधरी ने संस्थान के संचालक भानु प्रताप और उनकी पूरी टीम को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के संस्थान खुलने से अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और संस्थान में कक्षा 1 से लेकर 12 तक की उच्च शिक्षा के द्वारा स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई की जाएगी। उद्घाटन में युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रदीप कुशवाहा नगर सचिव नीरज मंडल, रामगढ़ महाविद्यालय अध्यक्ष रोहित सोनी, भानु प्रताप रिसभ सिन्हा, भानु प्रकाश प्रवीण कुमार गौतम सिंह, संजय कुशवाहा, जितेंद्र दांगी, अरुण कुमार ,रामी गोप, अजय कुशवाहा राजीव कुमार अजय कुमार अंशु कुमारी आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने राज्यसभा सांसद केसी वेणुगोपाल से दिल्ली में की मुलाकात



पतरातु (आजाद सिपाही)। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सह राज्यसभा सांसद केसी वेणुगोपाल से नयी दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने झारखंड की वर्तमान राजनीतिक और राज्य में कांग्रेस पार्टी की हालात पर विस्तार से चर्चा की। पूर्व मंत्री ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू, बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में कार्य कर रहे अनेकों खनन कंपनियों के मसले पर भी ध्यान आकृष्ट कराया एवं रैयतों की समस्याओं से अवगत कराया।

## गैरमजरूआ भूमि में अवैध कब्जा करने का आरोप

गोला (आजाद सिपाही)। पुरबडीह वन क्षेत्र कार्यालय के समीप कुछ लोग घर बना कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। इसे देखते हुए गोला सदर के वनरक्षी मनीष कुमार शर्मा ने गोला थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि गंभीर करमाली, पिता-अज्ञात, परमेश्वर करमाली, पिता-अज्ञात सभी पुरबडीह थाना गोला के द्वारा वन क्षेत्र कार्यालय पुरबडीह के आवासीय परिसर के सामने अवैध कब्जा करने के इरादा से एक ट्रेंम्टर इट, एक ट्रैक्टर बालू बुनियाद की कोड़ाई कर इट जोड़ाई का काम कर रहे है। हम सभी वनकर्मियों के द्वारा रोकने पर उनलोगों के द्वारा गाली-गलौज एवं मारपीट करने की धमकी दी गई। जिस भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, उम्त भूमि गैरमरुआ जंगल झाडी किल में आता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बोकारो इस्पात नगर में एटक का छठा तीन दिवसीय झारखंड राज्य सम्मेलन संपन्न



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बोकारो इस्पात नगर, बोकारो के सेक्टर 2 स्थित कला केंद्र में चल रहे एटक का छठा तीन दिवसीय झारखंड राज्य सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। सम्मेलन में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से करीब 191 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें कोयला, तांबा, बिजली, इस्पात, लोहा, ट्रांस्पोर्ट, बीमा, बैंक, राज्य कर्मचारी, एनटीपीसी, संगठित और असंगठित आदि उपक्रमों से प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में कुल 65 कार्यकारणी समिति सदस्यों का चयन किया गया। साथ ही 141 झारखंड राज्य सामान्य परिषद समिति का गठन किया गया। सम्मेलन में कई प्रस्ताव भी पारित किए गए। साथ ही आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। एटक के छठे झारखंड राज्य सम्मेलन में पुनः रमेन्द्र कुमार को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही अशोक यादव को महासचिव बनाया गया। वहीं नरेश मंडल को केंद्रीय सचिव बनाया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह जमा विधायक सीता सोरेन, विधायक ढुल्लू महतो, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विद्यासागर गिरी, एटक के पूर्व महासचिव कॉ. पीके गांगुली, कार्यकारी अध्यक्ष लखन लाल महतो, उप महामंत्री ओमप्रकाश सिह, सचिदानंद मिश्रा, रामाश्रय सिह, उपाध्यक्ष सत्रुधन महतो, रामजी साह, सतीश कुमार सिन्हा, बिंध्याचल, विनोद बिहारी पासवान, अम्बुज कुमार, विकास कुमार, प्रेम कुमार, अरबिन्द शर्मा, महादेव मांझी, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पू कुमार, अरशद हुसैन, रघुनाथ प्रसाद, छोटू राम, विनोद मिश्रा, नंदू यादव, सतीश केशरी, दीपांशु कुमार, पंकज कुमार, वरुण कुमार, छाया कोल, आफताब आलम, इफ्तिखार महमूद, पसुपति कॉल, संजय मिश्रा, ई द्रदेव राम सहित भारी संख्या में प्रतिनिधि शामिल हुए। बधाई देने वालों में अनुज कुमार, रंजीत कुमार, लखेन्द्र राय, अशोक राम, विजय कुमार जुगल साव, सदानंद सिंह, ओमप्रकाश सिह, सुशील सिन्हा, प्रेम कुमार, पंकज कुमार सिह, दीपांशु कुमार, पंकज कुमार, जितेंद्र नगरकोटी चिंटू सिह, रामेश्वर साव, सुनील सिह, विजय कुमार, ललित रॉय, लव कुमार, रवि कुमार, आलोक चैबे, जयनंदन महतो, अरुण चैधरी, आदि साथी शामिल हैं।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गंझू, डॉ. जय श्री मेहता, शुकरा उरांव, लखन राम, संजीव सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

### अक्षय पात्रा महा रसोइघर के भूमिपूजन में शामिल हुए सांसद, डीसी, सीसीएल के अधिकारी

# रामगढ़ में पापी पेट नहीं है, बच्चों का पेट भी भरना जानते हैं: जयंत




### 18 से 24 महीने के अंदर बनकर तैयार हो जायेगा विशाल रसोइघर

श्री सिन्हा ने कहा कि 18 से 24 महीने के अंदर यहां एक विशाल रसोई घर बन जाएगा और 50000 बच्चों को पोष्टिक भोजन मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस किचन में बनने वाली सब्जी चावल दूसरे राज्य से नहीं आएगा। यहां के किसानों द्वारा उपजाया गया हरी सब्जियां और चावल आएगा। यही की उपज से किसान भाइयों द्वारा उपजाया गया हरी सब्जियां से ही रसोईघर में बच्चों के लिए पोष्टिक भोजन बनेगा। यह रसोइघर में आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग होगा।

### 200 स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार, कटेगा पीएफ, मिलेगा स्वास्थ्य बीमा

उन्होंने कहा कि इस किचन में स्थानीय 200 लोगों को नौकरी भी मिलेगी। पीएफ कटेगा, स्वास्थ्य बीमा मिलेगा और परमानेंट उनकी नौकरी भी होगी। उन्होंने कहा कि यह अनमोल सौगात रामगढ़ के बच्चों के लिए है। उन्होंने कहा कि अक्षय पात्रा द्वारा बनाई जा रही रसोईघर के लिए प्रधानमंत्री ने भी रामगढ़ और हजारीबाग की जनता को बधाई दी है।

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। नगर परिषद क्षेत्र के कैथा में अक्षय पात्रा महा रसोईघर को लेकर रविवार को भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन के मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा, डीसी माधवी मिश्रा, डीडीसी नागेंद्र सिन्हा, जीएम (सीएसआर) बालाकृष्णा, अक्षय पात्रा फाउंडेशन के रीजनल प्रेसिडेंट व्योमपदा दासा सहित अन्य शामिल हुए। इस दौरान सर्वप्रथम भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के उपरांत अतिथियों ने शिलापट्ट का अनावरण किया। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अक्षय पात्रा द्वारा प्रतिदिन 21 लाख बच्चों को पौष्टिक मिड डे मील दिया जाता है। अक्षय पात्रा जो कार्य कर रहा है, भारत ही नहीं, पूरे विश्व में इसका कोई मुकाबला नहीं है। अक्षय पात्रा जो कार्य कर रहा है, वह भगवान का ही एक चमत्कार है कि और इसका थोड़ा हिस्सा रामगढ़ भी पहुंच रहा है जो यह रामगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के द्वारा हम लोगों को जो मिला हुआ भी अतुलनीय है, जिसकी वजह से आज रामगढ़ में रसोईघर का निर्माण हो रहा है और मिड डे मील के माध्यम से बच्चों को पोष्टिक भोजन मिलेगा। उन्होंने डॉ सांत्वना शरण और डॉ सुधीर आर्य की भी तारीफ किया। उन्होंने कहा कि अक्षय पात्रा द्वारा पौष्टिक भोजन के कारण स्कूलों में अटेंडेंस बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ पौष्टिक भोजन से भी जरूरी है, क्योंकि पौष्टिक भोजन मिलने से शारीरिक और मानसिक विकास में भी तेजी आती है। उन्होंने कहा कि आज का ऐतिहासिक दिन रामगढ़ के बच्चों के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि रामगढ़ में सिर्फ पापी पेट नहीं है, बच्चों का पेट भी हम लोग भरना जानते हैं।

### हम सभी की जिम्मेदारी हैं बच्चों को पौष्टिक भोजन मिले

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि अगर हम जनप्रतिनिधि है, जनता के हित में सोचते हैं, देश हित में सोचते और जनता के समर्पित भाव के साथ काम करते तो हम सभी की जिम्मेदारी हैं की बच्चों को पौष्टिक भोजन के लिए कार्य करना और यह हमारा कर्तव्य है।

## बस पड़ाव की जगह किचन का निर्माण ग्रामीणों के साथ धोखा: मनोज महतो



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। फोरलेन के किनारे जिला प्रशासन द्वारा सेंट्रलाइज्ड कीचन निर्माण के लिए चयनित स्थल पर भूमिपूजन समरोह में पहुंचे ग्रामीणों ने सेंट्रलाइज्ड रसोई घर निर्माण का विरोध जताया। नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए उक्त स्थल पर धरना पर बैठे रहे। बाद में ग्रामीणों ने डीसी माधवी मिश्रा को एक ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने डीसी से कहा कि पूर्व में इस स्थान का चयन बस स्टैंड के निर्माण के लिए किया गया है। अब यहां कीचन निर्माण होने से लोगों को असुविधा होगी। नप अध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने बताया कि अगर यहां बस स्टैंड का निर्माण होगा तो आसपास के हजारों लोग रोजगार से जुड़ेंगे। उक्त भूमि पर कीचन निर्माण होने से यंहा के लोगों को लाभ नही मिलेगा। उन्होंने बताया कि किचन सेंटर का निर्माण कंही और भी हो सकता है। परन्तु बस स्टैंड के लिए नया मोड़ से पटेल चौक तक ऐसा भूमि नहीं है। सुदर्शन महतो ने बताया कि जिला प्रशासन हमलोग के साथ छलावा कर रही है। प्रशासनिक पदाधिकारी आश्वासन कुछ और देती है और निर्माण कुछ और का हो जाता है। अगर जिला प्रशासन किचन सेंटर का निर्माण किसी दूसरे स्थान पर निर्माण नही करवाएगी तो आसपास के सभी ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। विरोध जतानेवालों में वार्ड पार्षद देवधारी महतो, रोशन कुमार, राजेश महतो, राजेन्द्र महतो, संतोष महतो, कैलाश महतो, दिया महतो, संजय करमाली, करण कुमार, दशरथ महतो, मनोज कुमार, संदीप महतो,मुनिनाथ महतो, उमेश महतो, नरेंद्र महतो, सुजीत राम, रामवृक्ष महतो, छोटेलाल महतो, कुं वर महतो सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## गीता महात्म्य समारोह का आयोजन

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल नया नगर बरकाकाना ने गीता महात्म्य समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य रूप से रांची इस्कॉन से व्योम पद दास, डॉ सुधीर आर्या, डॉ सांत्वना शरण,डॉ बरेलिया उपस्थित रहे। डीएवी की परंपरा के अनुसार गायत्री मंत्र के साथ समारोह की शुरूआत की गई तत्पश्चात डीएवी गान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्राचार्या सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्राचार्या सह छेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने उपस्थित अतिथियों को हरित पौध भेंटकर उनका स्वागत किया। समारोह के दौरान शिवम कुमार एवं रितिका के साथ साथ वर्ग सप्तम से अष्टम के बच्चों ने गीता के सभी अध्यायों का संक्षिप्त परिचय दिया। वर्ग एलकेजी से द्वितीय के बच्चों ने गीता के श्लोक का भावपूर्ण उच्चारण किया।

# प्रशासन मेरी सुरक्षा सुनिश्चित करे: निशी

## प्रशासन ने सीसीटीवी कैमरा जब्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

पतरातू। पतरातू क्षेत्र के स्टेशन रोड से बीती रात पुलिस प्रशासन के द्वारा स्टेशन रोड से सीसीटीवी कैमरा को जब्त किया गया था। यह सीसीटीवी कैमरा पतरातू थाने में जमा किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद रविवार को निशी पांडे ने पतरातू बस्ती स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता की। कहा की सीसीटीवी कैमरा जो लगाया गया था वह मेरी सुरक्षा को लेकर गृह स्वामी के सहमति से लगाया गया था ना कि प्रशासन के गतिविधियों को जानने के लिए उन्होंने कहा कि पूर्व में मेरे परिजनों की हत्या हो चुकी है ऐसे में हमारे परिवार और हम सुरक्षित नहीं हैं । पुलिस प्रशासन भी लोगों को अपील कर चुकी है कि सुरक्षा



में सीसीटीवी कैमरा लगायें, दूसरी ओर सीसीटीवी कैमरा हटा रही है इस तरह से मेरी छवि भी धूमिल की जा रही है। हम अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। राजनीतिक साजिश के तहत मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी सामाजिक कार्यों को लेकर पूरे बड़कागांव विधानसभा के लोगों के बीच लोकप्रियता है। जिससे कुछ लोगों में घबराहट बनी रहती है यही वजह है कि लगातार मेरी छवि समय-समय पर धूमिल करने की साजिश रची जा रही है कहां की प्रशासन ने बीती रात मेरे घर एवं आसपास के जगहों से प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरा जो सुरक्षा के उद्देश्य से लगाया गया था उसे हटा दिया गया है, जिससे मैं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन मुझे कैमरा हटाने के लिए कहता तो मैं स्वयं उसे हटा देती। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि हमारी सुरक्षा कैसे हो प्पुलिस प्रशासन इसकी जवाबदेही भी सुनिश्चित करें।

### अफीम तस्करों के विरुद्ध चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 14 किलो अफीम और 10 किलो डोडा के साथ तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। अफीम माफिया गैंग के विरूद्ध चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। करीब साढ़े 14 किलो अफीम और साढ़े दस किलो डोडा खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की टीम को मिली कामयाबी मिली है। चतरा-गया मुख्य पथ पर स्थित भुइयांडीह के समीप चिलोई मुख्य



पथ से सुनसान झोपड़ी से अफीम के साथ राजू कुमार सिंह नामक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान पुलिस को चकमा देकर जंगल का लाभ उठाकर दूसरा तस्कर भागने में सफल। फरार तस्कर मंगर गंझू के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरकी सलगी गांव स्थित घर से भी पुलिस ने किया अफीम का खेप बरामद किया। राजू सिंह के पास से 4 किलो 373 ग्राम अफीम और मंगर गंझू के घर से टीम ने 10 किलो 462 ग्राम अफीम और 10 किलो 690 ग्राम डोडा बरामद किया गया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी।

### अभियान में ये रहे शामिल

छापामारी अभियान में सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, एसआइ दिनेश कुमार हेंब्रम, सिकंदर सिंकु समेत सशस्त्र बल के जवान थे शामिल। फरार तस्कर की गिरफ्तारी को ले पुलिस अभियान में जुटी है पुलिस ने संभावित स्थानों पर विशेष छापामारी अभियान चलायी जा रही है।

## एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रोशन लाल चौधरी

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। एटक का झारखंड प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय सम्मेलन इस्पात नगर बोकारो में संपन्न हो गया। जिसमें अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रोशननलाल चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष, सतीश सिन्हा को प्रदेश सचिव और संजय मिश्रा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनिनत किया गया। मनोनयन के बाद इंद्रदेव राम, महेंद्र चौधरी, नरेश महतो, किशन महतो, मदन महतो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## अनुसूचित जाति नायक समाज संघ ने की शोक सभा, स्व राजेंद्र नायक को किया याद, दी श्रद्धांजलि



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति नायक समाज संघ रामगढ़ जिला इकाई के तत्वाधान में रविवार को शहर के थाना चौक स्थित अम्बेडकर पार्क में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह छावनी परिषद के वार्ड सदस्य स्व राजेंद्र नायक के निधन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। शोक सभा में समाज के दर्जनों लोग शामिल हुए। मौके पर समाज के रामगढ़ जिलाध्यक्ष संजय नायक ने स्व राजेंद्र नायक को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व नायक ने सदैव गरीब, पिछड़े और अनुसूचित जाति समाज की भलाई का कार्य किया, वे जीवन पर्यंत आमजन की हितों की लड़ाई लड़ते रहे। सदा जातिविहीन और भाईचारे समाज की वकालत की। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि स्व नायक के आदर्शों और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्व नायक के अधूरे सपनों को पूरा करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वही, उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। शोक सभा में जिला सचिव बिनोद नायक, अनिल नायक, सेवानिवृत शिक्षक पुन्नू राम नायक, रवि नायक, दिलीप नायक, के. नायक, सागर नायक, करमु नायक, किशोर कुमार अकेला, राजू नायक, नरेंद्र नायक, सोनू नायक, सीताराम नायक, सुभाष नायक, शिवा नायक, कुणाल नायक, सुंदर नायक, अजय नायक, संतोष नायक, युगेश नायक, सुनील नायक, दिनेश नायक, मुकेश नायक सहित कई लोग शामिल थे।

## आजसू अनुसूचित जाति महासभा की बैठक में उपचुनाव को लेकर की समीक्षा



गोला (आजाद सिपाही)। आजसू कार्यालय झिझरीटांड़ में रविवार को आजसू अनुसूचित जाति महासभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बिशु रजवार एवं संचालन विनय नायक ने किया। इस दौरान रामगढ़ उपचुनाव को लेकर समीक्षा किया गया। नेताओं ने कहा कि आने वाले दिनों में आजसू अनुसूचित जाति महासभा जिस तरह एकजुटता का परिचय दिया है। इसी तरह 2024 विधानसभा चुनाव में भी गिरिडीह सांसद प्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के हाथों को और मजबूत करगे। मौके पर अमरदीप राम, बालेश्वर नायक , निरज नायक, धीरन रविदास , शेखर रजक, राजकुमार दास ,योगेंद्र कुमार दास ,रोहित रजक ,बृजेश नायक , दिलीप नायक, विभुन नायक ,जगदीश तुरी, इंद्रदेव तुरी ,उमेश तुरी, चरण नायक, उमेश नायक ,शेखर प्रदीप नायक, सिकंदर रविदास ,संजय नायक, सुनील नायक, कुंदन दास ,गौतम दास, चंदन दास ,नवीन कुमार, लखन नायक ,बरतू नायक ,आशोक दास आदि मौजूद थे।

## विधायक अंबा की पहल पर असाध्य रोगी को मिला पचास हजार का सहयोग



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। बड़कागांव विधायक सह सदस्य सरकारी आश्वासन समिति एवं निवेदन समिति ने पचास हजार का चेक असाध्य रोग से पीड़ित ग्राम घुटवा हेहल निवासी रेनू कुमारी के परिजन मालती देवी को बतौर सहयोग सौंपा। उक्त राशि असाध्य रोग से पीड़ित होने पर मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत मिलने वाले सहयोग के तौर पर विधायक के रांची धुर्वा स्थित आवास पर दी गई।मालूम हो कि उक्त असाध्य रोग पीड़ित के परिजन आर्थिक रूप से कमजोर थे एवम उनके परिजनों ने विगत दिनों बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात कर समुचित इलाज में सहयोग की मांग की थी। परिजनों ने उन्हें बताया कि इलाज में काफी रुपए खर्च होने की संभावना है जिसकी व्यवस्था कराने में वे पूरी तरह से असमर्थ थे।पीड़ित परिवार को सहायता राशी मिलने पर स्थानीय विधायक का आभार प्रकट किया है।

## रामबाबू ने परियोजनाओं का किया औचक निरीक्षण




कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल कुजू क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं के कोयला खानों का सीसीएल डीटी (ऑपरेशन) रामबाबू प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान उनके साथ टीएम टू डीटी (ऑपरेशन) आरएस गेवाल भी मौजूद रहे। रामबाबू प्रसाद ने करमा परियोजना के खुली खान के व्यू प्वाइंट से फेश का जायजा लिया। इस दौरान कुजू क्षेत्र के कोयला उत्पादन लक्ष्य 15 लाख मीट्रीक टन के बजाय 16 लाख टन करने को कहा। साथ ही, कोयला उत्पादन को बढ़ाने को लेकर जीएम चंद्रशेखर तिवारी, पीओ पवन कुमार व खान प्रबंधक आरएन सिंह के साथ मंत्रणा की। वही, तोपा परियोजना के ऑपेनकास्ट खान का निरीक्षण किया।साथ ही, आगामी वित्तीय वर्ष 2023- 2024 के लिए जमीन की उपलब्धता को लेकर खान का प्लान देखने के बाद अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए मौके पर जीएम चंद्रशेखर तिवारी के अलावे तोपा पीओ मनीष कुमार, खान प्रबंधक एमके सिंह, एसओ सेफ्टी संजय कुमार सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर ईएंडएम अर्नव पाल समेत अन्य अधिकारियों मौजूद रहे।

# भारत का समर्थन

अमेरिकी सीनेट में लाये गये एक प्रस्ताव के मुताबिक मैकमोहन लाइन ही चीन और भारत के अरुणाचल प्रदेश के बीच की अंतरराष्ट्रीय सीमा है। यानी अमेरिका ने साफ तौर पर रेखांकित किया है कि उसकी नजर में अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है। हालांकि इसमें कोई नयी बात नहीं है। भारत शुरू से यह कहता रहा है। मगर अमेरिका की ओर से यह बात ऐसे समय कही गयी है, जब ताकत के जोर पर सीमा विस्तार की चीनी कोशिशें अधिकाधिक मुखर होती जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने न केवल इस बात पर गौर किया है, बल्कि उसकी इस प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाने के प्रयास भी लगातार किये जा रहे हैं। अमेरिकी सीनेट में लाये गये इस प्रस्ताव को भी इन्हीं प्रयासों के एक हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। प्रस्ताव में इस बात का जिक्र है कि कैसे अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में दिखाने के लिए चीन की ओर से नये हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। इनमें लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के इर्द-गिर्द यथास्थिति को बदलने के लिए ताकत का इस्तेमाल करना, अरुणाचल प्रदेश के इलाकों के मंदारिन नाम वाले मैप प्रकाशित करना, भूटान में चीनी क्षेत्र के विस्तार का दावा करना और सीमावर्ती क्षेत्रों के विवादित इलाकों में गांव बसाना जैसे कदम शामिल हैं। इन कदमों के साथ साउथ चाइना सी और इंडो पैसिफिक क्षेत्र में भी चीन की आक्रामकता बढ़ रही है। ऐसे में स्वाभाविक ही भारत और अमेरिका सहित तमाम देशों ने नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर अमल सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने शुरू किये। सीनेट के इस प्रस्ताव में भारत की ओर से इस सिलसिले में उठाये गये कदमों का न सिर्फ उल्लेख किया गया है, बल्कि इनके प्रति अमेरिका का समर्थन भी दोहराया गया है। यह मौजूदा नीतियों में किसी बदलाव का नहीं, बल्कि उसे और मजबूत बनाने का संकेत है। इसकी जरूरत संभवतः इसलिए महसूस की गयी, क्योंकि अब तक के संकेतों को चीन गंभीरता से लेता नहीं दिख रहा। अमेरिका और पश्चिमी देशों की नाखुशी के बावजूद उसने रूस के साथ नजदीकियां और बढ़ाने का संकेत दिया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के तीसरा कार्यकाल हासिल करने के अगले दिन पेइचिंग में ही ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक संबंध बहाल किये जाने की घोषणा करा कर चीन ने संकेत दिया कि वह अपना रुतबा लगातार बढ़ा रहा है। ऐसे में स्वाभाविक ही अमेरिकी नीति-निर्माताओं को चीन की घेराबंदी और तेज करने की जरूरत महसूस हो रही होगी। बहरहाल, जहां तक भारत का सवाल है, तो यह एक पॉजिटिव कदम जरूर है, लेकिन उसे अपने ठोस दीर्घकालिक हितों पर आधारित स्वतंत्र नीति पर चलना जारी रखना होगा।

**चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के तीसरा कार्यकाल हासिल करने के अगले दिन पेइचिंग में ही ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक संबंध बहाल किये जाने की घोषणा करा कर चीन ने संकेत दिया कि वह अपना रुतबा लगातार बढ़ा रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2019 की शरद ऋतु ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ दिया। 36 दिवसीय नाटक, जिसके तहत अंततः उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित किया गया। अजीत पवार का दलबदल हुआ और मुख्यमंत्री के रूप में फडनवीस का इस्तीफा। विपक्ष ने एक संक्षिप्त अंतराल के बाद और राज्यपाल बीएस कौशियारी के सक्रिय समर्थन के साथ फडनवीस वापस लौट आये, लेकिन वित्त के प्रभारी उप-मुख्यमंत्री के रूप में।**

# क्या अपना राजनीतिक आधार खो रहे देवेंद्र फडणवीस

आदिति फडणीस



**शिंदे सरकार 43 मंत्रियों तक की नियुक्ति कर सकती है। अब इसमें केवल 20 हैं, क्योंकि सभी दबावों और खिंचावों को समायोजित नहीं किया जा सकता है। गठबंधन 12 लोगों को विधान परिषद के लिए मनोनीत भी कर सकता है, लेकिन कांग्रेस के नये दल बदलुओं के साथ-साथ लंबे समय से आरएसएस के कार्यकर्ताओं के दावे के साथ बहुत अधिक अंतर्कलह है।**

महाराष्ट्र विधानसभा (नवम्बर 2019) में मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडनवीस का आखिरी भाषण उनके द्वारा लिखी गई एक कविता के साथ समाप्त हुआ, जिसमें उन्होंने पढ़ा कि 'मी पुन्हा येइन' (मैं वापस आऊंगा)। इससे महाराष्ट्र के राजनीतिक हलकों में बहुत खुशी हुई। जितेंद्र आव्हाड ने एक टिकटॉक वीडियो के माध्यम से अपनी खुद की पोस्ट स्क्रिप्ट जोड़ दी। इसमें मुख्यमंत्री की 'मी पुन्हा येइन' की घोषणा की गयी और कैमरे के सामने खड़ा एक उबा हुआ व्यक्ति कह रहा था, कुछ चूना लाओ। जब तुम वापस आओगे।

2019 की शरद ऋतु ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ दिया। 36 दिवसीय नाटक जिसके तहत अंततः उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित किया गया। अजीत पवार का दलबदल हुआ और मुख्यमंत्री के रूप में फडनवीस का इस्तीफा। विपक्ष ने एक संक्षिप्त अंतराल के बाद और राज्यपाल बीएस कौशियारी के सक्रिय समर्थन के साथ फडनवीस वापस लौट आये, लेकिन वित्त के प्रभारी उप-मुख्यमंत्री के रूप में। ऑटो ड्राइवर से मुख्यमंत्री बने एकनाथ शिंदे को फडनवीस को रिपोर्ट करनी थी। जब रिपोर्टर फडनवीस से मिले तो उन्होंने उनसे पूछा कि क्या वर्तमान भूमिका से वे खुश हैं, तो उनका जवाब सीधा-सादा 'न' में था। तब से चीजें केवल बद से बदतर होती चली गयीं। मुख्यमंत्री बनाये जाने के कुछ ही हफ्तों के भीतर एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र में एक निकाय की स्थापना की। इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन केंद्र के नीति आयोग की तर्ज पर एक राज्य निकाय है। फडनवीस को सह-अध्यक्ष बनाया गया। अगर शिंदे को वाइस चेयरमैन (कैबिनेट रैंक के साथ) के रूप में नामित नहीं किया गया होता, तो यह निर्णय अपरिहार्य होता। जब महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) सत्ता में थी और शिंदे शहरी विकास मंत्री थे, तो मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार ने अजय अशर (अशर समूह प्रमुख) और शिंदे के बीच निकटता के बारे में विधानसभा में बात की थी।

**शिंदे के उत्तराधिकारी फडनवीस होने चाहिए, मगर विखे पाटिल का नाम प्रचलन में है।**

यह भाषण अभी भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। भाजपा के नेता जो सवाल निजी तौर पर पूछ रहे हैं वही सवाल कांग्रेस के नेता सार्वजनिक रूप से पूछ रहे हैं : देवेंद्र फडनवीस जो तब तक विपक्ष के नेता थे, शिंदे और अशर के बीच निकटता पर भी उन्होंने आपत्ति जतायी थी। शिंदे फडनवीस सरकार एक ही व्यक्ति को इतने महत्वपूर्ण कार्यालय में कैसे नियुक्त कर सकती है। यह बात कांग्रेसी नेता नाना पटोले ने पूछी। देवेंद्र फडनवीस और उनकी फोटोजनिक पत्नी अमृता अन्य कारणों से भी चर्चा में है।

विधायकों ने विधानसभा में उनके असाधारण भाषण को चुपचाप सुना जिसमें बताया गया था कि कैसे उनकी पत्नी को एक फैशन डिजाइनर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था, जिसके पिता सट्टेबाज हैं और वर्तमान में भूमिगत हैं। लगभग दो वर्षों की अवधि में इस युवती को फडनवीस के घर में आसानी से प्रवेश करने की अनुमति दी गयी थी, इस अनुरोध के साथ कि फडनवीस को माडल जूते, कपड़े और आभूषण चाहिए। परिवार अब दावा करता है कि इस रिश्ते में अब खटास आ गयी है।

जबरन वसूली की मांग, धमकी, ब्लैकमेलिंग और बदतर हो गयी है। बहुत-सी बातें हैं, जो जुड़ती नहीं हैं। डिजाइनर अब जेल में है। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव करीब एक साल पहले होने वाले थे, पिछली सरकार ने उन्हें टालने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाये। यह सरकार जल्द ही उन्हें आदेश देने का कोई संकेत नहीं दिखाती है। पड़ोसी गुजरात में फॉक्सकॉन परियोजना के दल बदल ने महाराष्ट्र सरकार की प्रतिष्ठा को और नुकसान पहुंचाया है।

एमवीए पार्टनर 16 विधायकों के दल-बदल पर सुप्रीमकोर्ट के आदेश का इंतजार कर रहे हैं, जिससे शिवसेना विभाजित हो गयी थी और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार गिर गयी।

शिंदे सरकार 43 मंत्रियों तक की नियुक्ति कर सकती है। अब इसमें केवल 20 हैं, क्योंकि सभी दबावों और खिंचावों को समायोजित नहीं किया जा सकता है। गठबंधन 12 लोगों को विधान परिषद के लिए मनोनीत भी कर सकता है, लेकिन कांग्रेस के नये दल बदलुओं के साथ-साथ लंबे समय से आरएसएस के कार्यकर्ताओं के दावे के साथ बहुत अधिक अंतर्कलह है।

हालांकि इस संकट से सबसे बड़ा लाभ एकनाथ शिंदे को हुआ है, जो केवल महाराष्ट्र के शीर्ष पद को पाने का सपना देख सकते थे और सबसे बड़ा नुकसान देवेंद्र फडनवीस को हुआ। उन्हें हमेशा से एक स्वच्छ और बेदाग छवि के नेता के रूप में जाना जाता था, जिन्होंने महाराष्ट्र में रहने के लिए केंद्र में अपने स्थानांतरण को ठुकरा दिया था। आज अचानक उनके विरोधी फिर से सामने आ रहे हैं। ऐसे विरोधियों में विनोद तावड़े और राधा किशन विखे पाटिल हैं, जो कि कुछ साल पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे।

विखे एक लो प्रोफाइल नेता हैं और एक मराठा हैं। शिंदे के उत्तराधिकारी फडनवीस होने चाहिए, मगर विखे पाटिल का नाम प्रचलन में है। फडनवीस कैसे खोया हुआ आधार हासिल करते हैं यह देखना बाकी है। उन्होंने भाजपा की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ दाव पर लगा दिया। अब फडनवीस बहुत कुछ खोने के लिए खड़े हैं खासकर अपनी प्रतिष्ठा।

(साभार बीएस)

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजपा महिला मोर्चा संगठन को मजबूत करने के लिए सरल ऐप डाउनलोड करने की दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक रविवार को संपन्न हुई। रविवार को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति अधिकारी के नेतृत में परसुडीह,सुंदरनगर क्षेत्र के शीतल चौक स्थित गौरी भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश प्रवक्ता सह जमशेदपुर प्रभारी लवली गुप्ता, पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी लक्की सिंह राजपूत, जिला मंत्री नीलू मछुआ, पार्षद कुसुम पूर्ती, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती लक्ष्मी कुमारी, आमंत्रित अतिथि राजपति देवी, प्रभा देवी, सुनीता देवी, रेणु झा, सीमादास पूर्व जिला अध्यक्ष शांति देवी, मीना देवी,रीता सिंह, कैलाशपति मिश्र, विणा सृंगारी शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ज्योति अधिकारी ने स्वागत संबोधन करते हुए संगठन के अब तक के कार्यों की जानकारी दी। साथ ही मेनका सरदार ने बूथ को मजबूत करने की बात रखी, प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने बूथ पन्ना प्रमुख बनाने व शक्ति केंद्र खोलने की बात रखी। लवली गुप्ता ने संगठन को मजबूत करने की बात रखी। रीता मिश्रा ने महान नारी स्वर्गीय सुषमा स्वराज के प्रेरणादायक जीवन के बारे मे बताया। जिला अध्यक्ष गुंजन ने आगामी दिनों होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही सफल आयोजन करने के लिए जानकारी दी। वहीं सुषमा स्वराज अवार्ड से समाज के लिए कार्य करने वाली कर्मठ महिला मंडल अध्यक्षों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मोमेंटो दे के सम्मानित किया गया। वहीं रानी मिश्रा को दोबा पत्ता कार्य, बसंती बास्के को 6000 घरों तक पानी पहुचाने, चिंतामणि देवी को जल शैया जल पूर्ती, रीमा भट्टाचार्य को 7 वर्ष से अंधे बच्चो का स्कूल चलाने, सामिति पात्रों को सिलाइ सेंटर व ब्यूटी पार्लर चलाने, अश्टमी पर्माणिक को पत्ते दोना बेचने के लिए सम्मानित किया गया।

इस मौके पर जिला उपाद्यक्ष लक्ष्मी मिर्जा, जिला पदाधिकारी रीना चौधरी, सुशीला, लीना चौधरी, भारती कुमारी, सीमा जायसवाल, शुक्ला हलदर, रानी ठाकुर, भारती साहू शामिल रहे।

# गम्हरिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित नारायण अपार्टमेंट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जनकल्याण संगठन की प्रांतीय वरिय उपनिदेशका सह समाज सेविका रानी गुप्ता के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय महिला संगठनों की उपस्थिति में रंगारंग कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गम्हरिया के थाना प्रभारी सुषमा यादव व विशिष्ट स्थानीय जनप्रतिनिधि मुखिया निरोला सरदार शामिल हुए। मौके पर अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने कहा संगठन के प्रदेश की वरीय निर्देशिका व समाज सेविका रानी गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन की नवनियुक्त प्रदेश सचिव नीतू सिंह, जिला उपाध्यक्ष राखी शर्मा, जसवीर कौर ने महिला उत्थान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र व समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ चढ़कर काम करने वाली समाज सेविका रानी गुप्ता को अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# सरायकेला एसडीपीओ ने किया आरआइटी थाना का निरीक्षण



**लंबित मामलों का जल्द निपटाने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** रविवार को एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने आरआइटी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के सभी पंजियों का गहनता से अध्ययन करते हुए थाना प्रभारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। एसडीपीओ ने लूट पंजी, गुंडा पंजी को विशेष रुप से दुरुस्त करने एवं जेल से छूटे हुए अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही लंबे समय से लंबित कांडों का जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में कुछ महत्वपूर्ण त्रुटियां पायी गयी, जिसे एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने 15 दिनों के भीतर दुरुस्त करते हुए जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। थाना क्षेत्र में अपराध में कमी आने पर एसडीपीओ ने संतुष्टि जताते हुए इसे बरकरार रखने की नसीहत दी। उन्होंने बारी- बारी से सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों से उनकी भूमिका की जानकारी ली एवं जरूरी दिशा- निर्देश दिये।

वहीं थाना भवन के जर्जर स्थिति को देखते हुए एसडीपीओ ने कहा जल्द ही नया थाना भवन बनने का काम शुरू हो जायेगा। इससे पूर्व थाना पहुंचने पर एसडीपीओ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सागर लाल महथा सहित तमाम पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सागर सोना हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, नाबालिग समेत चार हिरासत में

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत विद्यापति नगर के रहने वाले सागर सोना का बीते दिनों स्वर्णरेखा नदी से पुलिस ने शव मिलने के बाद करवाई तेज कर दी। शनिवार को थाना प्रभारी रंजीत कुमार के नेतृत में पुलिस ने करवाई करते हुए हत्या में शामिल को बरामद किया था। नाबालिक समेत तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया मृतक के मां के बयान पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों में 21 वर्षीय सौरभ कुमार 18 वर्षीय सन्नी कश्यप और 19 वर्षीय सूरज बागति समेत एक नाबालिग शामिल है। पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने बताया मृतक के साथ 1900 रुपया को लेकर विवाद हुआ था। बीते दिनों नदी किनारे अकेले मिलने पर आरोपियों ने हाथापाई करने के दौरान सागर सोना का मृत्यु हो गई। आरोपियों के द्वारा शव को पत्थर से बांधकर नदी में फेंक दिया था। इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही खून लगे सोकर पाइप,कपड़े,दंड सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद कर लिया।

# मेरो हाथ पकड़ ले मइया मेरो मन घबरावे...पर झूमे श्रद्धालु

**साकची बंगाल क्लब में जीण माता के 17वां महोत्सव में हुई भजनों की अमृत वर्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जा के सर पर हाथ अपनी कुल देवी का होवे..., भक्तों का चलता जोर तो मंदिर चांद पे हम बनवाते..., मैया थारा टाबरियां थाने याद करे थारे से है मैया फरियाद करे..., भक्तों ने ज्योत जलाई मैया दौड़ी चली आई..., मईया थारी चुदड़ी में कुछ तो बात हैं..., मइया थारे हाथ रचावण घनी राचणी मेहंदी लाया...आदि जीण माता के भजनों पर रविवार को देर रात तक भक्त झूमते रहे। मौका था शहर की धार्मिक संस्था जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा आयोजित जीण माता का 17वां वार्षिक महोत्सव का। रविवार को साकची बंगाल क्लब में कोलकाता के आमंत्रित भजन गायक विवेक शर्मा एवं हर्षिता डीडवानिया ने भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल ने भी मंच का सफल संचालन किया।

# प्रेस क्लब के बैडमिंटन चैंपियनशिप में शामिल हुए मंत्री-विधायक, समापन आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल के नेतृत्व में पत्रकारों के मनोरंजन के लिए लगातार प्रयास जारी है। रविवार को मोहन आहूजा स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरजू राय शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा मीडिया बैडमिंटन खेलकर पत्रकारों का मनोबल बढ़ाया गया। चैंपियनशिप के दूसरे दिन सिंगल्स के अलावा डबल एवं सीनियर जर्नलिस्ट व महिलाओं का मैच खेला गया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कलम के सिपाहियों का सकारात्मक गतिविधियों में भागीदारी स्वच्छ समाज के विकास के साथ स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। मौके पर मंत्री ने पत्रकारों के साथ बैडमिंटन का भी आनंद उठाया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रहरी है। मौके पर टाटा स्टील के पूर्व कार्पोरेट कम्युनिकेशन चीफ प्रभात कुमार,बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश साहू शामिल रहे। प्रेस क्लब के सरंक्षक ब्रजभुषण सिंह, जयप्रकाश राय, प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुतुल ने अतिथियों को मोमेंटों देकर स्वागत किया। अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुतुल ने बताया प्रेस क्लब के द्वारा पत्रकारों के लिए तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोमवार को टूर्नामेंट का समापन होगा। इसमें मेंस सिंगल व डबल्स के सेमीफाइनल व फाइनल तथा सीनियर्स के फाइनल एवं महिलाओं के फाइनल मैच खेला जायेगा। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर मनोज सिंह, अकबर भोला,पिंटू, रोहित, इंतु, प्रसनजीत, जावेद, प्रियरंजन, महेन्दर, राजेश, रोकी, रिसव, मनोज सिंह, नवीन मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### भंडरिया थाना प्रभारी ने विभिन्न गांवों में रामनवमी जुलूस के रूट का किया निरीक्षण



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव मदगड़ी, बघवार, भंडरिया, नौका, फकीराडीह, बिंदा, जोन्हीखांड सहित आदि गांवों में रामनवमी पूजा के मौके पर निकलने वाले जुलूस रुट का निरीक्षण किया। साथ ही थाना प्रभारी ने पूजा स्थल का जायजा लेने भंडरिया के अति प्राचीन मंदिर जोगियामठ पहुंचे तथा वहां उपस्थित पूजा समिति के अधिकारी व सदस्यों से पूजा तैयारी की जानकारी प्राप्त किया।थाना प्रभारी ने पूजा समिति के सदस्यों से पूजा शांतिपूर्ण रूप से मनाने का अनुरोध किया। साथ ही जुलूस में अश्लील एवं भड़काऊ गाना नहीं बजाने की बात कही। जिससे किसी तरह का कोई विवाद उत्पन्न न हो। पूजा से पहले जुलूस में शामिल भोलेंटियर का नाम व जुलूस का रूट चार्ट थाने को उपलब्ध कराने की बात कही। थाना प्रभारी ने बिना जानकारी के नये रूट में रामनवमी झंडा नहीं निकालने की सख्त हिदायत दी। साथ ही उन्होंने सडक सुरक्षा नियम का पालन करने व दूसरे को भी सडक सुरक्षा नियम पालन करने के लिए जागरूक करने की बात कही।

### घर में नाश्ता बना रहा युवक झुलसा, एंबुलेंस के अभाव में दो घंटे बाद भेजा गया अस्पताल

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सड़की गांव में रविवार की सुबह महेंद्र चंद्रवंशी नामक युवक झुलस गया। जानकारी के अनुसार महेंद्र बाहर जाने के लिए नाश्ता बना रहा था। परिजनों द्वारा घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी लाया गया, जहां अस्पताल में ताला बंद रहने के कारण प्राथमिक उपचार नहीं हो सका। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने एम्बुलेंस को फोन लगाया लेकिन एम्बुलेंस खराब होने की बात कहकर कांडी व मझिआंव से एम्बुलेंस नहीं भेजा गया। दिनेश कुमार के अथक प्रयास से दो घंटे बाद एम्बुलेंस द्वारा घायल को मझिआंव अस्पताल भेजा गया है। जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांडी प्रखंड के लोग भगवान भरोसे जी रहे हैं। पूर्व उपायुक्त रमेश घोलप के कड़े निर्देश के बाद कुछ महीनों तक कांडी में डॉक्टरों ने ड्यूटी की। लेकिन एक बार फिर अस्पताल की स्थिति जस की तस हो गई। इस अवसर पर पतरिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार पासवान, बीडीसी प्रिन्स ठाकुर, भूटाली मिस्त्री व पप्पू साह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कांडी प्रखंड के 16 परीक्षा केंद्रों पर हुई नवसाक्षरों की आकलन सह जांच परीक्षा

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के 16 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को नवसाक्षरों के लिए आकलन सह जांच परीक्षा सम्पन्न हो गयी। बीडीओ मनोज कुमार तिवारी के निर्देश पर प्रखंड के सभी 16 पंचायतों में एक एक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर 11-11 कुल 176 नवसाक्षरों ने आकलन सह जांच परीक्षा दी। साक्षरता समिति के प्रेरक की देखरेख में जांच परीक्षा सम्पन्न हुई। कन्या मध्य विद्यालय कांडी सेंटर पर प्रेरक रेणु देवी, कश्मीरा देवी ने आकलन परीक्षा सम्पन्न करायी। इस केंद्र पर 3 पुरुष व 8 महिला नव साक्षर शामिल हुए। जिसमें प्रवीण कुमार, चंदीप कुमार, दिलीप कुमार, कांति देवी, सुनीता देवी, प्रभा देवी, अमरावती देवी, सुनैना देवी सहित कई ने जांच परीक्षा दी। मध्य विद्यालय अधौरा सेंटर पर प्रेरक नागेश कुमार चौधरी व कांति देवी, बुनियादी विद्यालय सेमौरा सेंटर पर प्रेरक हरिहर राम ने नवसाक्षर आकलन परीक्षा सम्पन्न करायी। मौके पर हेडमास्टर पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी, मोहम्मद गुलाम कादिर सहित सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित थे।

### मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड में कुल 18 केंद्रों पर हुई बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में कुल 18 केंद्रों पर रविवार को बुनियादी सह आकलन जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्रा धीक्षक के रूप में संबंधित विद्यालय केंद्र के प्रधानाध्यापक प्रतिनियुक्त किए गए थे। ज्ञात हो कि नगर पंचायत क्षेत्र में 3, ग्राम पंचायत क्षेत्र में 9 बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में 6 कुल मिलाकर 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें दोनो प्रखंड मिलाकर महिला 444 एवं पुरुष 98 नवसाक्षर महिलाओं एवं पुरुषों ने इस परीक्षा में भाग लिया। ज्ञात हो कि नपं क्षेत्र में कूल 140 में 139 महिला एवं पुरुष 1 परीक्षा में भाग ली। जबकि ग्राम पंचायत क्षेत्र में कुल 175 में महिला 139 एवं पुरुष 36 वहीं बरडीहा प्रखंड में 187 में महिला 166 एवं पुरुष 21 परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कराए जाने के लिए प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक अनीस अहमद खां, सीमा जयसवाल, संध्या कुमारी, चंदन कुमार व अन्य सहित ग्राम पंचायत प्रखंड समन्वयक कामेश्वर बैठा, नपं क्षेत्र के समन्वयक सुरती कुमारी, एवं बरडीहा प्रखंड के समन्वयक प्रमिला देवी, व साक्षरता कर्मी संदीप कुमार सिंह, रिंकी देबी, बिंदा देवी,ललिता देवी, प्रियंका देवी, विश्वनाथ ठाकुर, अनिल ठाकुर, बलराम सिंह, नंदू राम, निसरत खातून एवं भीटीयो का सराहनीय योगदान रहा।

**बैठक :** भाजपा रमकंडा मंडल बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण अभियान में जिला अध्यक्ष ने कहा

# भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनायें

**आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा रमकंडा मंडल की बैठक बलीगढ़ एवं रक्सी के शक्ति केंद्र पर बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान राज्य सभा में राष्ट्रपति द्वारा पढ़ा गया अभिभाषण को पढ़कर सुनाया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के रमकंडा मंडल के कार्यक्रम प्रभारी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनायें। शक्ति केंद्र के सभी बूथ स्तर पर महिला, युवा, समाजसेवी सहित हर वर्ग के लोगों को जोड़कर बूथ का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर अलग-अलग लोगों को हर कार्यक्रम की जिम्मेवारी देना है। कार्यक्रम एवं योजना को लेकर अलग-अलग प्रमुख बनाना है। इससे हर क्षेत्र में आम जनता को पार्टी से जोड़ा जा सकता है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को बताना होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को बूथ मजबूत पार्टी मजबूत जैसे मूलमंत्र के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को लक्ष्य से आगे बढ़कर मेहनत करना होगा। भाजपा इस बार लोकसभा विधानसभा चुनाव में नया मतदाता को जोड़ने का अभियान भी चला रही है। बूथ निर्माण में युवा महिला सबको जोड़ना है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक विकास किया है। वहीं झारखंड में भाजपा सरकार नहीं होने के कारण विकास का पहिया रुक गया है। गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड में त्राहिमाम मचा हुआ है। अगर झारखंड में भाजपा सरकार होती तो झारखंड हर क्षेत्र में आगे रहता। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को आगामी चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर पर सबको जोड़कर मजबूत करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता युवाओं को संगठन से जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाकर आगामी चुनावों में भाजपा सरकार बनाने में अपनी भूमिका निभायेंगे। आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता बीरेन्द्र केशरी, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सोनू गुप्ता, महामंत्री राजू कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि नंदलाल राम, अर्जुन ठाकुर, कामख्या यादव, महेंद्र केशरी, पारसनाथ माली, कर्मदयाल सिंह, रामनाथ गोंड, दीपक केशरी, जयप्रकाश केशरी, जयराम सिंह, विजय गुप्ता, राजेन्द्र प्रजापति, राजेश भुईयां, राजू यादव, दुबराज सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है : शैलेश चौबे

**पुरैनी पंचायत सचिवालय में प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई में आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** प्रखंड अंतर्गत पुरैनी पंचायत सचिवालय में प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई में आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का शुभारंभ प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे एवं मुखिया सुशीला देवी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि सरकार महिलाओं के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने हक एवं अधिकार के लिये जागरूक होने एवं आगे आने की जरूरत है।

श्री चौबे ने कहा कि आदमी केवल पैसे के लिये भागदौड़ करता है लेकिन महिलाएं घर, परिवार और बच्चों के साथ साथ पैसे अर्जन के लिये समूह से जुड़कर लाभ ले रही हैं यह सबसे बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में बीसी सखी के माध्यम से लेन देन करने से किसी भी तरह की छिनतई होने की समस्या नहीं रहेगी। इसलिये सभी समूह की दीदी समूह, ग्राम संगठन, संकुल संगठन का लेन-देन बीसी सखी के माध्यम से करें।

बीपीएम धनंजय कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूह की दीदियों को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से कैसलेस लेन देन करने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रहा है। इस अवसर पर समूह की दीदियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

मौके पर बिलासपुर मुखिया अनुराधा देवी, ओमप्रकाश चौबे, एफटीसी अनुज सिंह, सामुदायिक समन्वयक राज कुमार राम, भरत कुमार, संजय राम, योगेन्द्र सिंह, निधि भारती, नीरज मिश्रा, आईपीआरपी जाबिर अंसारी, एडमिन धर्मेंद्र सिंह, दीप शिखा, रूबी देवी, वाजदा, पूनम, सुलेखा, बैंक सखी प्रीति देवी, रंजना, नगमा, प्रतिमा देवी, सितापति देवी, शशिप्रभा गुप्ता, पिंकी देवी, ममता देवी सहित अन्य समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

## बूढ़ा पहाड़ गांव के बच्चों के बीच सीआरपीएफ ने पठन-पाठन सामग्री का किया वितरण

**ग्रामीण किसानों के बीच टमाटर, बैंगन, मिर्च तथा अरहर के बीज का किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** कभी नक्सलियों का गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ गांव में सीआरपीएफ की टीम ने स्कूली बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया। सीआरपीएफ की टीम ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शैक्षणिक सामग्री एवं खेती करने के लिए ग्रामीण किसानों के बीच टमाटर, बैंगन, मिर्च तथा अरहर के बीज का वितरण किया। साथ ही बारिश से बचने के लिए ग्रामीणों को प्लास्टिक भी दिए गए। सीआरपीएफ आम जनता एवं पुलिस के बीच समन्वय कैसे स्थापित हो इस दिशा में लगातार पुलिस काम कर रही है। मौके पर सीआरपीएफ कैंप के प्रभारी सहायक कमांडेंट प्रकाश ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य है कि ग्रामीण अपनी समस्या को खुलकर उनके सामने रखें। पुलिस उनकी मदद एवं सेवा के लिए हमेशा तत्पर है। यह वही बुढ़ा पहाड़ है जहां कभी नक्सलियों का अपना अलग ही शासन चलता था। ग्रामीण नक्सलियों के डर के साए में जीने को विवश थे। यहां न तो शिक्षा की कोई मुकम्मल व्यवस्था थी और ना ही कोई बुनियादी सुविधा। ग्रामीण अभावग्रस्त जीवन गुजारने को विवश थे। अब पुलिस ने बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करा लिया है। यहां झारखंड सरकार ने बूढ़ा पहाड़ विकास परियोजना बीपीडीपी विकास योजना को लांच कर दिया है। सीआरपीएफ लगातार ग्रामीणों के साथ बेहतर संबंध बनाने में जुटी हुई है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सोलर युक्त जलमीनार अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास

**नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में सोलर युक्त जलमीनार का अधिष्ठापन कराकर शुद्ध पेयजल कराया जा रहा है उपलब्ध : विजयालक्ष्मी देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 स्थित राजा पहाड़ी के समीप सोलर युक्त जलमीनार अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी एवं उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया।

मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि लोगों को शुद्ध पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में सोलर युक्त जलमीनार का अधिष्ठापन कराकर 30 घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ सभी जगहों पर नल पोस्ट स्टैंड लगाकर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि अगले माह श्री बंशीधर महोत्सव आयोजित होने वाला है। महोत्सव को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत विशेष तैयारी की जायेगी। व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार के साथ साथ साफ-सफाई एवं लाईटिंग की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि बंशीधर महोत्सव का आयोजन नगर पंचायत क्षेत्र वासियों के लिये गर्व की बात है। श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत कई विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन महोत्सव के अवसर पर किया जायेगा।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने व अतिथियों के स्वागत के लिये जगह-जगह पर तोरण द्वार लगाये जायेंगे, ताकि बंशीधर महोत्सव को राष्ट्रीय पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि महोत्सव के मुख्य अतिथि से बंशीधर मंदिर को श्री कृष्ण सर्किट से जोड़वाने का अनुरोध किया जायेगा। इस मौके पर सुरेंद्र गुप्ता, अशोक जायसवाल, छोटन, संतोष तिवारी, राहुल, विमलेश सहित कई लोग मौजूद थे।

### वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति, गढ़वा 6 अप्रैल को रामविलास पासवान की प्रतिमा स्थापित करेगी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा की बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे से जागृति क्लब टंडवा में हुई। जिसकी अध्यक्षता चंदन पासवान ने की एवं संचालन जिला महासचिव रामचंद्र पासवान ने किया। बैठक में मुख्य रूप प्रमंडलीय महासचिव रामजी पासवान, प्रमंडलीय प्रभारी रबिन्द्र पासवान, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार, संरक्षक सुनील पासवान, संरक्षक जयराम पासवान, संरक्षक बिंदेश्वरी पासवान, युवा समाज सेवी अनुराग पासवान, कोषाध्यक्ष विजय पासवान आदि वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 06.04.2023 को गढ़वा जिलान्तर्गत रमना प्रखंड के बहियार गांव में एनएच-75 के किनारे वीर बाबा चौहरमल जी एवं पासवान समाज के शान पूर्व केन्द्रीय मंत्री पदम भूषण से सम्मानित स्व. रामबिलास पासवान की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसका अनावरण लोक जन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान करेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें जिला के सभी प्रखंड में प्रचार प्रभारी नियुक्त किया गया। जो इस प्रकार हैं- गढ़वा प्रखंड कुलदीप पासवान, मेराल प्रखंड सुमेर पासवान, रमना प्रखंड बिरइंची पासवान, नगर प्रखंड मिथिलेश पासवान एवं रबिन्द्र पासवान पूर्व प्रमुख, कल्याणपुर प्रखंड मुकेश कुमार पासवान, धुरकी प्रखंड धर्मेंद्र पासवान, भवनाथपुर प्रखंड बबन उर्फ पाठक पासवान, कांडी प्रखंड सत्येंद्र पासवान एवं अनूप पासवान, रंका प्रखंड जितेंद्र पासवान एवं अनोज पासवान, मझिआंव प्रखंड मंटू पासवान एवं संतोष पासवान, रमकंडा प्रखंड जितेंद्र पासवान एवं लालमोहन पासवान को प्रचार प्रसार के लिए जिम्मेवारी दी गयी है। कार्यक्रम में बहियार निवासी भूमिदाता बीरेंद्र पासवान को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया

### शिवमंदिर निर्माण को लेकर कमेटी का गठन कर पदाधिकारियों का किया गया चयन



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की रक्सी पंचायत के कदवा गांव के कबिसवा में शिवमंदिर निर्माण को लेकर गांव के बुद्धिजीवियों एवं ग्रामीणों की रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सागर यादव ने की। बैठक में शामिल लोगों ने कबिसवा शिवमंदिर निर्माण करने को लेकर स्थल का चयन किया व मन्दिर निर्माण को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। कबिसवा में शिव मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों ने विचार-विमर्श किया। जिसमें शिवमंदिर निर्माण समिति का गठन करते हुए पदधारियों का चयन किया गया। सुरेन्द्र यादव को अध्यक्ष, अरबिन्द यादव को उपाध्यक्ष, पंचम यादव को सचिव, उदय यादव को उपसचिव, सुदय यादव को कोषाध्यक्ष, चंद्रमान यादव को मंत्री एवं तुलसी यादव को महामंत्री को चुना गया है। बताया गया कि शिवमंदिर निर्माण कार्य तेज गति से किया जायेगा। समिति इसे सुंदर रूप देने के लिए प्रयासरत है। वहीं बैठक में सहयोग राशि भी ली गयी। बैठक में सदस्य सागर यादव, सोभनाथ भुईया, देवललन यादव, संतोष पासवान, नरेश राम, अनिल यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सगमा में अज्ञात महिला का शव बरामद

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखंड के शारदा गांव के बघमारी पहाड़ के समीप महुआ के पेड़ के नीचे अज्ञात 55 वर्षीय महिला की लावारिश लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मृतक महिला भीख मांगने वाली थी। महिला के पास एक प्लास्टिक के झोला में आलू, चावल, थाली और एक शॉल बरामद किया गया है। धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि लावारिस लाश की न तो कोई पहचान हो पायी है न ही मौत के कारणों का पता चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

**कार्यक्रम :** जिला कुश्ती संघ गढ़वा ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

## 10वीं सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पदक विजेता पहलवानों को किया सम्मानित

**समाजसेवी संध्या सोनी एवं दौलत सोनी ने जिला के खिलाड़ियों के लिए व्यायाम के सामान उपलब्ध कराये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** दिनांक 19 से 22 जनवरी 2023 तक शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय ट्रेडिशनल स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2022-23 में भाग लेते हुए झारखंड राज्य के महिला-पुरुष पहलवानों ने अपना दम दिखाते हुए उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया था। पहलवानों का रिजल्ट इस तरह से रहा था, जिनको रविवार को सम्मानित किया गया। इनमें सोनम कुमारी- 32 केजी भार वर्ग में रजत पदक, अनिता कुमारी -36 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, सुप्रिया कुमारी-40 केजी भार वर्ग में कांस्य पदक, सोनाली कुमारी-42 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आदिति कुमारी- 50 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अनुराधा कुमारी- 50 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, नेहा कुमारी- 60 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, प्रियंका कुमारी- 70 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, किशोर कुणाल पासवान- 71 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, विवेक सिन्हा -100 केजी भार वर्ग में रजत पदक, पवन कुमार-60 केजी में खेलो झारखंड स्कूल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक गढ़वा शामिल हैं।

सम्मान समारोह के आयोजक रहे जिला कुश्ती संघ गढ़वा। प्रायोजक सह मुख्य सहयोगी की भूमिका में उन्नति ज्वेलर्स, मार्बल्स, साड़ी सेंटर, श्याम खाटू ज्वेलर्स का विशेष सहयोग रहा।

सम्मान समारोह के अवसर पर समाजसेवी संध्या सोनी एवं दौलत सोनी ने जिला के खिलाड़ियों के लिए व्यायाम का सामान डंबल, बेंच प्रेस, रॉड वेट लिफ्टिंग के समान प्लेट, ट्रेडमिल पहलवानों के सुपुर्द किये।

इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय कुश्ती रेफरी शैलेंद्र पाठक, अनिता दत्त, रेखा चौबे, प्रोफेसर उमेश सहाय, राघवेंद्र नारायण सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, प्रणव कुमार, सुनील अग्रवाल, रविंद्र केसरी, कमलेश गुप्ता, ललन पहलवान, धर्मेंद्र पाल, सत्येंद्र यादव, रामप्रवेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेल कूद ओम प्रकाश गुप्ता, सुशील तिवारी, अजय कांत, नरेश बौध, कॉसलेस तिवारी, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक अरविंद दुबे, रामाशंकर सिंह, प्रभात तिवारी, बृजेंद्र तिवारी के साथ डे बोर्डिंग कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र, एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र और वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र के सभी खिलाड़ी अपने अभिभावक के साथ उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष किशोर कुणाल ने दी।

### मझिआंव में वज्रपात से एक महिला की मौत

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदरा गांव निवासी स्व. विनोद रजवार के 40 वर्षीय पत्नी कलमनिया कुंवर की वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथ चल रही गांव के ही महिला रीता देवी बाल-बाल बच गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दोनों महिला पैदल अपने गांव से सटे महंगाई गांव के डीलर बबीता स्वयं सहायता समूह की दुकान पर जन वितरण प्रणाली के तहत राशन लेने के लिए आयी थीं। लौटने के क्रम में इमलिया टिकर मैदान के वज्रपात की चपेट में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही बोदरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि इंदल सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता मीनू दुबे ने अस्पताल पहुंचकर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## परंपरा के अनुरुप ही संपन्न होंगे रामनवमी त्योहार: रोहित



**कैरो/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो महाबीर मंडल की क्षेत्रीय बैठक दुर्गा वाडी भवन कैरो मे 19 मार्च रविवार को कैरो महाबीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पन्न हूई। बैठक में उतका, खंडा, नरौली, गजनी, नगजुवा, चाल्हो, महूवरी, टाटी, सढावे, खरता, हनहट, हुद्दू, एडादोन, गुड़ि, न्गडा, बसरी, नदीनगडा इत्यादि महाबीर मंडल अखाड़ो के प्रमुखो का बैठक में रामनवमी एवं दशमी 31 मार्च को भरत-मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न किये जाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक मे केंद्रीय महाबीर मंडल के अध्यक्ष रोहित प्रसाद साहू,एवं महासचिव जागेश्वर साहू,उपाध्यक्ष चमरू उरांव, संरक्षक राजू साहू को कैरो महावीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, सचिव विनोद राम,उपाध्यक्ष विपिन सिंह,एवं संरक्षक शरत कुमार विद्यार्थी ने केंद्रीय महाबीर मंडल के पदाधिकारीयों को पट्टा पहनाकर स्वागत किया।बैठक मे अपने उद्बोधन मे केंद्रीय महाबीर मंडल के अध्यक्ष रोहित प्रसाद साहू ने कहा कि बर्ष 2023 मे श्री रामनवमी का त्योहार एवं दशमी को कैरो भरत-मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम में केंद्रीय महाबीर मंडल लोहरदगा परिवार आप सबों के साथ है, धर्म रीति रिवाज,एवं परंपरा का पूर्ण रूप से निर्वहन करते हुए त्योहार के उत्साह व उमंग मे कोई कमी नहीं होगी। आज के उक्त बैठक मे पुर्व पंचयात समिति सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि त्योहार एक दुसरे के बीच प्रेम और सौहार्द को और मजबूत करता है, हमें एक दूसरे के भावनाओं का ख्याल रखते हुए शांति पूर्वक कार्यक्रम को संपन्न करना है,जुलूस मे किसी भी प्रकार का नशा-पान का सेवन नहीं करे साथ ही आपत्तिजनक नारो का भी इस्तेमाल कदापि न करें। बैठक को विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, रामपवित्र प्रसाद सोनी, मोहन साहू, विपिन सिंह, उप-मुखिया रवि प्रजापति राम प्रसाद यादव, श्रवण मुंडा, अवध साहू, गोविंद महतो, इत्यादि ने भी संबोधित किया। वही आज के उक्त क्षेत्रीय बैठक में उपरोक्त लोंगो के अलावा शंभु सोनी, मृत्युंजय तिवारी, कृष्णा मणि यादव, सुनील उरांव, परमेश्वर भगत, मनोज कुमार पांडेय, पवन महतो, राजेश सोनी, ओम प्रकाश, विनोद राम प्रेमलाल सिंह, सुरेंद्र साहू, प्रदीप लोहरा शिवचरण तुरी, संजय साहू, नीरज कुमार साहू, जलन सिंह, रामलखन साहू, सुजीत प्रसाद साहू, आदित्य यादव इत्यादि उक्त क्षेत्रिय बैठक में उपस्थित थे।

## अवैध बालू खनन और परिवहन मामला में एक ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा बांकी नदी से बालू उठाव कर परिवहन करते हुए सेन्हा थाना पुलिस ने एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार के द्वारा खनन एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया। बताया जाता है कि थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को बालू उठाव को लेकर गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। सूचना के आलोक में पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा। ट्रैक्टर मालिकों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास में बालू उठाव कर गिरा रहे थे। उसके बाबजूद भी गाड़ी को प्रशासन द्वारा पकड़ा गया है। बताते हुए कहा कि एक तरफ सरकारी योजना क्षेत्र में संचालित कर मजदूर वर्ग को रोजगार मुहैया कराने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी तरफ कारवाई किया जा रहा है। अगर बालू अवैध है,और राजस्व की क्षति हो रही है तो सरकार निविदा की घोषणा क्यों नही करती है। जानकारी के अनुसार बता दें कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण बाधित होने का बात को लेकर सेन्हा प्रखंड क्षेत्र से पूर्व में लाभुकों के द्वारा जिला उपायुक्त सहित अन्य आलाधिकारी एवं प्रखंड व अंचल पदाधिकारी को अवगत कराया गया है।

## जिला मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष बने बासुदेव उरांव



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के हरमू पंचायत भवन में रविवार को जिला मुखिया संघ चुनाव को लेकर जिला अंतर्गत 7 प्रखंड के 66 पंचायत के मुखियाओं का बैठक हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से नई मुखिया संघ चुनाव पर सहमति बनाई गई। जिसमें सर्वसम्मति से मुखिया संघ का जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप उरांव, सचिव परमेश्वर महली, सह सचिव राजश्री उरांव, कोषाध्यक्ष बुद्धेश्वर उरांव, सह कोषाध्यक्ष सुखमनी टोप्पो, मीडिया प्रभारी ममता कुमारी, राजू उरांव को बनाया गया। वही प्रत्येक प्रखंड से एक-एक उपाध्यक्ष बनाया गया। जिसमें अनिल उरांव, विरेंद्र महली, सुमित उरांव, राजकिशन उरांव, बसंत उरांव, भागवत खेरवार, ललिता देवी को शामिल किया गया। वही सर्वसम्मति से जिला मुखिया संघ सलाहकार समिति बनाया गया। जिसमें दिलीप कुमार उरांव, कमला देवी, इंद्रदेव उरांव, राजू उरांव, सुषमा देवी, चांदमणि उरांव को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संघ को तभी मजबूती प्रदान कर सकते हैं, जब तन मन से सभी मुखिया साथ देंगे। सभी को एक साथ लेकर चलने की पहली प्राथमिकता होगी एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजना को धरातल पर उतारने सहित जन समस्या का निराकरण कराने में संघ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। आने वाले समय में मुखिया का बेहतर योगदान रहे इस दिशा में कार्य किया जाएगा। मौके पर जिले के सभी पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

## अमरवाडीह से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर तीन बकरे की चोरी की



**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह ग्राम के पांकरटोला निवासी त्रिवेणी गंझु पिता नारायण गंझु के घर से ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने तीन बकरे चोरी कर फरार हो गया।हुई चोरी के संबंध में जानकारी देते हुए भुक्तभोगी त्रिवेणी गंझु ने बताया की हमलोग सभी परिवार प्रतिदिन की भांति रात्रि भोजन कर सो गए गए थे।सुबह उठकर जब बकरे घर को देखें तो ताला टुटा हुआ है और लगभग तीस-तीस किलो का तीन बकरे गायब है।आसपास काफी खोज बिन किए जाने के बावजूद कुछ अता पता नहीं चल पाया।बकरे की चोरी होने से लगभग 55 हजार रुपए की नुकसान हुआ है।

### लूटपाट करने की बना रहे थे योजना

# पांच अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा के कंडरा जंगल के समीप देर रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने लूटपाट की योजना बनाते पांच युवकों को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त में अलीहसन अंसारी पिता कुर्बान अंसारी, फरीद अंसारी पिता स्व. कुर्बान अन्सारी, अफरोज अन्सारी, पिता स्व. जुल्फान अंसारी, सुलेमान अंसारी पिता स्व. हुसैन अंसारी सभी साकिन भड़गांव, थाना सेन्हा,जिला लोहरदगा तथा दानिश कोटवार पिता कलीम कोटवार गुमला जिला अन्तर्गत भरनो थाना क्षेत्र के मलगो निवासी के रूप में किया गया है। इस संदर्भ में सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि पकड़े गए सभी लोग लूटपाट की योजना बना रहे थे। इसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। जिसका सत्यापन के लिए पुलिस टीम गई थी। सूचना सत्यापन में निकली हुई गश्ती टीम को रोड ब्लॉक एवं पांच युवक को एक साथ देख कर संदेह हुई। जिसके पश्चात पुलिस द्वारा पुछताछ एवं जांच पड़ताल के दौरान काला रंग का बैग, हथौड़ा,नौ पीस पेचकस, स्टील का तलवार और रिंच बरामद किया गया। उन लोगों के निशानदेही पर घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकि मंदिर से महज दो किलोमीटर दूरी खड़ी बॉकसाइड ट्रक से बैटरी चोरी करने की बात स्वीकार किया गया।



### मामला दर्ज कर सभी को भेजा जेल

**इस संदर्भ में सेन्हा थाना कांड संख्या 38/23 दर्ज कर धारा 399,402 भादवि के तहत मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दी है। बताया जाता है कि लाल रंग का बैगन आर जेएच 02 जे 5136 को डायभरसन के समीप एनएच 143 पथ को ब्लॉक कर घटना को अंजाम देने का फिराक में जुटा हुआ था।**

### लोहरदगा रेलवे स्टेशन का मामला

## प्लेटफार्म और ओवरब्रिज का निर्माण कार्य धीमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** रेलवे स्टेशन परिसर में राजधानी एक्सप्रेस सहित अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर लोगों में व्याकुलता बढ़ती जा रही है। उक्त ट्रेनों के स्टॉपेज लोहरदगा में होने से आसपास के क्षेत्रों को दिल्ली सहित अन्य राज्यों के सफर में समय व राशि दोनों में बचत होगी। परंतु जबतक उक्त ट्रेनों के अनुरूप स्टेशन तैयार नहीं हो जाता तब तक इसका स्टॉपेज मिलना भी व्यवहारिक नहीं है। फिलहाल, स्टेशन के भीतर की ओर रेलवे द्वारा प्लेटफॉर्म निर्माण का कार्य सुस्त चल रहा है। निर्माण कार्य की स्थिति देख लोगों को उक्त ट्रेनों के रुकावट ले लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। औपचारिक बातचीत के क्रम में रेलवे अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है। लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत द्वारा रेलवे से जुड़ी कई बिंदुओं पर मांग किए जाने के बाद राजधानी सहित अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के लोहरदगा में ठहराव को लेकर रेल संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी सकारात्मक जवाब मिलने के बाद अब प्लेटफार्म निर्माण कार्य जारी है। पूर्व में कार्य तेज हुई थी। परंतु पुनः कार्य सुस्त चल रही ही। बीते समय रेलवे के पदाधिकारियों द्वारा जारी किए दिशा निर्देश के बाद कार्य में रफ्तार बढ़ायी गई थी। हालांकि अभी भी एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। यहां एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर 550 मीटर का प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य चल रहा है। बरसात से पूर्व ही मिट्टी भराव का कार्य होना था। फिलहाल दोनों ओर स्लैब का निर्माण हो चुका है। इसके अलावा ओवरब्रिज का स्पेन भी खड़ा किया जा चुका है। आगे इसमें स्नैप और शेड बिछाने का कार्य जारी है। निर्माण कार्य को अप्रैल, मई 2023 तक पूरा किया जाना था। हालांकि कार्य की रफ्तार को देखते हुए इसमें देर होने की संभावना को झुठलाया नहीं जा सकता। ओवरब्रिज को 450 मीटर के पुराने प्लेटफॉर्म से नए 550 मीटर के प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। इसके अलावा भी उक्त ट्रेनों के ठहराव की दिशा में कई निर्माण कार्य चल रहे है। स्टेशन में आरपीएफ के अधिकारियों सहित जवानों की संख्या बढ़ायी गई है। क्वाटर्स सहित टिकट काउंटर भवन बड़े स्तर पर निमार्णाधीन है। आयरन ब्रिज सहित दोनों ओर राजधानी जैसे ट्रेनों के ठहराव को लेकर तकनीकी रूप से तय दूरी अंतराल में स्टेशन परिसर को बड़ा किए जाने का भी कार्य चल रहा है।

## सेन्हा में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा अरू मैदान में सरहूल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो और पहान पुजार के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में डाड़ू, अलौदी,चाउ,कोराम्बे तोडार,पखन टोली, जमीरा, कल्हेपाट,पा रही सहित प्रखंड और जिला के 50 खोड़हा शामिल हो अपना प्रदर्शन किया। मौके पर विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा व जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि सरहुल प्रकृतिक पर्व है। गांव के पाहन पुजार और महतो सभी जीव जंतु और ग्रामवासियों का सुख सुविधा तथा लालन पालन के लिये करते हैं। सभी लोग मिल जुल कर आदिवासी संस्कृति एवं परंपरा को बचायें। बच्चो को शिक्षित करें और हाड़ी,दारू का सेवन से बचे। जिसे सभ्य और शिक्षित समाज का निर्माण हो सकेगा।

## ट्रैक्टर की ट्राली से दबकर ट्रैक्टर मैकेनिक की मौत

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के डुमारो में ट्रैक्टर की ट्राली मरम्मत करने के क्रम में ट्रॉली से दबकर मैकेनिक सज्जाद आलम की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा थाना पुलिस अवर निरीक्षक दिव्य प्रकाश दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे व मामले की जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार भेज दिया। घटना के संबंध में बताया कि उक्त ट्रैक्टर खराब हो गया था। उसे बनाने के लिए मालिक मनोज यादव (नुरंगी, चान्हो) सुबह मैकेनिक को बुलाकर ट्रैक्टर ठीक करा रहे थे, उसी बीच ट्रैक्टर की ट्राली में लगा जैक खिसक गया और ट्रैक्टर का ट्राली मैकेनिक के ऊपर जा गिरा जिससे मैकेनिक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मामले में मृतक के पिता मुख्तार आलम के आवेदन पर चंदवा थाना कांड संख्या 71/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक मैकेनिक सज्जाद आलम का लगभग सात आठ माह पूर्व ही विवाह हुआ था और काफी गरीब परिवार से आता है, उसके परिवार का रोजी-रोटी इसी कार्य से चल रहा था, सज्जाद के असामयिक मौत के बाद परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट गया है। परिजनों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजा और सहयोग की गुहार लगायी है।

# ग्रामीणों ने सुनायी समस्या, विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा, जल्द होगा निदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह से प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने उनके मंगरा स्थित आवास पर रविवार को मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी जनसमस्याओं से विधायक को अवगत कराया। समस्याओं को सुनकर विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का निदान हर हाल में जल्द किया जायेगा। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। मौके पर ग्रामीणों द्वारा पंचायत में पीसीसी पथ निर्माण, नाली निर्माण की मांग की गई और बरसात के दिनों में सड़क में जल जमाव होने की वजह से ग्रामीणों को होने वाली समस्या से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि इस सड़क का निर्माण जल्द कराया जाएगा।ग्रामीणों ने कहा कि कई बार उन्होंने वृद्धापेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड आदि का फॉर्म भरा है पर अब तक उनकी कोई समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। साथ ही कई लोगों का प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया हैं। विधायक ने तुरंत बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष से संवाद कर समस्याओं का शीघ्र निदान करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र काफी बड़ा है बहुत सारे ग्रामीण मुझ तक अपनी समस्या नहीं पहुंचा पाते हैं इसीलिए अब मैं खुद अपनी जनता के समक्ष जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनके निदान के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। जिस आशा उम्मीद और विश्वास के साथ मुझे लोगो ने अपना प्रतिनिधि चुना है। उस पर खरा जरूर उतरूंगा।



## तेली समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का सम्मान सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष जयनाथ साहू, युवा जिला अध्यक्ष दीपक साहू, महिला जिला अध्यक्ष रेखा साहू, जिला महासचिव विजय साहू, युवा जिला सचिव सचिन सिंघानिया, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता उर्फ मोनू का सम्मान फूल माला से किया गया। तेली समाज के पदाधिकारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सभी को केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग के द्वारा शपथ दिलाया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि लोहरदगा के लिए गौरव की बात है इस नए गठित कमिटी पूरा लग्न और कठोर मेहनत के साथ समाज को आगे बढाने का काम करेगा। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान महासचिव मनोज साहू व धन्यवाद ज्ञापन सोहन साहू ने किया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, मनोज साहू, शिवदयाल साहू, बजरंग साहू, विजय साहू, अशोक साहू, मंटू साहू, काली साहू, लखपति साहू, रामबिलास साहू, मुन्ना साहू, राजू साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस मनाने को लेकर कमिटी का विस्तार किया गया

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना भवन परिसर में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु की अध्यक्षता में बैठक कर खरवार भोगता समाज विकास संघ के तत्वाधान मे बारिखाप कांडरका के समीप वीर शहीद निलांबर पीतांबर शहादत दिवस मनाने को लेकर कमिटी का विस्तार किया गया। आगामी 28 मार्च को धूम धाम से निलांबर पीताम्बर शहादत दिवस मनाया जायेगा जिसके लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुरेश भोगता, उपाध्यक्ष नरेश भोगता, सचिव रवि गंझू, उपसचिव दसरथ भोगता, कोषाध्यक्ष चिंतामनी भोगता, उपकोषाध्यक्ष ब्रजेश भोगता, संरक्षक बहादुर गंझु, योगेंद्र गंझु, राजेश्वर गंझु, दोनों बिनोद गंझु बनाये गये। मौके पर सुरेंद्र भोगता, राजेश गंझू,अजित गंझु, गौरी शंकर गंझू, प्रदीप, अखिलेश, अशोक एवं रामजीत सिंह भोगता सहित कई समाज के लोग मौजूद थे।

## सरहुल मनाने को लेकर आदिवासी समाज की बैठक

**हेरहंज-लातेहार (आजाद सिपाही)।** होने वाले 24 मार्च को सरकारी सरहुल मनाने को लेकर आदिवासी समाज की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मंगल उरांव ने की। बैठक में सर्व समिति से पर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सर्व समिति से संचालन के लिए चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए-संदीप कुमार भगत, उपाध्यक्ष-गोपाल उरांव,सचिव- नागेंद्र उरांव, उप सचिव-विगत उरांव, कोषाध्यक्ष-मंगल उरांव, संयोजक-चंद्रदेव उरांव,उपसंयोजक-लालदेव गंझु, संयोजक-मीना कुमारी एवं सदस्य- विजय उरांव, सुरेश भोक्ता, कुलेश्वर उरांव, जयराम, दिलीप उरांव संदीप उराव, बालजीत, करमा, उरांव, ललीत भोगता का चुनाव किया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया

**गारु (आजाद सिपाही)।** गारु प्रखंड के बारेसांढ खेल स्टेडियम में सीआरपीएफ ई/218 बटालियन के कमांडेंट मो. खालिद खान के सौजन्य से सहायक कमांडेंट सुमित सोरेन के नेतृत्व में सिविक एक्शन प्लान के तहत बालक बालिकाओ का फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला तिसिया बनाम पहाड़ कोचा के बीच खेला गया जिसमे पहाड़ कोचा की टीम तीन गोल से बिजय हुआ। वही दूसरा मुकाबला बारेसांढ बनाम तम्बोली के बीच खेला गया जिसमे बारेसांढ की टीम तीन एक से जित हासिल की। वही बालक वर्ग का फाइनल मैच बारेसांढ बनाम पहाड़ कोचा के बीच खेला गया। जिसमें बारेसांढ् की टीम एक तरफा मुकाबला में पहाड़ कोचा को दो शून्य से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। वही बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला रामसेली बनाम बारेसांढ के बीच खेला गया। जिसमें रोमांचक मुकाबला में रामसेली की टीम दो एक से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस बीच बिजेता उप बिजेता टीम को जर्सी सेट फुटबॉल किट दिया गया। इस दौरान उपस्थित खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ के सहायक कमांडेड सुमित सोरेन ने कहा कि आज के परिवेश में पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी ध्यान देना चाहिए। खेल से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा आप पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान दे ताकि आप खेल से अपने गांव प्रखंड राज्य और देश का नाम रौशन कर सके उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ हमेशा से ही गरीबो के रही है समय समय पर आगे भी ऐसा कार्यक्रम करते रहेगी और जरूरत मंद के बीच सामग्री का बितरण करते रहेगी। वही टूर्नामेंट को सफल बनाने में रेफरी संतोष सूबा लाइंस मैन में दिलीप भगत प्रबल एक्का टैक्स मिंज ने अहम भूमिका निभायी। इस बीच फाइनल मैच के बाद सीआरपीएफ कैम में सिविक एक्शन के माध्यम से देश भक्ति फिल्म भी दिखाया गया और खिलाड़ियों को जलपान भी कराया गया।साथ ही प्रोग्राम के तहत शिविर लगा कर जरूरी मंद के बीच सोलर लाइट बर्तन सहित अन्य जरूरी सामग्री का भी बितरण किया गया। मौके पर इंस्पेक्टर राम सहाय यादव एसआइ पवन रजक के अलावे काफी संख्या में सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे।

## अंचल की मनमानी के खिलाफ आजसू करेगी आंदोलन

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार अंचल कार्यालय में ब्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आजसू पार्टी आंदोलन के मूड में है।आंदोलन को धारदार बनाने के लिए आजसू कार्यालय में लगातार बैठको का सिलसिला जारी है।आजसू का आरोप है कि अंचल कर्मी जमीन के कागजात के साथ हेराफेरी कर रहे है।जिससे जमीन मालिको को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।आरोप है कि कागजात में हेराफेरी कर असल जमीन मालिक को उनके जमीन से बेदखल कर दिया जा रहा है।जबकि उसी जमीन मालिक की जमीन दूसरे के नाम कर दिया जा रहा है।इस संबंध में आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि अंचल कार्यालय में भू माफियों की मनमानी बदस्तूर जारी है।लिहाजा लातेहार के सैकड़ों जमीन मालिक अंचल की मनमानी से त्रस्त है।अमित पांडेय ने कहा अंचल कार्यालय में पूरी तरह भू-माफियो का कब्जा हो चुका है।अंचल कार्यालय को भू-माफियों से मुक्त कराना बेहद जरूरी है।ताकि जमीन की हेराफेरी पर विराम लग सके।उन्होंने कहा अंचल की मनमानी के खिलाफ 3 अप्रैल को जुलूस एवं धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है।जिसमे अंचल से त्रस्त हजारो लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे।कार्यक्रम के बाद अपनी मांगों को लेकर लातेहार उपायुक्त को अंचल में फैले भ्रष्टाचार से संबंधित मांग पत्र सौपेंगे।इधर अंचल की मनमानी से परेशान संजय तिवारी ने कहा जमीन के कागजात में हुई हेराफेरी को लेकर वह दो साल से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे है।लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।उन्होंने कहा भू-माफिया और अंचल कर्मियों के गठजोड़ से लोगो के कागजात में हेराफेरी कर जमीन की बिक्री की जा रही है।जो बहुत ही गंभीर मश्वा है।बैठक में आजसू जिलाउपाध्यक्ष श्रवण पासवान,उत्तम कुमार गुप्ता,संजय तिवारी,जैनुल अहमद, सफीक अन्सारी, विजय पासवान,गजेंद्र प्रसाद,रविन्द पांडेय,प्रदीप मिश्रा,सतेंद्र राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार का आयोजन




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** झालसा, रॉची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार श्री अखिल कुमार के आदेशानुसार 12 बजे से स्थानीय मंडलकारा, लातेहार में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राहुल कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, लातेहार ने कैदियों को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी, गिरफ्तारी की तिथि, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के संबंध में काराधीन कैदियों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में दीपक कुमार मिश्रा एसींस्टेंट एल0ए0डी0सी0 ने सभी कैदियों को कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया एवं छोटे-मोटे मुकदमों में सुलह समझौता से संबंधित विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में बंदीगणों से उनके समस्याओं के बारे में पुछा गया। उसके निराकरण का विधिक सलाह दिया गया।मौके पर मंडल कारा, लातेहार के अधीक्षक मेनशन बारवा, प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा मंडल कारा, लातेहार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in
09

# झानद केंद्रीय संयोजक एवं सदस्यों ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात



**झारखंड सरकार एवं गुमला उपायुक्त से मृतक मजदूर एवं मृतका नैहरी देवी के परिजनों को सहायता प्रदान करने की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह और सदस्यों ने घाघरा प्रखंड के रन्हे गांव के हिंद मंडे पहान व टोटाम्बी केंदटोली के मृतका नैहरी देवी के परिजनों से गांव में जाकर मुलाकात की। विदित हो कि रोजी-रोटी की खोज में केरल प्रदेश जाकर काम करने के दौरान तीन दिन पूर्व बीमारी से हिंद मंडे पहान की मृत्यु हो गई थी। वहीं धान कूटने वाली मशीन से टोटाम्बी केंदटोली में दुर्घटना में रामलाल भगत की पत्नी नैहरी देवी की मृत्यु की सूचना पर नेताओं ने गांव का दौरा कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

मृतक मजदूर एवं मृतका के परिजनों ने बताया कि अभी तक प्रखंड प्रशासन या कोई भी जनप्रतिनिधि हम लोगों से मिलने के लिए नहीं आये हैं। श्री सिंह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हम परिजनों के साथ हैं और जो भी सरकारी सहायता होगी पार्टी उसे दिलाने का प्रयास करेगी।

श्री सिंह ने प्रखंड प्रशासन के उदासीन रवैये पर कड़ी आपत्ति जतायी। उन्होंने दोनों मामलों पर झारखंड सरकार और गुमला उपायुक्त से संज्ञान लेकर मृतक मजदूर एवं मृतका नैहरी देवी के परिजनों को सहायता प्रदान करने की मांग की है।

इस मौके पर किसान नेता शिव प्रसाद साहू व मजदूर नेता धर्मपाल उरांव के अलावे मृतक मजदूर की धर्मपत्नी सुशीला उरांव, माता मुन्नी देवी, भाई देवानंद पहान, वहीं मृतका के पति रामलाल भगत, पुत्री पूजा कुमारी, दमाद भदया उरांव, गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सावन उरांव, लालदेव उरांव सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# कौशल विकास केंद्र में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित कौशल विकास केंद्र के सभागार में रविवार को विधिक सेवा सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायिक दंडाधिकारी प्रणव कुमार एवं विशिष्ट अतिथि अजय कुमार पपलू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी जनता को कानून की जानकारी देना है। कानून की जानकारी होने पर अपने परिवार, समाज एवं अपने देश को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। शिविर का आयोजन डालसा के द्वारा किया गया। डालसा के द्वारा निशुल्क मदद पहुंचाने एवं कानून के दायरे में जो भी सुविधा दी जानी चाहिए वह दी जाती है। शिविर के मुख्य अतिथि प्रणव कुमार ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा आप लोगों को सशक्त बनाने हेतु हम आपके पास आये हैं। सभी को कानून की जानकारी होनी चाहिए तभी आप सशक्त बन सकते हैं। आप सशक्त होंगे तो आप कहीं भी ठगे नहीं जाएंगे। आप सशक्त बनिए और अपने परिवार और समाज को भी सशक्त बनाइए। मौके पर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मी के साथ सैकडों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोरेंग गांव में केटेलाइजिंग चेंज ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मोरेंग गांव में केटेलाइजिंग चेंज संस्था के द्वारा बाल विवाह, मानव तस्करी, किशोरी शिक्षा विषय को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने और बालिकाओं को अपना सपना गढ़ने का मौका देने संबधी संकल्प भी लिया। संस्था की समन्वयक मनीषा श्रीवास्तव, बसिया थाना के पुलिस पदाधिकारी बुद्धदेव उरांव द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। मौके पर सहिया पारो देवी, उपमुखिया सुलेखा देवी समेत सेविका किशोर किशोरी आदि शामिल थे।

**विरोध : भारत माला परियोजना के विरोध में क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने निकाली पदयात्रा**

# परियोजना के निर्माण से हजारों किसान हो जायेंगे भूमिहीन : सनिया उरांव

**कृषि, वन एवं पर्यावरण की बलि देकर विकास का कोई औचित्य नहीं है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित भारत माला परियोजना के तहत रायपुर-धनबाद एक्सप्रेस-वे के निर्माण के विरोध में अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा के बैनर तले दो दिवसीय पदयात्रा सह हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गयी। यह पदयात्रा चारअम्बा गांव से शुरू हुई। पदयात्रा में शामिल हजारों लोगों ने भकुआ टोली, जामटोली, नकटी, नवाटोली, असनी, चंदाली, जोराटांड़, घटगांव, लट्ठा बर टोली, सतपारा घट्ठा, काटासारू, बांसडीह होते हुए पहले दिन रायडीह अंचल के परसा पहुंचे।




इस संबंध में महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि इस परियोजना के निर्माण की वजह से हजारों किसान परिवारों का भूमिहीन मजदूरों के रूप में बदलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। इसके साथ ही पर्यावरण, वन तथा वन्य प्राणियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। वैसी परिस्थिति में सरकार को मौजूदा सड़कों का भारत माला परियोजना के तहत विस्तारीकरण किया जाना चाहिए। हम विकास के विरोधी नहीं हैं। लेकिन आदिवासियों, मूलवासियों, कृषि, वन तथा पर्यावरण की बलि देकर विकास का कोई औचित्य नहीं है। पदयात्रा में मुख्य रूप से चापा उरांव, सुरेश प्रसाद यादव, अनिल उरांव, गुंजरी लकड़ा, राजेश मिंज, पति उरांव, कमला उरांव, सीताराम दास, रामकेश्वर उरांव, बिजला उरांव, कांछा उरांव, अलेश्वर उरांव, महु उरांव, नोवेल उरांव, लक्ष्मण उरांव, सुखदेव उरांव, धनमेश उरांव, दिव्या खलखो, अल्बर्ट कुजूर, प्रमोध कुजूर, बोलवा उरांव, कृष्णा उरांव, पुनी उरांव, तथा परासीमा उरांव सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन का वार्षिक मिलन समारोह आयोजित

**केन्द्र सरकार की ओर से भूतपूर्व सैनिकों एवं परिवार के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं : डॉ दिनेश उरांव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन का वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन रविवार को रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव शामिल हुए। डॉ दिनेश उरांव ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक परिवार व उनके बच्चों के लिए पेंशन, मेडिकल सुविधाएं, शिक्षा सहित अनेक कल्याणकारी व लाभकारी योजनाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। पूर्व सैनिकों व परिवार को प्रखंड के भूतपूर्व




सैनिक कल्याण संगठन से जुड़ने व संगठित होने की आवश्यकता है।

भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में एकमात्र भूतपूर्व सैनिक कल्याण भवन का निर्माण सिसई प्रखंड में पूर्व स्पीकर के कार्यकाल में हुआ है। केन्द्र सरकार द्वारा सैनिकों व परिवार के लिए 71 तरह की लाभकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। झारखंड राज्य के सैनिक बहादुर व देश के लिए जान न्यौछावर करने में हमेशा तत्पर रहते हैं। किन्तु यह विडंबना है कि जब देश की रक्षा में अन्य राज्यों के सैनिक शहीद होते हैं तो वहां की सरकार एक करोड़ रुपये व परिवार को नौकरी के साथ उनके सम्मान में कई लाभ मुहैया कराती है, किन्तु हमारे झारखंड के शहीद सैनिकों व उनके परिवार को ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं होती। राज्य सरकार की ओर से शहीद परिवार के आश्रितों को मात्र दो लाख रुपये दिया जाता है। इसके लिए भी परिजनों को काफी कठिनाई व परेशानी के बाद यह राशि उपलब्ध हो पाती है। अपने अधिकार व हक को प्राप्त करने के लिए सैनिकों व परिवार को संगठित होने की जरूरत है। वहीं मंचासीन अतिथियों ने पूर्व सैनिकों, परिजनों व बच्चों को मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं व सरकारी लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मौके पर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव, महिला मोर्चा अध्यक्ष सनियारो देवी, सचिव गंदुर भगत, कोषाध्यक्ष डीएन भगत, कार्तिक उरांव, रामनिवास भगत, श्याम सुंदर सिंह, विक्रम बड़ाईक, रामनारायण साहू, यादराम साहू, दारी उरांव, बंधना उरांव, नन्दू उरांव, रमेश बड़ाईक, रामचरित्र सिंह, साहवीर उरांव, सीताराम उरांव, सुरेन्द्र भगत, बंधु उरांव सहित कई पूर्व सैनिक व सैनिक परिवार की महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

# टीबी मरीजों के बीच हिंडालको ने 77 पोषण किट का किया वितरण

**प्रधानमंत्री टीबी निक्षय योजना में हिंडाल्को के सहयोग से टीबी के मरीज जल्द से जल्द ठीक हो सकेंगे : प्रमुख**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशनपुर।** प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत रविवार को बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में हिंडालको के सहयोग से जनवरी एवं फरवरी माह के लिए टीबी के चयनित मरीजों के बीच 77 फूड पैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धरम नाथ ठाकुर, हिंडालको सीएसआर विभाग के हेड नीरज कुमार, बिशुनपुर प्रमुख



राज लक्ष्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीएसआर के हेड नीरज कुमार ने उपस्थित मरीजों को दवाइयों का उपयोग एवं हिंडालको सीएसआर द्वारा दिये जा रहे फूड पैकेट का समुचित प्रयोग में लाने की बात कही।

कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख राज लक्ष्मी ने कहा कि नशा पान से टीबी मरीजों को दूर रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यक्रम प्रधानमंत्री टीबी निक्षय योजना में हिंडाल्को के सहयोग से टीबी के मरीज जल्द से जल्द ठीक हो सकेंगे।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सभी मरीज समय से दवा लें। हिंडालको द्वारा जो पोषण पैकेट दिया जा रहा है उसको समय से खायें और दूसरों के बीच ना बांटें। टीबी विभाग डीटीएस कोऑर्डिनेटर विकाश मिंज ने टीबी के प्रकार के बारे में बताया। उन्होंने टीवी के दो प्रकारों की चर्चा की। दवा लेने से यह लोगों को संक्रमित नहीं करता। उन्होंने टीबी मरीजों से भेदभाव ना करने की अपील की। साथ ही साथ मरीजों एवं उनके परिवार वालों से आग्रह किया कि अपने आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता फैलाएं एवं लोगों को टीबी के लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराने की पहल जरूर करें। मौके पर टीबी विभाग के बीपीएम मुकेश मिश्रा एवं सहिया बहनें उपस्थित थीं।

**कार्यक्रम : प्रखंड कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार कार्यक्रम का आयोजन**

# विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरित

**सरकारी योजनाएं ग्रामीणों के विकास के लिए चलायी जाती हैं, इसका सभी लाभ उठायें : मनोरंजन कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसीजीएम मनोरंजन कुमार उपस्थित थे। मौके पर प्रखंड के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच कुल 53,89,780 की



परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

मौके पर मनोरंजन कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाएं आप सभी ग्रामीणों के विकास के लिए चलायी जातीं है। इसका आप लोग लाभ उठायें। उन्होंने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कहा कि गांव में अंधविश्वास अभी भी कायम है। लोग अंधविश्वास के जाल में फंस कर गांव के बूढ़े-बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को डायन बिसाही कह कर प्रताड़ित करते हैं। कई जगहों पर उनकी हत्या भी कर दी जाती है, जो कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को डायन बिसाही कहना ही कानूनन जुर्म है। उस पर भी लोगों को सजा होती है। इसलिए कोई भी व्यक्ति किसी को भी डायन बिसाही बोल कर प्रताड़ित ना करे, नहीं तो उसके ऊपर कठोर कार्रवाई हो सकती है।

मौके पर जेएसएलपीएस से फूलों झानो, आशीर्वाद, सीसीएल, बाल विकास परियोजना से सावित्री बाई फुले, कन्यादान, मातृ वंदना, सामाजिक सुरक्षा विभाग से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन, मनरेगा योजना से जॉब कार्ड वितरण, योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, कृषि विभाग से केसीसी ऋण वितरण, पंपसेट वितरण, अंचल कार्यालय से सड़क दुर्घटना में मृत्यु, वज्रपात से मानव मृत्यु संबंधित स्वीकृति प्रमाण पत्र, सांप काटने से संबंधित, वज्रपात से हुए मकान क्षति, वज्रपात से पशु की क्षति, वज्रपात से हुए मानव मृत्यु की क्षति हेतु प्रमाण पत्र सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, एडवोकेट जितेंद्र कुमार सहित तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# ट्रक एवं ऑटो की टक्कर में सात घायल

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाईवे 43 रायडीह थाना क्षेत्र के भलमण्डा लिखाटुकू तीखा मोड़ के समीप रविवार संध्या 5 बजे कोयला लदा ट्रक की चपेट में आने से ऑटो सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ऑटो में सवार केरावत शाह (55), पत्नी रविना खातुन (45) साईटांगरटोली छत्तीसगढ़ निवासी। शांता मिंज (35), इंद्रा टोप्पो (40), प्रेम प्रभा टोप्पो (37) मांझाटोली निवासी, आनन्द कु सिंह (12), गुंजा कुमारी (15) व सुषमा देवी (35) तीनों मरदा निवासी हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह गुमला भेजा गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक एवं ऑटो को रायडीह थाना पुलिस ने जब्त किया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# प्रखंड सभागार में विधिक सेवा कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश अंजनी अनुज को बीइइओ शांति मुनि तिर्की, सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधिवत कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीडीओ तेज कुमार हस्सा ने किया। कार्यक्रम में न्यायाधीश अंजनी अनुज के हाथों शिक्षकों के बीच फाउंडेशन लिट्रेसी न्यूमेरेसी (एफएलएन), दिव्यांग छात्र-छात्राओं को चिल्ड्रेन विथ स्पेशल नीड्स (सीडब्ल्यूएसएन) एवं व्यस्कों के बीच ट्राईसाइकिल, दिव्यांग पेंशन, सावित्रीबाी फुले किशोरी समृद्दि योजना के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर जिला न्यायाधीश अंजनी अनुज ने विशेष रूप से पोक्सो एक्ट की जानकारी दी। जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों को संरक्षण एवं सुरक्षा देने की बातें कहीं। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी शमीम एजाज, रिसोर्स शिक्षक विरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार महतो, बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर उषा देवी, कृष्णा देवी, उर्मिला जायसवाल एवं सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बसिया प्रखंड में विधिक सेवा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से विधिक सेवा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि न्यायाधीश लोलार्क दुबे की उपस्थिति में किया गया। मौके पर न्यायाधीश ने निशुल्क विधिक सेवा की जानकारी देते हुए कहा कि सभ्य समाज का निर्माण तभी हो सकता है जब समाज से कुरीतियों का खात्मा हो। उन्होंने अंधविश्वास, डायन बिसाही, नशापान, बाल विवाह को खत्म करने की बातें कहीं। बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा सरकार द्वारा चलाये जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान लगभग 35 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपप्रमुख इंदुमती देवी, सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, कोनबीर मुखिया अमृता देवी, बनई मुखिया एमलेन कुल्लू, सुपरवाइजर डेजी कुजूर, जेएसएलपीएस के बिनोद कुमार समेत सेविका, महिला मंडल की दीदी तथा विभिन्न योजनाओं के लाभुक उपस्थित थे।

# सिसई झामुमो प्रखंड कमेटी ने किया सरहुल मिलन समारोह का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के माघी बगीचा में झामुमो प्रखंड कमेटी के द्वारा रविवार को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रखंड के 280 खोडहा दल ने भाग लिया। खोड़हा दल के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर नगड़ा के साथ शामिल होकर आदिवासी गीत नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक जीग्गा सुसारण होरो ने कहा कि झारखंड के पर्व त्योहारों में आदिवासी परम्परा एवं संस्कृति झलकती है। पर्व में गोतिया व सगे संबंधियों के मिलने-जुलने का एक अच्छा अवसर होता है। संस्कृति व आदिवासी परंपरा को जीवित रखने के लिए अखड़ा व धुमकुड़िया को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेवारी है। विधायक द्वारा कार्यक्रम में आये सभी खोड़हा दल को डेग बर्तन देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, गौरीशंकर भगत, रामेश्वर उरांव, बंदी राम उरांव, रजंती उरांव, सुजीत बैठा, कृष्णा उरांव, राजबली उरांव, गंदुर उरांव, नवल किशोर महतो, राजेन्द्र उरांव, विक्की दुबे, रसीद अंसारी, घीनु उरांव, हेमनारायण साहू, दिलीप साहू, दीपक साहू सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# विहिप बजरंग दल के कार्यक्रम में 22 मार्च को केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे होंगे शामिल



**भरनो (आजाद सिपाही)।** राम जन्मोत्सव को लेकर 22 मार्च को इंडोर स्टेडियम गुमला में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष सुदामा केशरी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे शामिल होंगे। उन्होंने विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के कार्यकर्ताओं से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि 22 मार्च 2023 दिन बुधवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2080 हिंदू नव वर्ष है। उन्होंने सभी हिन्दू सरना सनातनी धर्मावलंबियों से नव वर्ष के अवसर पर बुधवार संध्या अपने-अपने घर के बाहर पांच-पांच दीपक व तुलसी चबूतरा सहित आंगन में दीपक अवश्य जलायें।

## विधायक ने किया डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास

# गांव से शहर तक की सभी कच्ची सड़कों को किया जायेगा पक्का: रामचंद्र चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद के कोशियार सीमांत क्षेत्र से पचघारा खुर्द होते हुए पचघारा कला तक लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से तारकोल की सड़क बनेगी। मुख्यमंत्री सड़क योजना से बनाने वाली इस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। शिलान्यास की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के


सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक रामचंद्र चंद्रवशी।

बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का पूर्ण विकास किया जा रहा है। क्षेत्र को बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। ताकि क्षेत्र का हर गांव प्रखंड व जिला मुख्यालय से सीधा जुड़ सके। गांव से लेकर शहर तक जो भी सड़क कच्चा रह गया है उन सभी का भी पक्कीकरण होगा। उन्होंने कहा कि 1995 में जब पहली बार विधायक बना था तो उस वक्त उग्रवाद चरम पर था। गांवों में जाने के लिए सड़क नहीं थी। बेरोजगार युवा भटक गए थे। तब हमने गावों को सड़क मार्ग से जोड़ने का काम शुरू किया। भटके युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा कर मुख्यधारा से जोड़ा। गांव, टोला में स्कूल खुलवाया, ताकि बच्चे शिक्षित होकर देश के अच्छे नागरिक बन सकें। हमारा प्रयास रंग लाया और विश्रामपुर से उग्रवाद समाप्त हुआ। क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हुआ। विश्रामपुर आज झारखंड में शिक्षा और विकास के मामले में सबसे अव्वल है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने विधायक चंद्रवंशी की उपलब्धियां गिनाई। भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कनीय अभियंता मनोज कुमार पांडेय, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, विजय पांडेय, संवेदक विजय चौधरी, अजय राम चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, किरण देवी, किरण शर्मा, उखमाजी यादव, नरसिंह चौबे, देवनारायण सिंह, गोपाल सोनी, मनीष कुमार, रजनीश चंद्रवंशी बबलू, संतोष राम, अर्चना देवी, बबन पाठक, विश्वनाथ विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार, विजय कुमार चौधरी, अरुण मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, भारदूल राम, राजीव कुमार, विदेशी राम आदि मौजूद थे।

# फुफेरे भाई ने बहन की मांग में सिंदूर भरकर किया पत्नी होने का दावा

## फोटो-वीडियो किया वायरल, होनेवाले ससुराल वालों को दे रहा धमकी

**पीड़िता की मां की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना अंतर्गत गांव की महिला ने आवेदन देकर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बैरांव के खजुराही टोला निवासी मुन्ना पाल पर उसकी बेटी का फोटो वीडियो वायरल कर बदनाम करने का आरोप लगाया है। लिखित शिकायत में महिला ने कहा कि मुन्ना पाल नामक युवक उसकी बेटी का फुफेरा भाई लगता है। लड़की की शादी होने वाली है। जबकि युवक लड़की के माथे पर सिंदूर लगाकर अपने साथ फोटो लेकर उसके होने वाले ससुराल भेज दिया है। कहा कि वह लड़की उसकी पत्नी है। अगर लड़का पक्ष से बारात लेकर कोई आयेगा तो उसे गोली मार देंगे। लड़की की मां मामले को लेकर काफी परेशान है। उन्होंने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा है कि उसकी लड़की की शादी 10 मई को होने वाली है। महिला ने बताया कि चार वर्ष पूर्व मुन्ना पाल ने डरा धमका कर उसकी मांग में सिंदूर भर दिया था और अपने साथ उसका फोटो वीडियो बना लिया था। अब लड़की की शादी लगने के बाद मुन्ना पाल उस फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। साथ ही लड़की के होने वाले पति को भी मैसेज भेज कर धमकी दे रहा है। महिला ने मुन्ना पर आरोप लगाया है कि उसके पास पांच सीम कार्ड है, जिससे वह धमकी देने और फोटो वीडियो वायरल करता है। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर युवक मुन्ना पाल पर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में स्वच्छता उत्सव को लेकर बैठक

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय सभागार में नप अधिकारियों ने एसएचजी के महिलाओं के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व संचालन नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने किया। बैठक में स्वछता उत्सव पर चर्चा हुई। एसएचजी के महिलाओं को स्वछता उत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को स्वछता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नप क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने को कहा गया। सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज ने कहा कि स्वछता उत्सव में महिलाओं की सहभागिता अति आवश्यक है। इसलिए एसएचजी के महिलाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। बैठक के बाद एसएचजी की महिलाओं ने जागरूकता रैली भी निकाली। रैली के माध्यम से महिलाओं ने लोगों स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया।

## हुसैनाबाद के छह परीक्षा केंद्र पर संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का हुआ आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** छह परीक्षा केंद्रों पर रविवार को संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें मध्य विद्यालय पथरा, राजकीय मध्य विद्यालय एकडरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरहा,कन्या मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय सबानो शामिल है। इसकी जानकारी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी रामनरेश राम ने दी। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में मास्टर ट्रेनर अखिलेश सिंह, विजय मेहता, अरुण कुमार सिंह, शंकर सिंह, अरुण प्रताप सिंह, विनय सिंह के अलावा केंद्राधीक्षक निर्मल कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह, विजय राम, वीक्षक शंकर राम, अरुण कुमार, बिना कुमारी, पूनम कुमारी, लक्ष्मी और असलम आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## शिक्षा, चिकित्सा व कृषि के क्षेत्र में लोगों को सहयोग करना संस्था का मुख्य उद्देश्य : कृष्णा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जपला धरहरा के सुंदरनगर में स्थित हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के आवास परिसर में जनकल्याण समिति ट्रस्ट के कार्यालय का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णा बैठा, सचिव बबन रजक, समिति के सदस्य कलावती देवी और जनेश्वर राम ने आदि ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद दर्जनों छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। कृष्णा बैठा ने कहा कि लोगों के कल्याण के लिए ही ट्रस्ट बनाया गया है। ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा, चिकित्सा, कृषि के क्षेत्र में आम लोगों को सहयोग करना है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध लोगों से आग्रह किया है कि यथा संभव ट्रस्ट को सहयोग कर जनकल्याण में अपनी महती भूमिका निभाए। इस मौके पर जनेश्वर राम, कलावती देवी, दीपक मेहता, पप्पू यादव, संतोष यादव, उमेश बैठा, कुणाल यादव और अंकित कुमार आदि मौजूद थे।

# मैं हर वादे को पूरा करूंगा : डॉ मेहता

**विधायक ने रखा आंगनबाड़ी केंद्र का आधारशिला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड क्षेत्र में नौनिहालों को स्कूल के पूर्व शिक्षा देने के लिए दुब पंचायत के उकसु में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने आंगनबाड़ी भवन का विधिवत शिलान्यास किया। अपने संबोधन में डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र विकास के मामलों में अग्रणी होगा। इसके लिए लगातार प्रयास जारी है। विकास एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जनता की मांग के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्य संपादित कराये जा रहे है। क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे है और आगे भी होगा। जनता धैर्य रखें, मैं क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए लगातार प्रयासरत हूं। मैं भरपूर प्रयास कर रहा हूं कि विकास के मामले में पूरे झारखण्ड में पांकी विधानसभा अव्वल रहेगा। इस मौके पर बच्चन ठाकुर, डंडार मुखिया प्रदुमन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता, मनोज सिन्हा, रोशन सिंह, मुखिया पति यशवंत कुमार, हरिओम सिंह, कौशल सिंह, मंटू सिंह, रमेश राम आदि मौजूद थे।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर कमेटी का विस्तार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बेनिखुर्द गांव में श्री सांबसदा शिव वागेश्वर महादेव प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव सह श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें कमेटी का विस्तार किया गया। बैठक में दोनों आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नेता विनोद कुमार सिंह को संरक्षक, रंजीत कुमार सिंह अध्यक्ष, संतोष सिंह हैदरनगर व अजय जायसवाल संयोजक, भाजपा के वरीय नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह सचिव, भाजपा नेता प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुनू सिंह को महासचिव मनोनीत किया गया। 20 मई से आयोजित यह महायज्ञ श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न होगा। बैठक में ललन कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, श्रवण अग्रवाल, दरुआ बेनी के मुखिया पति योगेंद्र सिंह, बेनिकला के मुखिया श्रवण राम, लोटानिया पंचायत के मुखिया विनोद सिंह उर्फ लाल बाबू, अशोक सिंह, मिंटू सिंह, राजेंद्र पाल, सुनील सिंह, उदय विश्वकर्मा, राजेश कर्ण आदि उपस्थित थे।

## सुषमा स्वराज अवार्ड अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सुषमा स्वराज अवॉर्ड अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर आरती सिंह ने कहा कि सुषमा स्वराज भी हमारी तरह एक महिला थी। उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में एक अपनी अलग ही पहचान बनाई। वह सरकार के विभिन्न पदों पर सुशोभित होकर देश सेवा किया। जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता ने कहा कि एक ओजस्वी एवं प्रखर वक्ता थी सुषमा स्वराज। जिला प्रभारी कल्याणी पांडे ने कहा कि उन्होंने सशक्त महिला के सशक्तिकरण की एक मिसाल कायम की है। भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने सुषमा स्वराज के जीवन का परिचय देते हुए कहा कि वह विपक्ष की राजनीति में उन्होंने अपनी अच्छी भूमिका निभाई। मेदिनीनगर शहर की महापौर अरुणा संकर ने केंद्र सरकार द्वारा योजनाओं की जानकारी दी एवं उसका लाभ किस प्रकार से हम लोग उठा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिले के महामंत्री सुषमा आहूजा ने किया।

# पर्यावरणविद ने आकाश बाग व बेडरूम में पौधरोपण कर मनाया पोती का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शहर के बाइपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी तीसरी पोती अद्रिका जायसवाल के पांचवें जन्मदिन पर आकाश बाग में वृक्षों पर राखी बांधकर और बेडरुम में फिडललिप का पौधा लगाकर जन्म दिन मनाया। पर्यावरणविद ने वर्ष 2005 में अपने घर के उपरी तल पर आकाश बाग की शुरूआत किया था। आद्रिका पर्यावरणविद कौशल किशोर की पोती और पुत्र अरुण कुमार जायसवाल की दूसरी पुत्री है। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने उपहार के रूप में फिडललिप का पौधा देकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण करवाने के बाद सभी सदस्यों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। कहा कि पर्यावरण धर्म का अर्थ है कि लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी शुभ अवसर या पूर्वजों की याद में पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाएं। जल, जल, जंगल, जमीन, जानवर, पक्षी और प्रकृति को बचाने का उद्देश्य है। वहीं, अद्रिका की दादी सह संस्था के प्रधान सचिव व डाली बजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने व बचाने की शिक्षा और संस्कार देना चाहिए।

## नये सत्र में दाखिला के लिए संत मरियम में लिखित परीक्षा संपन्न




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम के सभी शाखाओं में रविवार को नए सत्र के दाखिले को लेकर वर्ग नर्सरी से नौवीं तक के छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा हुई । स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने कहा कि लिखित परीक्षा का परिणाम 20 मार्च को स्कूल के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जायेगा और अगले दिन से सफल छात्रों का नामांकन प्रारंभ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि संत मरियम स्कूल स्थापना के प्रारंभिक दौर से ही उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है।

# स्पोर्ट्स



भारत को एक दिवसीय इतिहास की सबसे बुरी हार मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया 117 रन के सामान्य स्कोर पर आउट हो गई। जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 11 ओवर में बिना नुकसान के हासिल कर लिया

## शर्मनाक रिकॉर्ड : मार्श-हेड की विस्फोटक साझेदारी, स्टार्क ने लिये 5 विकेट

# वनडे में भारत की सबसे बुरी हार, ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से रौंदा

एजेंसी

**विशाखापट्टनम।** भारत को वनडे इतिहास की सबसे बुरी हार मिली है। विशाखापट्टनम के डॉ वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में रविवार को खेले गए दूसरे वन-डे में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। टीम इंडिया 234 बॉल रहते हार गई। इस लिहाज से यह वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार है। पिछला रिकॉर्ड 212 बॉल का था। न्यूजीलैंड ने 2019 में हेमिल्टन में हराया था। टीम छठी बार 10 विकेट से हारी है।

कभी न भूलने वाली इस हार की इबारत कंगारू ओपनर और तेज गेंदबाजों ने लिखी। ओपनर ट्रेविस हेड (नाबाद 51 रन) और मिचेल मार्श (नाबाद 66 रन) ने 66 बॉल पर नाबाद 121 रनों की साझेदारी की। दोनों ने अर्धशतक जमाया। गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क


जीत का जश्न मनाते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी।

(5 विकेट) की अगुवाई में शॉन एबॉट ने 3 विकेट और नाथन एलिस ने दो विकेट लिए। विशाखापट्टनम के डॉ वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में कंगारुओं ने पहले तो भारत को 26 ओवर में 117 के सामान्य स्कोर पर समेट दिया। उसके बाद 118 रनों का टारगेट 11 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। इस जीत से तीन मैचों की सीरीज रोमांचक मोड़ पर आ गई है। अब दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। तीसरा और निर्णायक मुकाबला 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा।

### 11 ओवर में पांच गेंदबाज बदले, लेकिन विकेट नहीं

117 रन की रक्षा करने उतरे भारतीय गेंदबाज बेअसर साबित हुए। 121 रन बनाने में भारतीय गेंदबाज एक भी विकेट नहीं ले सके। 11 ओवर की ऑस्ट्रेलियाई पारी में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 5 गेंदबाज बदले, लेकिन विकेट नहीं मिला। रोहित ने मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव से ओवर कराए।

### टॉप-6 में से 4 बल्लेबाज दहाई तक नहीं पहुंचे सके

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और तीन रन के टीम स्कोर पर ओपनर शुभमन गिल एक रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने पॉइंट पर मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया। फिर रोहित शर्मा भी 13 रन बनाने के बाद स्टार्क की ही बॉल पर आउट हुए। उन्हें स्टीव स्मिथ ने स्लिप पर कैच किया। कप्तान के बाद खेलने आए सूर्यकुमार यादव 0 पर, केएल राहुल 9 रन बनाकर और हार्दिक पंड्या एक रन बनाकर आउट हुए। ये तीनों दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके।

### शार्दूल की जगह अक्षर की वापसी

दोनों ही टीमें दो-दो बदलाव के साथ उतरी हैं। रोहित शर्मा इशान किशन की जगह टीम में शामिल हुए हैं, जबकि शार्दूल की जगह अक्षर पटेल को प्लेइंग-11 शामिल किया गया है। वहीं, कंगारू टीम में कैमरून ग्रीन और नाथन एलिस की वापसी हुई है।

# बाधाओं के सामने डिगने की नहीं टिकने की जरूरत: सत्यरूप सिद्धांत

**पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत 31 से शुरू करेंगे उत्तरी ध्रुव की चढ़ाई**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** प्रसिद्ध पर्वतारोही, मोटिवेटर और गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सत्यरूप सिद्धांत 31 मार्च से नॉर्थ पोल एक्सपेडिशन लास्ट-डिग्री स्कीइंग की शुरूआत करेंगे। इसे लेकर आइडियाट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन द्वारा आईआईएम रांची में रविवार को फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत, आईआईएम निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव, फाउंडेशन के संस्थापक राजीव गुप्ता, स्टूडेंट अफेयर्स निदेशक मनीष कुमार, प्रो अमरेंदु नंदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। आइआइएम निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सत्यरूप सिद्धांत के उत्तरी ध्रुव की चढ़ाई अभियान का हिस्सा बनकर हमलोग गौरवावित हैं। निश्चित तौर पर सिद्धांत का दृढ़ संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता उन्हें इस मिशन में कामयाब बनाएगी। वहीं, फाउंडेशन के संस्थापक राजीव गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य विचारकों और समान विचारधारा वाले लोगों के साथ मिलकर समाज का कल्याण करते हुए उसे गति प्रदान करने का रहा है। सत्यरूप का यह अभियान जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में समाज में जागरूकता पैदा करेगा। पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत ने रांची वासियों को अपने आगामी उत्तरी ध्रुव मिशन के बारे में बताते हुए कहा कि दृढ़ इच्छशक्ति और समर्पण के बिना कोई भी मिशन सफल नहीं हो सकता है। उन्होंने दुनिया के विभिन्न महाद्वीपों, ज्वालामुखी शिखरों और अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई के अपने अनुभव और संघर्ष को फोटो और वीडियो के माध्यम से साझा करते हुए कहा कि मंजिल पाने के लिए हौसला, शारीरिक तंदुरूस्ती, मानसिक स्थिरता और लक्ष्य पर नजर रखने की जरुरत पड़ती है। इसलिए बाधाओं के सामने डिगने की नहीं, हमेशा टिकने का प्रण करें। अपनी रणनीति स्पष्ट रखें। लक्ष्य पर फोकस रखते हुए हर वक्त मैं कर सकता हूं के विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहें। समारोह में प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने सत्यरूप सिद्धांत को सम्मानित किया। समारोह के अंत में आईआईएम रांची के छात्रों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कनिष्क पोद्दार, सीएम चुघ, अनूप प्रसाद, प्रवीण राजगढ़िया, प्रो मनीष कुमार, हितेश भगत, अमित मोदी, आरजे राशि, नीतिका ठाकुर, आलोक सिंह उपस्थित थे।

## मैथन में वकील के घर लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन थाना क्षेत्र के रांची कॉलोनी निवासी पेशे से वकील राकेश पांडे के क्वार्टर नंबर एमएच 78ए में शनिवार की रात धावा बोलकर चोरों ने लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। घटना के दौरान परिवार के सभी सदस्य विवाह समारोह के प्रीतिभोज में गए थे। भुक्तभोगी वकील ने बताया कि वे लोग प्रीतिभोज के लिए 8.30 बजे घर से निकले थे। न्योता देने वाला इनभेलप घर में छूट गया था। किसी की गाड़ी लेकर अपने घर पहुंचे, तो घर के बाहर एक बाइक लगा दिखा। संदिग्ध व्यक्ति हेमलेट पहने हुए था। जब राकेश पांडे ने उसको आवाज दी तो वह गाड़ी चालू कर भाग निकला। जब घर के अंदर जाकर देखा तो सामने का दरवाजा टूटा मिला और घर के दो अलमारी को भी तोड़ दिया गया है। आलमीरा से एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र, तीन अंगूठी, एक घड़ी और 62000 रुपये नगद गायब थे। राकेश ने मैथन थाने में घटना की सूचना दी। खबर पाकर मैथन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है।

### झरिया में ट्रांसपोर्टिंग हाइवा से कोयला उतारने को लेकर हुआ था विवाद

# दो गुटों में संघर्ष, चली गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला आउटसोर्सिंग कैंप के समीप रविवार को ट्रांसपोर्टिंग हाईवा से कोयला उतारने को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों ओर से जमकर लाठी डंडा और पत्थरबाजी की गई। इस घटना में कई लोग घायल भी हो गए। उधर, घटना की सूचना पाकर बस्ताकोला एरिया के सीआइएसएफ एवं झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को खदेड़ दिया। जिसके बाद धीरे-धीरे मामला शांत हुआ। वहीं झरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच में जुट गई है। जबकि मारपीट में शामिल दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं।


दो गुटों के बीच संघर्ष के बाद मौके पर पहुंची पुलिस।


लोगों को समझा बुझा कर शांत कराने की कोशिश करता पुलिस का जवान।

### फायरिंग के बाद खोखे उठा कर भाग निकले हमलावर

सूचना के अनुसार बस्ताकोला ओसीपी से निकलने वाली ट्रांसपोर्टिंग हाईवा से कोयला उतारने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। जिसके बाद दोनों तरफ से लाठी-डंडा एवं पत्थर चलने लगे। एक पक्ष के अनुसार सहाना पहाड़ी के हरि, बादल, टाइगर, राजाराम, राहुल, राम लखन, कारू, गोलू, टार्जन, विक्की, राजेश और शंकर आदि नामक युवक मारपीट करने लगे। इसमें कई अन्य लोग भी शामिल थे। इस दौरान तीन राउंड हवाई फायरिंग भी की गई। बाद में तीनों खोखे को उठाकर वे लोग भाग गए। हालांकि घटना में किसी के घायल या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### कोयला तस्करी निर्बाध जारी

जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्टिंग हाईवा से दो गुटों द्वारा कोयला उतारने का कार्य धडल्ले से जारी है। प्रतिदिन बस्ताकोला परियोजना से निकलने वाली ट्रांसपोर्टिंग हाईवा से सहाना पहाड़ी और बस्ताकोला 7 नंबर के लोगों द्वारा कोयला उतारा जा रहा है। जिसके बाद बाइक से उक्त अवैध कोयले को बेड़ा के सागर एवं सुल्तान और दोबारी के टाइगर नामक व्यक्ति को भेजकर स्टॉक करते हैं। जहां से उक्त अवैध कोयला को तस्कर छोटा हाथी एवं 407 वाहन के माध्यम से बलियापुर व गोविंदपुर के डिपो एवं भट्टे में खपा देते है। यह अवैध कोयले का खेल स्थानीय लोगों की ओर से चलाया जा रहा है, जबकि जगह-जगह सीआइएसएफ की मौजूदगी के बावजूद हाईवा से कोयला चोर आसानी से कोयला उतार लेते हैं। अगर बीसीसीएल प्रबंधन कोयला उतारने पर रोक नहीं लगा पायी तो बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसकी कारण कोयला चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उधर, झरिया थाना प्रभारी से दूरभाष पर संपर्क साधने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया, घंटी लगातार बजती रही पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## बेलगड़िया में ट्रांसफार्मर पार्ट्स की चोरी, चोरों को देखने वाली महिला को जान से मारने की धमकी



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** बलियापुर थाना क्षेत्र के बेलगड़िया टाउनशिप स्थित झरिया बिहार, फेज 2 कॉलोनी में लगे 315 केवी के विद्युत ट्रांसफार्मर से लाखों रुपये के कीमती क्वायल और कल-पूर्जे चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यही नहीं, चोरों को चोरी करते देखने वाली महिला को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। पूर्व उप मुखिया सीमा देवी, गुलाम समदानी समेत कॉलोनी के कई लोगों ने रविवार को बलियापुर थाना पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत की है। वहीं विद्युत विभाग और जरेडा को भी इससे अवगत करा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक दर्जनों हथियारबंद चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पास की ही बिल्डिंग में रह रही एक महिला की नजर जब चोरों पर पड़ी तो उनमें से कुछ धारदार हथियार के साथ उसके पास पहुंच गए और शोर मचाने या किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देकर मुंह बंद रखने की चेतावनी दी। इससे भयभीत महिला अपने कमरे के अंदर चली गई। उधर, ट्रांस्फॉर्मर खराब हो जाने से क्षेत्र के करीब 500 लोग प्रभावित हुए हैं। पूरे कॉलोनी में अंधेरा छा गया है। जलापूर्ति भी पूरी तरह ठप हो गई है। लोगों ने जल्द ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है।

## बोकारो की महिला जूडो खिलाड़ियों का दिखा दम, 7 स्वर्ण समेत जीते 12 पदक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** महिला दिवस पर शनिवार को रांची के खेलगांव स्थित ताना भगत स्टेडियम में भारत सरकार खेलो इंडिया द्वारा आयोजित 10 का दम महिला जूडो प्रतियोगिता में बोकारो की महिला खिलाड़ियों का जबरदस्त दम दिखा। महिला खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य के साथ कुल 12 पदक जीते। इसमें अंजली कुमारी, अदिति सिंह, शिवांगी शर्मा, जय रिमझिम, इसीका और आकांक्षा को स्वर्ण पदक, महक, दीपिका एवं झरना रोशन को रजत जबकि स्नेहा कुमारी एवं शालू को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। बोकारो जूडोसा यूके सचिव राजीव सिंह ने बताया कि महिला दिवस को पूरे भारत में जोर शोर से मनाया गया। भारत के 10 शहरों में 10 खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें जूडो प्रतियोगिता का आयोजन रांची में हुआ। जहां बोकारो की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। वहीं टीम के कोच आयुष कुमार ठाकुर, सहायक प्रशिक्षक चिन्मय कुमार और टीम मैनेजर दीपक कुमार का सराहनीय योगदान रहा। खिलाड़ियों की जीत पर बोकारो जूडो संघ के अध्यक्ष विनय आनंद के साथ ही झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष केएन त्रिपाठी व सचिव परीक्षित तिवारी ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

## झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के युवा वार्ड अध्यक्ष का निधन, क्षेत्र में शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के वार्ड नंबर 44 के अध्यक्ष राजा वर्मा का निधन हो गया। पटना में प्रशिक्षण के दौरान ब्रेन हैमरेज होने से आपातकालीन स्थिति में उन्हें वहीं के रूबन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां सर्जरी के दौरान अंतिम सांस ली। घटना की सूचना झरिया पहुंचते ही परिजनों व शुभचिंतकों के साथ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आस पास के लोग उनके आवास पर पहुंच शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाने लगे। कांग्रेसी नेता अपने पीछे पत्नी, दो बच्चे, मां और भाई छोड़ गए हैं। रविवार को स्व राजा का पार्थिव शरीर झरिया पहुंचा। जिसे अंतिम संस्कार के लिए



मोहलबनी घाट ले जाया गया। अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इसके पूर्व उनके आवास पर माल्यार्पण अर्पित कर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजित राज, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रविंद्र वर्मा, ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रितम रवानी, झरिया नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव, अशोक बरनवाल, गणेश बहादुर सिंह, रामजी सिंह, अशोक मालाकार, महेश शर्मा, रवि सिंह, अशोक रवानी, दीपक शर्मा आदि ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। वहीं रांची में मुख्य बैठक होने के कारण झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से श्रृद्धांजली अर्पित करते हुए इसे पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताई। अभिजित राज ने कहा कि असमय राजा वर्मा का हमलोगों का साथ छूटना बड़ी घटना है। पार्टी के लिय अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के लिए गहरी संवेदना व्यक्त की।

## जनता अपनी समस्याएं बताये, मैं उसे पूरा करने का करूंगा प्रयास: बेरमो विधायक

### कुमार जयमंगल ने किया योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने जरीडीह प्रखंड के गांगजोरी पंचायत, बाराडीह पंचायत, बांधडीह पंचायत में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने जरीडीह प्रखंड के गांगजोरी पंचायत अंतर्गत डुंडरू नाला के किनारे घाट निर्माण, बाराडीह पंचायत के अंतर्गत पुराने पानी टंकी का जीर्णोद्धार और बांधडीह उतरी पंचायत के राम बिलास महतो के घर के सामने डीप वोरिंग सहित सौर ऊर्जा पानी टंकी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि



क्षेत्र के जनता अपनी समस्याओं से अवगत कराए, मैं उनके बताए सभी काम को पूरा करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर विधायक के निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह सहित आयुष माथुर, जरीडीह प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, विजय मल्होत्रा सिंह, संत कुमार मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि निरंजन कुमार मिश्रा, मुरलीधर साव, अनील सिंह, अमर कुमार मिश्रा, रितेश कुमार मिश्रा, बलराम तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कठिन परिस्थितियों में रहनेवाले बच्चों की देख रेख जरूरी : प्रकाश तिवारी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मनोवैज्ञानिक डॉ प्रभाकर कुमार बोकारो परिसदन में झारखंड राज्य के बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी से मिले व जिले के बच्चों के संबंध में अद्यतन जानकारी दी। बढ़ती बाल दुर्व्यवहार की घटनाओं, समेकित बाल सरंक्षण योजना के अंतर्गत 18 वर्ष तक के कठिन परिस्थितियों में रहनेवाले व सरंक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों, केंद्र प्रायोजित एकीकृत बाल सरंक्षण योजना के तहत बेसहारा या मुश्किल परिस्थितियों में रह रहे बच्चों की देखभाल व पुनर्वास, अनाथ व कोरोना से खोये माता पिता के बच्चों को प्रधानमंत्री चिल्ड्रन योजना से जोड़ने, बंधुआ मजदूरी, ईंट भट्ठों व खानों में (बेरमो के कोलियरी आदि) काम कर रहे बच्चों आदि पर ध्यानाकर्षण किया। बोकारो से धनबाद तक बाल तस्कर गिरोहों के माध्यम से बच्चों से भीख मंगवाए जाने, वर्तमान समय में बंधुआ मजदूरी के रूप में परिभाषित कामकाजी बच्चों की संख्या सर्वाधिक होटल, दुकान, रेस्तरां, चाय बर्तन धोते बच्चे, कोलियरी माइंस में काम करते बच्चे नशे का सेवन व बाल अपराध की ओर छोटे बच्चे और लड़कियों को आया के रूप में काम पर भेज दिए जाने का मामला अक्सर देखने को मिलता है। जागरूकता अभियान के संबंध में अद्यतन जानकारी दी गयी एवं किसी भी तरह से स्कूलों में कोई समस्या आएंगे, तो आयोग को हर संभव सहायता के लिये आगे आने की जरूरत पर बल दिया गया। इस मौके पर मनोविज्ञान विषय से स्नातकोत्तर कर रहे राहुल कुमार, मनोविज्ञान स्नातक किये अभिषेक आनंद एवं बाल गृह सहयोग विलेज चास के प्रभारी ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

## जनजाति की सूची से पूंजीपतियों के इशारे पर कुड़मी को हटाया गया : मंटू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड, बंगाल और ओडिशा के कुड़मी आजादी से पहले आदिवासी की सूची में थे। लेकिन 1950 में बिना कोई कारण बताए इसे अनुसूचित जनजाति की सूची से हटा दिया गया है। यह आरोप झारखंड प्रदेश आदिवासी कुड़मी युवा मंच के अध्यक्ष मंटू महतो ने लगाया। वे चास के बिनोद बिहारी महतो विस्थापित स्टेडियम रामडीह में रविवार को आयोजित कुड़मी जनजाति महाजुटान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुड़मी को



जनजाति की सूची से पूंजीपतियों के इशारे पर हटाया गया है, ताकि पूंजीपति झारखंड की खनिज-संपदा को आसानी से लूट सके। कहा कि कुड़मी भाषा, संस्कृति और सभ्यता से परिपूर्ण है। कुड़मी जाति ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में अपनी महती लड़ाई लड़ी है। आज हमें अपने अधिकार से वंचित किया जा रहा है। हम अपने मौलिक अधिकार के तहत सरकार से कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति की



सूची में सूचीबद्ध करने की मांग कर रहे हैं। हमें अपने जन्मसिद्ध एवं संवैधानिक वंचित अधिकार को पाने के लिए हमें एकजुट होना होगा। महाजुटान कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार की अधिसूची में गैर सरकारी कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सरकारी सूची में सूचीबद्ध करने, कुड़माली भाखी-चारी को प्रत्येक घरों तक जनजागरण के रूप में पहुंचाने, कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसची में सूचीबद्ध करने, सभी शिक्षण संस्थानों में केजी से पीजी की पढ़ाई कुड़माली भाषा में भी चालू करने, सरना कोड लागू करने, झारखंड में जाति आधारित जनगणना जल्द शुरू करने आदि मांगों को लेकर किया गया। मौके पर सुरेश महतो, हलधर महतो, वाणी देवी (जिप सदस्य), शत्रुघ्न महतो, परशुराम महतो, दुर्गाचरण महतो, सीताराम महतो, पार्वती चरण महतो, रंभा देवी, जगरनाथ महतो, बहादुर महतो, उमेश चंद्र महतो, अरुण महतो, नंदलाल महतो, अजय कुमार महतो, मनोज कुमार महतो आदि थे।

## चास में विधायक सुदेश महतो का हुआ भव्य स्वागत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का जामताड़ा जाने के क्रम में रविवार को जिला अध्यक्ष सचिन महतो के नेतवृत में पुपुनकी टोल प्लाजा के पास स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता संजय चक्रवर्ती, जिला सचिव विकाश महथा, जिप संख्या 23 के प्रतिनिधि सुजीत चक्रवर्ती, प्रकाश चक्रवर्ती, पंकज, विजय, प्रकाश नायक, विरेंद्र, प्रेम, अशोक, निमाई महथा, दीपक शर्मा, शिबू, लालू, दीपक सिंह, सीनानाथ गोप, शांति, लालू गोप, अजीत सिंह, अमित शर्मा, रमेश सिंह, मुन्ना ओझा, विकास सिंह, अखिलेश पांडे, सरवजीत पांडे आदि उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया 10 का दम: जूडो चैंपियनशिप में धनबाद की महिला खिलाड़ियों ने जीते 7 पदक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महिला दिवस पर भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया 10 का दम के तहत रांची खेल गांव में जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया कि रांची में आयोजित चैंपियनशिप में धनबाद की आठ बालिकाओं ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीते। सभी पदक विजेता खिलाड़ी डीएवी कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच व धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर शास्त्री नगर की छात्राएं हैं। धनबाद की पूजा कुमारी और कृतिका ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि अदिति गुप्ता, सिद्धी कश्यप और सिद्धी तरवे ने रजत और सीता, अनुष्किा ने कांस्य पदक जीता।

### प्रदर्शनकारियों ने पहले खुद को दूसरे स्थान पर पुनर्वास करने की मांग की

# कनकनी कोलियरी प्रबंधन ने शुरू की विटी सेंटर को ध्वस्त करने की प्रक्रिया, ग्रामीणों का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** कनकनी कोलियरी प्रबंधन की ओर से रविवार को सेंद्रा स्थित विटी सेंटर को ध्वस्त करने के लिए दरवाजे और खिड़कियां उखाड़ लिए गए। इसके बाद इस श्रमिक कालोनियों में लोगों को रहना बहुत मुश्किल हो जाएगा। इस स्थान पर प्रबंधन का कांटा घर बनाने की योजना है। खिड़की और दरवाजे उखाड़ने के दौरान और प्रबंधन और ग्रामीण थोड़ी देर के लिए आमने-सामने हो गए। ग्रामीणों का कहना था कि उक्त भवन को तोड़ने से पहले यहां के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पुर्नवास किया जाए। हालांकि प्रबंधन के सामने ग्रामीण ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। सुबह 11 बजे कोलियरी प्रबंधक गोपाल जी व


वीटी सेंटर को ध्वस्त करते मजदूर।

अन्य अधिकारी मजदूरों के साथ विटी सेंटर पहुंचे। मजदूर दीवारों को तोड़ कर दरवाजे और खिड़कियों को निकालना शुरू कर दिये। दरवाजे और खिड़कियों को वर्कशाप में रखा गया।हालांकि इस दौरान कई लोगों को दरवाजा और खिड़कियों को अपने घर ले जाते हुए भी देखा गया। इस विटी सेंटर में बूथ संख्या 336 नंबर का मतदान केंद्र था। जहां लोग अपने मताधिकार का प्रयोग किया करते थे। अब देखना होगा कि मतदान केंद्र कहां पर बनाया जाता है। बताया गया की तीन-चार दिन पहले ही कोलियरी प्रबंधन द्वारा विटी सेंटर को जीएम बंगला में शिफ्ट कर दिया गया है। जहां मजदूरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रबंधन के अनुसार कुछ ही दिनों बाद कनकनी कोलियरी कार्यालय को भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। प्रबंधन द्वारा इसकी भी तैयारी कर ली गयी है। अब वह दिन दूर नहीं जब यह इलाका पूरी तरह से विरान हो जाएगा। लोगों को एक न एक दिन खुद से ही यहां से छोड़ कर दूसरी जगह जाना होगा।

### वीटी सेंटर ध्वस्त कर बनाया जाएगा वे ब्रिज

इस संबंध में कनकनी कोलियरी के पीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि विटी सेंटर को जीएम बंगला में शिफ्ट कर दिया गया है। इसे ध्वस्त कर वे ब्रिज बनाया जाएगा। बहुत जल्द ही कोलियरी कार्यालय को भी हटाया जाएगा।

## संसार में केवल भगवान का नाम ही सत्य है, बाकी सब कुछ नष्ट होने वाला है : गंगा मिश्रा

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सत हरि भजन जगत सब सपना (इस संसार में भगवान का नाम ही सत्य है बाकी सब नष्ट होने वाला है)। मनुष्य को आलस्य त्यागकर भगवान का भजन करना चाहिए। उक्त बाते बांसजोड़ा में चल रहे श्रीश्री शतचंडी महायज्ञ में वृदांवन से आयी प्रवचनकर्ता गंगा मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि जीवन में जैसे भोजन और पैसा कमाना जरूरी है वैसे ही भगवन को याद करना और उनका भजन करना भी जरूरी है। क्योंकि पैसे, रुपए, रिश्तेदार सब एक समय के बाद नहीं रहेंगे। लेकिन भगवान का नाम इस लोक और उस लोक में हमारा साथ देता रहेगा। उक्त बातें रामचरित मानस में भी कहा गया है। आजकल लोग भगवान के नाम में आलसी ज्यादा हो गए है। बाकी कार्य तो अच्छे से करते हैं



पर जब भगवान की बारी आती है तो कहते हैं कि हो जायेगा। बुढ़ापे में कर लेंगे। इसी कारण दुख झेलना पड़ता है। इस मौके पर राजकुमार महतो, असलम मंसूरी, रवि चौबे, पंडित संतोष उपाध्याय, श्यामा पंडित, रामाशंकर महतो, शंकर तुरी, मनोज कुशवाहा, रामेश्वर तुरी,कृपाशंकर सिंह, टूलू साव, मुकेश साव, राहुल पांडेय, गौतम रजक आदि मौजूद थे।

# किट ने पटिआ के 125 बेरोजगार युवकों को नियुक्ति पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** किट व किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने शनिवार को पटिआ गांव के 125 बेरोजगार युवकों को नियुक्ति पत्र सौंपा, जिससे गांव से किट परिवार में लगे कर्मचारियों की संख्या 325 हो गयी है। आज हम सभी के लिए खुशी का पल है।

डॉ सामंत ने कहा कि गांव के नागरिकों द्वारा इस संबंध में अनुरोध किये जाने के बाद हमने पाटिआ गांव के 125 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया है। उन्होंने कहा कि देश में सीखने के प्रमुख केंद्रों में से एक ही।

किट का रूपांतरण पटिआ के ग्रामीणों के समर्थन के बिना संभव नहीं हो सकता था। इस अवसर पर उपस्थित पाटिआ ग्राम मंगला समिति एवं समिति के पदाधिकारियों के सक्रिय सहयोग से आयोजित मेगा जॉब फेयर में नियुक्ति पत्र सौंपे गये। इनमें पटिआ ग्राम मंगल समिति के वार्ड नंबर 3 लक्ष्मीप्रिया परिडा, नृसिंह राउत, चितरंजन पात्र, संतोष परिडा, अमूल्य जेना और बिष्णु पात्र उपस्थित थे। पिछले साल अपने गांव के दौरे के दौरान, संस्थापक ने ग्रामीणों को किट में बेरोजगार युवाओं को शामिल करने की उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। अभी तक गांव के 225 लोग किट, किस और किम्स में काम कर रहे हैं। पाटिआ गांव के किट, किस और किम्स में कर्मचारियों की कुल संख्या अब 325 हो गयी है।

संस्थापक ने कहा कि यह एक रिकॉर्ड है कि गांवों के इतने सारे युवाओं को एक संस्थान में रोजगार मिला है।

ग्राम मंगल समिति के सदस्यों ने किट डीयू को पटिआ गांव को पहचान दिलाने और इसके तीव्र विकास और विकास का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि संस्थापक का गांव के लोगों से गहरा लगाव है।

## बारिश में घर की दीवार गिरी
## चार माह की बच्ची की मौत
## मां-बाप गंभीर रूप से घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर (मालकानगिरी)।** बारिश के कारण घर की दीवार गिर जाने से बच्ची की मौत हो गयी। उसकी मां एवं पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। ये घटना मालकानगिरी जिले के पड़िया प्रखंड के माटेरू पंचायत के मेटागुड़ा में हुई। मकान की दीवार गिरने से एक बच्ची की मौत हो गयी, जबकि बच्ची की मां-पिता दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

मेटागुड़ा निवासी आइता माड़कामी, उनकी पत्नी और 4 महीने की बेटी स्वाति रविवार की सुबह घर में सो रहे थे। अचानक घर की दीवार टूट कर उन पर गिर पड़ी। इसी दौरान आइता के परिजनों की चीख पुकार सुन कर पड़ोसियों ने आकर उन्हें बचाये। गांववालों ने गंभीर हालत में आइता और उनकी पत्नी को तत्काल पड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। सूचना पाकर पड़िया बीडीओ रामकृष्ण नायक स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे हैं और कहा कि परिवार को सरकारी सहायता प्रदान की जायेगी।

# पूरे रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण करने और 2030 तक पूर्णतः शून्य कार्बन उत्सर्जक बनने के मिशन पर है खोरधा रोड मंडल

**खोरधा रोड मंडल पर विद्युतीकरण से सालाना 2,78,250 टन कार्बन फुटप्रिंट की बचत की जाती है**

**वार्षिक डीजल बिल में 814.20 करोड़ की कमी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खोरधा रोड।** भारत ने कम कार्बन वाले आर्थिक विकास की राह पर पहले कदम के रूप में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये हैं। महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों में भारतीय रेल एक है, जो 2030 तक पूर्णतः शून्य कार्बन उत्सर्जन को पूरा करने के भारत के प्रयासों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगा। विद्युत कर्षण परिवहन का पर्यावरण अनुकूल, प्रदूषण मुक्त और एक ऊर्जा कुशल तरीका है तथा ऊर्जा के स्रोत के रूप में जीवाश्म ईंधन का एक उत्कृष्ट विकल्प प्रदान करता है।

पूर्णतः शून्य कार्बन उत्सर्जन हेतु भारतीय रेलवे के लक्ष्य को गति देते हुए, पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मंडल में विद्युतीकरण कार्य जुलाई 1998 में पलासा ओर से शुरू हुआ था। खोरधा रोड मंडल पूर्व तट रेलवे का सन राइज डिवीजन है, जो हावड़ा-चेन्नई ट्रंक रूट में पड़ता है। प्रतिदिन मंडल औसत आधार पर 159 नग कोचिंग ट्रेनों और 307 नग माल गाड़ियों का संचालन कर रहा है। यह तीन प्रमुख बंदरगाहों यानी पारादीप, धामरा, गोपालपुर, कोयला खदानों, लौह अयस्क की खदानों और कई इस्पात संयंत्रों को सेवा प्रदान करता है। खोरधा रोड मंडल भारतीय रेलवे के शीर्ष तीन लोडिंग मंडलों में से एक है। मंडल के प्रमुख सेक्शन भद्रक- खोरधा रोड, खोरधा रोड -पलासा, खोरधा रोड - पुरी, खोरधा रोड - नुआगांव, कटक-पारादीप, बारंग-राजआठगढ़, निर्गुंडी-तालचेर-केरजंग, जखपुरा-जरोली आदि हैं।

वर्ष 2012 में खोरधा रोड मंडल का विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया था। 1141 रूट किलोमीटर और 3160 ट्रैक किलोमीटर का विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया था। खोरधा रोड मंडल में सभी कोचिंग ट्रेनें और 95% से अधिक मालगाड़ियां विद्युत कर्षण से चल रही हैं। मंडल के सभी साइडिंग का विद्युतीकरण भी कर दिया गया है। मंडल के 100% विद्युतीकरण के एक हिस्से के रूप में, 19 ट्रैक्शन सब स्टेशन स्थापित किये गये हैं, जो ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचइ) को 25 केवी बिजली की आपूर्ति करते हैं। ओएचई के रखरखाव के लिए 20 टावर वैगन हैं। मंडल का संपत्ति से कर्मचारी का अनुपात भारतीय रेलवे में सबसे कम है।

मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रॉय ने कहा कि 100% विद्युतीकरण के कारण, खोरधा रोड मंडल 278250 टन कार्बन फुटप्रिंट और वार्षिक डीजल बिल में लगभग 814.204 करोड़ बचाने में सक्षम हो सका।

खोरधारोड मंडल ने ओवर हेड उपकरणों की विश्वसनीयता के लिए कई प्रणाली सुधार और नवीन विचारों की शुरुआत की है, जैसे बिना पावर ब्लॉक के हॉटलाइन इंसुलेटर की सफाई, ओएचई ब्रेक डाउन की त्वरित बहाली के लिए क्रेन माउंटेड ट्रक, ओएचई ट्रिपिंग को रोकने के लिए इंसुलेटर की नियमित पेंटिंग, बिजली के कारण ओएचई ब्रेकडाउन को रोकने के लिए डिस्कनेक्टर असेंब्लियों का प्रावधान, लोडिंग/अनलोडिंग क्षेत्रों में संपर्क तार की ऊंचाई बढ़ा दी गयी है। प्रदूषित और खारे क्षेत्रों में ओएचई ट्रिपिंग से बचने के लिए पोसेर्लेन इंसुलेटर को कंपोजिट इंसुलेटर से बदल दिया गया है और बिना रेक के आगे और पीछे किए 61 वैगनों को समायोजित करने के लिए लोडिंग प्लेटफॉर्म ओएचई का विस्तार कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, मंडल विभिन्न रेलवे स्टेशनों और सेवा भवनों में सौर पैनल स्थापित करके पर्यावरण के अनुकूल मोड के लिए वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने हीराकुंड पत्थल लाइन के बाबूलाल को व्हील चेयर दिया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल जागृति महिला मंडल ने जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह और उपाध्यक्षा अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा के निर्देशन से बाबूलाल को व्हील चेयर प्रदान किया गया। हीराकुड पत्थल लाइन के निवासी बाबूलाल निशक्त वृद्ध हैं। चलने में असमर्थ हैं। इनके रिश्तेदार ने जागृति महिला मंडल से एक व्हील चेयर देने की प्रार्थना की। इस आशा के साथ की उनकी दिनचर्या और रोजमर्रा की जिदंगी में मददगार साबित होगी।

## झारसुगुड़ा के पूर्व विधायक वीरेंद्र चंद्र पांडे का निधन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुड़ा के पूर्व विधायक बीरेंद्र चंद्र पांडे का निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। वे झारसुगुड़ा कांग्रेस पार्टी से तीन बार विधायक चुने गये थे। वह 1980, 1985 और 1995 में विधायक रहे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उनके निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि झारसुगुड़ा के पूर्व विधायक वीरेंद्र चंद्र पांडे के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। जनप्रतिनिधि के रूप में उनके कार्यों को हमेशा याद किया जायेगा।























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**